RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 277 ■ मुंबई, मंगलवार 29 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



सिंधु संधि पर भारत का नया रुख
पेज-4



काशी के मंदिरों में विधि-विधान से मनेगा परशुराम जन्मोत्सव
पेज-6



अक्षय तृतीया पर दान पुण्य से लेकर सोना खरीदने की परम्परा
पेज-8



पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों के यूट्यूब चैनल भारत में प्रतिबंधित
पेज-9

## Short News एक नजर

### जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले की सुनवाई टली

**संभल।** संभल जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने और हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार देने का दावा पेश किया गया है। इसके बाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट ने मस्जिद का सर्वे कराने का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी ने इस आदेश पर सुप्रीम कोर्ट में आपत्ति दाखिल की, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट में मामले की सुनवाई पर रोक लगा दी।

### नए पोप को चुनने का कॉन्क्लेव 7 से शुरू होगा

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस का उत्तराधिकारी यानी नया पोप ढूंढ़ने के लिए वेटिकन में 7 मई से कॉन्क्लेव शुरू होगा। 80 साल से कम उम्र के कार्डिनल्स सीक्रेट बैलेट के जरिए वोट डाल पाएंगे। 252 कार्डिनल्स में से करीब 130 ही वोट डाल सकते हैं। पोप चुने जाने के लिए दो-तिहाई बहुमत मिलना जरूरी है।

### यमन में अमेरिकी हमले में 68 की मौत, 47 लोग घायल

**सना।** यमन के उत्तरी प्रांत सादा में सोमवार को अमेरिकी हमले में 68 लोगों की मौत हो गई है। ये हमला अफ्रीकी प्रवासियों को रखने वाले एक डिटेंशन सेंटर पर किया गया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जेल में 115 कैदी थे, जिनमें से 47 घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इनमें से ज्यादातर की हालत गंभीर बताई जा रही है। यमन की अल मसीरा टीवी ने इस हमले की जो फुटेज जारी की है, उसमें सादा में डिटेंशन सेंटर पर बमबारी के बाद मलबे में पड़े कई शव दिखाई दे रहे हैं।

### पुतिन ने 3 दिन के एकतरफा सीजफायर का ऐलान किया

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के साथ 3 दिन के एकतरफा सीजफायर का ऐलान किया है। यह सीजफायर 8 मई से लागू होगा। पुतिन ने यूक्रेन से भी ऐसा ही करने की उम्मीद जताई है। इससे पहले रूस ने ईस्टर के मौके पर 20 अप्रैल को एक दिन के सीजफायर का ऐलान किया था। यह सीजफायर रूस के 80वें विक्ट्री डे के मौके पर किया जा रहा है। रूस सेकेंड वर्ल्ड वॉर में नाजी जर्मनी पर जीत के जश्न के तौर पर हर साल 8 मई को विक्ट्री डे परेड का आयोजन करता है।

### CM सिद्धारमैया ने एडिशनल SP पर उठाया हाथ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगावी में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा में गड़बड़ी होने और बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाए जाने पर सिद्धारमैया अपने गुस्से को काबू में नहीं रख पाए। मंच पर उन्होंने कर्नाटक पुलिस के एक अफसर पर हाथ उठा दिया।

# भारत का खौफ...पगलाया पाक

## पाक के रक्षा मंत्री बोले-'हम हाई अलर्ट पर, भारत सैन्य हमला करेगा'



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पहलगाम हमले को सोमवार को 7 दिन हो गए हैं। दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक हलचल नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच पीएम आवास में 40 मिनट तक मीटिंग हुई। उधर, रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में हुई। इसमें राहुल गांधी भी शामिल थे। यहां पर पाक पर कार्रवाई को लेकर रणनीति बनाई गयी जिसे लेकर पाकिस्तान में भारत को खौफ छाया है और वह पगलाने वाली स्थिति में पहुंच गया है। इस संकेत पाक से आ रहे बयानों में दिखता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को कबूल कर लिया है। आसिफ ने सोमवार को कहा कि भारत की तरफ से हमला तय है और यह करीब है। भारत के हमले के खतरे को देखते हुए ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान की तैयारियों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'हमने अपने सुरक्षाबलों को मजबूत करना शुरू कर दिया है, क्योंकि भारत की तरफ से हमला निश्चित है। इन हालात में कुछ कूटनीतिक फैसले लेने होंगे और यह फैसले लिए जा रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने भारत की तरफ से किसी भी तरह के आक्रमण की संभावना को लेकर सरकार को जानकारी दी है। हालांकि, आसिफ ने इस मुद्दे पर ज्यादा जानकारी नहीं दी। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है और अगर हमारे अस्तित्व पर खतरा पैदा होता है, तो ही हम अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का इस्तेमाल करेंगे।

### आतंकी ठिकानों को खाली करा रहा पाक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के रुख से पाकिस्तानी सेना में हड़कंप मचा हुआ है। उसे बालाकोट जैसी एयरस्ट्राइक और दूसरी तरह की जवाबी कार्रवाई का खतरा सता रहा है। इसी के मद्देनजर पाक सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में आतंकियों से लॉन्चिंग पैड खाली करने को कहा है। इंटेलिजेंस सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पाक सेना ने आतंकियों को बंकरों में शिफ्ट करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा PoK में कई सक्रिय लॉन्चिंग पैड्स की पहचान करने के तुरंत बाद पाकिस्तानी सेना ने यह कदम उठाया है। इसके तहत आतंकवादियों के ठिकानों में फेरबदल किया गया है। खुफिया इनपुट से संकेत मिलता है कि कब्जे वाले कश्मीर में केल, सरदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा, पच्चीबन, फॉरवर्ड कहुता, कोटली, खुइरट्टा, चमनकोट और जानकोट से आतंकवादियों को स्थानांतरित किया जा रहा है।

### चीन बोला- पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच हो

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि हम मौजूदा तनाव को सामान्य करने के लिए किए प्रयासों का स्वागत करते हैं। हम चाहते हैं कि मामले की निष्पक्ष और न्यायपूर्ण जांच हो। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से सवाल किया गया कि रूसी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तान चाहता है कि पहलगाम हमले की जांच में चीन और रूस शामिल हों। प्रवक्ता ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया।

# अंधेरे में डूबा यूरोप!



## स्पेन-पुर्तगाल-फ्रांस में बिजली गुल, एयरपोर्ट-मेट्रो बंद, मोबाइल नेटवर्क ठप

**महानगर नेटवर्क**
**मैड्रिड/लिस्बन/पेरिस**

यूरोपीय देश स्पेन, पुर्तगाल और फ्रांस में सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे बिजली गुल हो गई। इससे तीनों देशों के मेट्रो, एयरपोर्ट, रेल और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए हैं। इस ब्लैकआउट से लाखों लोग बिना बिजली के रहने पर मजबूर है। पुर्तगाल और स्पेन की राजधानियों में कई मेट्रो ट्रेन स्टेशन के बीच सुरंगों में फंस गई हैं। लोग इन मेट्रो में फंसे हुए हैं। पुर्तगाल पुलिस ने पुष्टि की है कि ट्रेनों का संचालन बंद है, पोर्टो और लिस्बन दोनों शहरों में मेट्रो सेवाएं बंद कर दी गई हैं और पूरे देश में ट्रैफिक सिग्नल भी प्रभावित हुए हैं। कई ऑपरेशन रोकने पड़े हैं।

### ब्लैकआउट की संभावित वजहें

यूरोप की इलेक्ट्रिक ग्रिड में खराबी इस ब्लैकआउट की वजह हो सकती है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम में अलारिक माउंटेन पर आग लग गई है। इससे पेरपिगन और पूर्वी नारबोन के बीच एक हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिसिटी लाइन को नुकसान पहुंचा है। पुर्तगाल की राष्ट्रीय विद्युत कंपनी REN ने कहा है कि इसे पावर आउटरेज का एक संभावित कारण माना जा रहा है।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड की कस्टडी 12 दिन बढ़ी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की कस्टडी 12 दिनों के लिए बढ़ गई है। तहव्वुर राणा को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। NIA ने उसकी हिरासत बढ़ाने के लिए याचिका लगाई थी। NIA तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से अमेरिका से भारत लेकर आई थी। उसका प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ था। 10 अप्रैल को उसे स्पेशल NIA जज चंद्रजीत सिंह ने उसे 18 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। सोमवार को राणा की कस्टडी खत्म होने वाली थी।

तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी FBI ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। NIA ने तहव्वुर राणा को भारत लाने के बाद उसकी यह तस्वीर जारी की थी। हालांकि, इसमें उसका चेहरा नजर नहीं आ रहा था।

# भारत और फ्रांस के बीच राफेल डील साइन

**63 हजार करोड़ रुपए में 26 राफेल मरीन मिलेंगे** | **पहला फाइटर जेट 2028 में भारत पहुंचेगा**



### INS विक्रांत पर तैनात होंगे राफेल मरीन

भारत राफेल मरीन विमानों को INS विक्रांत पर तैनात करेगा। विमान बनाने वाली कंपनी दसॉ एविएशन ने इन विमानों में भारत की जरूरत के हिसाब से कई बदलाव किए हैं। इसमें एंटी शिप स्ट्राइक, न्यूक्लियर हथियार लॉन्च करने की क्षमता और 10 घंटे तक फ्लाइट रिकॉर्ड करने जैसे फीचर शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी भारत को हथियार प्रणाली, स्पेयर पार्ट्स और एयरक्राफ्ट के जरूरी टूल्स भी देगी।

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत और फ्रांस के बीच सोमवार को नई दिल्ली में 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हो गई। भारत की तरफ से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने डील पर साइन किए। डील के तहत भारत, फ्रांस से 22 सिंगल सीटर विमान और 4 डबल सीटर विमान खरीदेगा। ये विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस के साथ ये डील करीब 63,000 करोड़ रुपए में हो रही है। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है। विमानों की खरीद को 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) की बैठक में मंजूरी मिली थी। यह मीटिंग पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बुलाई गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन विमानों की डिलीवरी 2028-29 में शुरू होगी और 2031-32 तक सभी विमान भारत पहुंच जाएंगे।

# अश्लीलता पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा- ये गंभीर मुद्दा, सरकार एक्शन ले; केंद्र बोला- नए नियमों पर काम जारी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 OTT-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि OTT और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए।

# 'जले हुए दस्तावेजों का डिजिटल रिकॉर्ड मौजूद...'

## मुंबई कार्यालय में आग के बाद ED ने कहा- कोई जांच प्रभावित नहीं होगी



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कहा कि मुंबई में उसके कार्यालय में लगी आग में कुछ दस्तावेज और फर्नीचर जल गये हैं, लेकिन जांच या सुनवाई में कोई बाधा आने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि फाइलें डिजिटल रूप से भी सुरक्षित हैं। संघीय एजेंसी ने रविवार को लगभग 2:25 बजे बेलॉर्ड एस्टेट में कैसर-ए-हिंद इमारत में स्थित मुंबई जोनल ऑफिस-1 की चौथी मंजिल पर लगी आग पर बयान जारी किया। एजेंसी ने कहा कि प्रथम दृष्टया आग का कारण चौथी मंजिल पर बिजली के बक्सों में शॉर्ट-सर्किट लग रहा है। एजेंसी ने कहा कि वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है। शुरुआती तौर पर पता चलता है कि आग की घटना में कुछ कागजात/दस्तावेज और फर्नीचर आदि जल गया।



गुजरात की टीम से खेलने वाले 14 साल के वैभव ने 17 गेंद पर फिफ्टी और 35 गेंद पर शतक लगा दिया। वे IPL इतिहास में सेंचुरी लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। अब वैभव से आगे क्रिस गेल हैं जिन्होंने 30 गेंदों में सेंचुरी लगाई है।

# 24 नक्सलियों का सरेंडर, 14 पर था 28 लाख का इनाम

**महानगर नेटवर्क**
**बीजापुर**



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ फिर बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को कुल 24 नक्सलियों ने सरेंडर किया है, जिसमें 14 के ऊपर कुल 28.50 लाख का इनाम था। यह आत्मसमर्पण 21 अप्रैल से तेलंगाना की सीमा से लगे बीजापुर के पहाड़ों पर लगभग 24,000 सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलाए जा रहे एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान के बीच हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 11 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'उन्होंने अमानवीय माओवादी विचारधारा से निराशा, उग्रवादियों द्वारा स्थानीय आदिवासियों पर किए जा रहे अत्याचार और प्रतिबंधित संगठन के भीतर बढ़ते मतभेदों का हवाला दिया है।'

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने कहा, 'वे राज्य सरकार की 'नियद नेल्लानार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसका उद्देश्य सुरक्षा शिविरों के आसपास के दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुगम बनाना है।'

# शाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि केस में पक्षकार बने रहेंगे ASI और केंद्र सरकार

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



देश की सर्वोच्च अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को बरकरार रखा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस केस में हिंदू पक्ष की याचिकाओं को लेकर ASI और केंद्र सरकार को भी पक्षकर बना दिया था। इस फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट के फैसले में कोई त्रुटि नहीं है।

# 1 मई को दिन भर मुंबई में रहेंगे पीएम

## वेव्स का उद्घाटन करेंगे, समिट में भाग लेंगे 33 देशों के मंत्री

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कांप्लेक्स स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में आगामी 1 मई को वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 (वेव्स 2025) का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह समिट 4 मई तक आयोजित की गई है। इस बात की जानकारी उद्योग मंत्री उदय सामंत ने यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस होंगे, जिनके नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 मई को पूरा दिन मुंबई में रहेंगे। उनके साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी उपस्थित रहेंगे। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर है। विशेषकर मुंबई की पहचान हिंदी सिनेमा के घर के रूप में होती है। भारतीय सिनेमा के जनक दादासाहेब फालके ने महाराष्ट्र से ही मराठी फिल्म बनाने की शुरुआत की थी। ऐसे में मनोरंजन क्षेत्र में मुंबई अग्रणी शहर है। पिछले तीन साल में महाराष्ट्र विदेशी निवेश में नंबर एक पर है। ऐसे में उद्योग क्षेत्र में महाराष्ट्र और मुंबई एक नंबर पर है। पर्यटन क्षेत्र में भी महाराष्ट्र देश स्तर पर अन्य देशों से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। उद्योग मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में 33 देशों के मंत्री, मंत्रिस्तरीय अधिकारी सहित 120 अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही बॉलीवुड, टॉलीवुड, मराठी सिने जगत के कई दिग्गज कलाकार, फिल्म निर्माता कार्यक्रम में शामिल होंगे। इनका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों का परिसंवाद, राउंड टेबल कांफ्रेंस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। विशेषकर तीसरे दिन 3 मई को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में संगीतकार एआर रहमान का संगीत कार्यक्रम होगा।

# फिर टला बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव!

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक बार फिर टल गया है। जेपी नड्डा अभी कुछ समय के लिए और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले के कारण इस चुनाव को कुछ समय के लिए टाल दिया है। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कब होंगे, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है। यह फैसला पार्टी की शीर्ष इकाई ने लिया है।

# ओवैसी की बिलावल को खरी-खरी | मां बेनजीर भुट्टो और दादा जुल्फिकार को किसने मारा?

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के नेता बिलावल भुट्टो के बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार किया है। ओवैसी ने कहा कि बिलावल भुट्टो को यह याद रखना चाहिए कि उनकी मां बेनजीर भुट्टो और दादा जुल्फिकार अली भुट्टो को किसने मारा था। भारत इस तरह के बयानों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

पाकिस्तान के राजनेता बिलावल भुट्टो जरदारी की 'खून बहेगा' वाली टिप्पणी पर जोरदार हमला करते हुए AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता को याद रखना चाहिए कि उनकी मां और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और उनके दादा पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो को किसने मारा था।

बता दें कि बिलावल भुट्टो 2023 तक पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहे और सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। इस आतंकी हमले में 25 पर्यटक और एक कश्मीरी मारे गए थे।

### बिलावल भुट्टो ने क्या कहा था?

शुक्रवार को एक रैली में बिलावल भुट्टो ने कहा था कि सिंधु हमारी है और हमारी ही रहेगी... या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका खून। बिलावल भुट्टो की इस टिप्पणी पर भारत में कई नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और जमकर निशाना साधा।

# वडेट्टीवार का बयान जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता पर साधा निशाना

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार पर निशाना साधा। वडेट्टीवार ने एक बयान में कहा था कि आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता के बयान ने उन परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है, जिन्होंने इस भयावह हमले में अपने प्रियजनों को खोया है। कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मीडिया से बातचीत में प्रत्यक्षदर्शियों और जीवित बचे लोगों ने दावा किया कि आतंकवादियों ने गैर-मुसलमानों को निशाना बनाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के रिश्तेदारों ने साफ-साफ बताया कि क्या हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वडेट्टीवार उस समय घटनास्थल पर मौजूद भी नहीं थे। फडणवीस ने कहा कि इस तरह के बयान रिश्तेदारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। यह बहुत बुरा है। मुझे नहीं पता कि इसे मूर्खता कहा जाए या नहीं।



### किस दुनिया में रह रहे वडेट्टीवार: बावनकुले

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में वडेट्टीवार के बयान को असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा करार दिया और कहा कि यह 'राष्ट्र-विरोधी मानसिकता' को दर्शाता है। बावनकुले ने सवाल किया कि बार-बार साबित हो चुका है कि कश्मीर में हिंदुओं को निशाना बनाया जाता है, तो यह विजय वडेट्टीवार किस दुनिया में रह रहे हैं? यह दावा करके कि आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता, वडेट्टीवार किसे खुश करने की कोशिश कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि अपने बयान के माध्यम से विजय वडेट्टीवार आतंकवादियों को बचाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का घृणित प्रयास कर रहे हैं। यह न केवल गैर जिम्मेदाराना है बल्कि यह राष्ट्र विरोधी मानसिकता का स्पष्ट उदाहरण है।

### पहले दिया बयान, फिर दिया स्पष्टीकरण

वडेट्टीवार ने पत्रकारों से कहा था कि हमें बताया जा रहा है कि आतंकवादियों ने पहले धर्म पूछा और फिर लोगों को मार डाला। क्या आतंकवादियों के पास इतना समय भी है कि वे किसी के पास जाकर कान में फुसफुसाए? यह बेहद विवादास्पद है, क्योंकि कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि ऐसी चीजें हुई हैं, जबकि अन्य इससे मना कर रहे हैं। आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले और उसके पीछे के कारणों के मूल मुद्दे से ध्यान भटकाना गलत है। वडेट्टीवार ने कहा कि हमारा मानना है कि इस तरह के हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वडेट्टीवार ने कहा कि वहां सुरक्षा क्यों नहीं थी? क्या कोई खुफिया विफलता नहीं थी? क्या यह सरकार की विफलता नहीं है? कोई भी इस बारे में बात नहीं करता। हालांकि, बाद में कांग्रेस नेता ने स्पष्टीकरण जारी किया।

# मुलुंड-ऐरोली जंक्शन के प्रभु श्री राम चौक पर बनेंगे दो नए ब्रिज

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

भाजपा विधायक मिहीर कोटेचा ने सोमवार को मनपा आयुक्त भूषण गगराणी से मुलाकात कर मुलुंड-ऐरोली जंक्शन जिसे प्रभु श्री राम चौक के नाम से जाना जाता है। यहां पर ट्रैफिक की बड़ी समस्या है। इस समस्या को दूर करने के लिए दो नए ब्रिज बनाने की मांग रखी। मनपा आयुक्त गगरानी ने दोनों ब्रिज बनाने की तत्वः मंजूरी दे दी है। कोटेचा ने कहा ब्रिज बन जाने से एरोली की ओर जाने वालों को सिंग्नल पर खड़ा नहीं होना पड़ेगा इतना ही नहीं एरोली से मुलुंड की ओर भी बिना रुके जाया जा सकेगा।

पूर्व एक्सप्रेस हाइवे पर मुलुंड -ऐरोली जंक्शन जिसे प्रभु श्री राम चौक कहा जाता है वहां लोगों को सुबह-शाम ट्रैफिक जमा का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए वहां पर दो नई सड़कों के साथ 4 नए फ्री लेफ्ट टर्न सड़कें और दो लेन के केबल स्टे ब्रिज बनाने की मांग मुलुंड के बीजेपी विधायक मिहिर कोटेचा ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी से की। कोटेचा ने बताया कि आयुक्त ने इन प्रोजेक्ट पर सहमति जताई है

### ट्रैफिक समस्या का होगा समाधान



कोटेचा मुलुंड विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गगरानी से मुलाकात की। कोटेचा ने कहा कि प्रभु श्री राम चौक जिसे मुलुंड-ऐरोली जंक्शन के नाम से भी जाना जाता है,वहां प्रतिदिन भारी ट्रैफिक जाम होता है और इसके कारण यात्रियों का समय बर्बाद होता है। इसलिए मुलुंड-ऐरोली जंक्शन पर 4 नए फ्री लेफ्ट टर्न रोड के विकास की मांग की है। इसके बनने से चौक पर ट्रैफिक जाम कम होगा और लोगों का 15 मिनट का समय बचेगा। आयुक्त के सामने ऐरोली की ओर जाने वाली गाड़ियों की भीड़ को कम करने के लिए उसी जंक्शन पर एक और केबल स्टेड ब्रिज का प्रस्ताव रखा है। मौजूदा पूर्व एक्सप्रेस हाईवे पर जंक्शन पर एक दो-तरफा केबल स्टेड ब्रिज का भी प्रस्ताव रखा गया है।

# नालासोपारा में पाकिस्तानी झंडे को लेकर विवाद गहराया

### पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार



**नालासोपारा।** नालासोपारा में कथित पाकिस्तानी झंडा हटाने को लेकर विवाद हो गया है। मामला इतना आगे बढ़ गया कि नालासोपारा पुलिस स्टेशन में तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नालासोपारा निवासी महेंद्र कुमार माली ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध करने के लिए 25 अप्रैल की शाम को नालासोपारा पश्चिम स्थित अपनी इमारत दीप हाइट्स के सामने सड़क के दोनों ओर पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज चिपका दिया था।

कुछ देर बाद तीन युवक वहां स्कूटी से गुजर रहे थे तो उन्होंने सबसे पहले पूछा कि यह झंडा किसने लगा दिया और फिर सड़क पर लगा झंडा उतारने लगे। एक युवक ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह झंडा मुस्लिम समुदाय का है यानी इस्लामिक है। झंडा लगाने वाले महेंद्र कुमार माली ने झंडा उतारने का विरोध किया और स्पष्ट किया कि यह झंडा पाकिस्तान का है, इसे आतंकवादी हमले के विरोध में लगाया गया था। हालांकि, आरोप है कि तीनों ने महेंद्र माली से बहस की, उन्हें गालियां दीं और पाकिस्तान के समर्थन में बातें कीं।

### इन तीन युवकों पर केस

महेंद्र कुमार माली की शिकायत के आधार पर नालासोपारा पुलिस स्टेशन में उस्मान गनी इकबाल सैयद, तौशीद आजाद शेख और अदनान अफसर शेख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) 2023 की धारा 152, 352, 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि यह घटना भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को कमजोर करने का प्रयास था।

### 30 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में आरोपी

फिलहाल इस मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और 30 अप्रैल तक कस्टडी दी गई है। वहीं नालासोपारा पुलिस आगे की जांच कर रही है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 17 लोग घायल हुए थे, इसे लेकर पाकिस्तान के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं।

# एक दिन में तीन अपहरण, भिवंडी में दहशत का माहौल

### भिवंडी बना अपहरण का अड्डा, दररोज लड़के व लड़कियां हो रही हैं लापता

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**

भिवंडी शहर में अपहरण की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब एक ही दिन में दो लड़कियाँ और एक लड़का लापता हो गए है, जिससे शहर में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने तीनों मामलों में अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना शांतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र गैबीनगर खान कंपाउड की है,जहां 17 वर्षीय लड़का हासान नौशाद अंसारी मुंलुड काम करने के लिए घर से निकला था। किन्तु देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। अपहृत लड़के की मॉ सबिना नौशाद अंसारी ने इसकी शिकायत शांतिनगर पुलिस थाने में दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके लड़के को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। यह घटना 22 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे के आसपास घटी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। दूसरी घटना भिवंडी शहर पुलिस थाना क्षेत्र कामतघर, भाग्य नगर की है। 16 वर्षीय रोशनी महेश झा ने घर से मामी के घर का काम करने के लिए निकली थी। किन्तु देर शाम तक वह भी वापस नहीं लौटी। घर वालों ने आसपास के परिसर व मित्र मंडली के यहां उसकी तलाश की किन्तु उसका कुछ पता नहीं चला। अपहृत की मॉ रंजूदेवी महेश झा ने इसकी शिकायत शहर पुलिस थाने में दर्ज कराया है। परिवार वालों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। परिजनों का कहना है कि युवती को बहला-फुसलाकर किसी ने अपने साथ ले गया है।



तीसरी घटना भोईवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के दरगाह रोड़ में सामने आई है, जहाँ 16 वर्षीय युवती नुरी गौसिया मोहम्मद हानिफ शेख दोपहर में दुकान से बरगर लाने गई थी, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। लगातार हो रही अपहरण की घटनाओं से भिवंडी के नागरिकों में डर का माहौल बन गया है। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। भिवंडी पुलिस पर भी इन मामलों को लेकर तेजी से कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।

# रानीबाग चिड़िया घर में नए तीन पेंग्विन का हुआ जन्म

### कुल पेंग्विन की संख्या 21 हो गई



**मुंबई।** भायखला स्थित वीरमाता जीजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान और प्राणी संग्रहालय रानीबाग में तीन हम्बोल्ट पेंगुइन के बच्चों का जन्म हुआ है। तीन नए पेंग्विन के जन्म होने से रानीबाग में कुल पेंग्विन पक्षी की संख्या 21 पहुंच गई है। इन नन्हे पेंगुइनों का नाम टॉम, पिंगू और नॉडी रखा गया है और यह अब लगभग दो महीने के हो चुके हैं। चिड़िया घर के अधिकारियों ने जानकारी दी कि टॉम नाम इसलिए चुना गया क्योंकि जून 2023 में जन्मे अंतिम चूजे का नाम जेरी रखा गया था उसकी जोड़ी के लिए अब टॉम और जेरी की जोड़ी बन गई है। लंबे समय से जू में रह रहे पेंगुइन जोड़ी डोनाल्ड और डेज़ी ने इस प्रजनन सत्र में पहली बार दो उपजाऊ अंडे दिए जिनसे क्रमशः 7 मार्च को टॉम और 11 मार्च को पिंगू का जन्म हुआ। जू के एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले उनके अंडे या तो निष्फल रहते थे या चूजे नहीं निकलते थे। इस बार दोनों अंडों से स्वस्थ बच्चे निकले। टॉम जो पहले जन्मा है माता-पिता से अधिक भोजन मांगता है। जबकि पिंगू को टीम द्वारा अतिरिक्त सहायता दी जाती है। वहीं एक और पेंगुइन जोड़ी पोपाय और ऑलिव ने भी 3 मार्च को एक चूजे नॉडी को जन्म दिया। तीनों नन्हे पेंगुइन अभी माता-पिता की देखरेख में घोंसले वाले क्षेत्र में हैं और लगभग तीन महीने के हो जाने पर पूल क्षेत्र में घूमने लगेंगे। इन नए तीन चूजे के आगमन के साथ भायखला चिड़िया घर में पेंग्विन की कुल संख्या 21 हो गई है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन

**भायंदर।** परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज फाउंडेशन द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया है। भायंदर केशव सृष्टि बस स्टाप स्थित डोंगरी पालखड़ी में यह आयोजन रखा गया है । इस आयोजन में सुबह भगवान परशुराम की प्रतिमा के आगमन के प्रश्चात अभिषेक एवं पूजन किया जाएंगा । सुबह 10 बजे 1008 हनुमान चालीसा का पाठ , दोपहर 1 बजे से हवन , 3 बजे से सुंदरकांड का पाठ, शाम 6 बजे आरती के प्रश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया है । ब्राह्मण समाज फाउंडेशन के संस्थापक सत्येंद्र शर्मा एवं आयोजक सुनीला शर्मा ने सभी को इस आयोजन में शामिल होने का निवेदन किया है।

# पुलिस की नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

### करोड़ों का ड्रग्स जब्त ■ विदेशी नागरिक भी गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**नालासोपारा**

मीरा भायदर- वसई विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में पिछले कई महीनों से चल रहे अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में तुलिंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पिछले तीन महीनों में विभिन्न कार्रवाइयों के दौरान करोड़ों रुपए के एम.डी. ड्रग्स की खेप बरामद की है और इस मामले में पांच नाइजीरियन और चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। तुलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नालासोपारा क्षेत्र में युवा पीढ़ी में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए पुलिस विभाग ने यह मुहिम छेड़ी है। पिछले तीन महीनों में तुलिंज पुलिस की टीम ने डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का एम.डी. ड्रग्स जब्त किया है। इसके साथ ही, पुलिस ने 5 लाख रुपये से अधिक का प्रतिबंधित अवैध गुटखा और डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा की अवैध शराब भी बरामद की है।



# इमारत की आठवीं मंजिल से गिरकर वाचमैन की मृत्यु

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

भायखला इलाके में स्थित चिंतामणि को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में 27 अप्रैल की रात एक दुखद घटना सामने आयी है। रात लगभग 8 बजे के आसपास,इमारत की बिजली चली गई, जिससे लिफ्टों का संचालन बंद हो गया। इस इमारत में कुल तीन लिफ्ट हैं, जिनमें से बीच की लिफ्ट में यह हादसा हुआ।

बिजली जाने के कारण लिफ्ट अचानक बंद हो गई थी और वह 10वीं मंजिल पर अटक गई थी।

### लिफ्ट बंद होने पर वाचमैन खोलने गया था दरवाजा



घटना की जानकारी मिलने के बाद वाचमन धर्मनाथ चतुर्गुण गुप्ता (60), स्थिति का जायजा लेने के लिए सातवीं या आठवीं मंजिल तक पहुंचे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्होंने अंधेरे में चाबी से लिफ्ट का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। इस दौरान,अंधेरे और असंतुलन के कारण उनका पांव फिसल गया और वे लिफ्ट के डक्ट (खाली जगह) में गिर गए। इस दुर्घटना में धर्मनाथ गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

फिलहाल एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में एडीआर दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# सेवा हक दिन का आयोजन



**भायंदर।** मीरा - भायंदर महानगरपालिक के आयुक्त राधाबिनोद शर्मा के मार्गदर्शन में सेवा हक दिन का आयोजन किया गया। सेवा हक दिन के अवसर पर मनपा के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारीयों ने नागरिकों को समय पर एवं प्रभावी सेवा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त डॉ. सचिन बांगर, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे, शहर अभियंता दिपक खांबित, राज धरत, कार्यकारी अभियंता नितीन मुकणे, सामान्य प्रशासन अधिकारी सुनील यादव, वैधकीय आरोग्य अधिकारी डॉ. प्रमोद पडवल सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कांबले उपस्थित थे। मनपा के जनसंपर्क विभाग द्वारा जानकारी दी गयी की महाराष्ट्र लोकसेवा हक अधिनियम 2015 के अंतर्गत शासन एवं स्वराज्य संस्थाओं द्वारा नागरिकों को समय पर पारदर्शक एवं प्रभावी सेवा मिले इसी आधार पर मनपा द्वारा काम किया जा रहा हैं।

# भिवंडी में अग्नि तांडव, खाद्यतेल और वनस्पति घी के गोदाम में भीषण आग

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**

भिवंडी में लगातार बढ़ते अग्निकांडों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिन पहले स्वागत कॉम्प्लेक्स में लगी आग के बाद अब एक और भीषण आग की घटना सामने आई है। भिवंडी के पारसनाथ वेयरहाउस बिल्डिंग नंबर आठ स्थित गाला नंबर 6 में स्थित खाद्यतेल और वनस्पति घी के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयंकर थीं कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद से अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दीं। भिवंडी अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को बुझाने के लिए पूरे जोर-शोर से काम कर रही हैं। हालांकि, आग के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन इस आग ने आसपास के इलाके को हिलाकर रख दिया।इस घटना की सूचना मिलते ही नारपोली पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। राहत की बात यह रही कि आग को नियंत्रण में लाया जा चुका है और अब कोई भी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है।



# चोरी के शक में दो नाबालिगों पर टूटा कहर, भीड़ ने बेरहमी से पीटा

### 13 नामदज और तीन से चार अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

**भिवंडी।** भिवंडी शहर के शास्त्रीनगर पाचु कंपाउड इलाके में चोरी के संदेह के चलते एक 16 वर्षीय युवक व उसके मित्र को बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 13 नामजद सहित चार से पांच अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगल बाजार स्लैब, राबिया मस्जिद के पास के रहने वाले दानिश सिकंदर मोमिन (16) अपने मित्र जुनैद नुरूलहसन सिद्दीकी (16) साथ कल रविवार सुबह 11बजे काम के नियत से बुशरा अपार्टमेंट, पाचु कंपाउड, शास्त्रीनगर गया हुआ था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उस पर चोरी का शक जताया और उसे पकड़ लिया। वहां पर रमजान आकिब कुरेशी, आविब कुरेशी, दानिश कुरेशी,पापा कुरेशी, नेहा कुरेशी, आशीया कुरेशी, रेश्मा कुरेशी, गुमची कुरेशी, नदीम, इम्तियाज़, इम्तियाज़ के भाई का लड़का, अफान और अन्य ने मिलकर दोनों युवकों को लात घुसे व लकड़ी के डंडे से मारा। जिसकी जानकारी मिलने ने दानिश मोमिन की मॉ नगमा सिंकदर मोमिन ने इसकी शिकायत शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है।

# ईओडब्ल्यू की चार्जशीट और ग्रांट थॉर्नटन रिपोर्ट से बड़े खुलासे

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक घोटाले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दायर चार्जशीट और फॉरेंसिक ऑडिट ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट से घोटाले के गहरे और सुनियोजित षड्यंत्र का खुलासा हुआ है। दस्तावेजों के अनुसार, बैंक अधिकारियों ने नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए जानबूझकर अनेक खातों को एनपीए घोषित नहीं किया और वित्तीय स्थिति को छिपाने के लिए रिकॉर्ड में बड़े स्तर पर हेरफेर की। ईओडब्ल्यू चार्जशीट में बड़े खुलासे से कई खातों में ब्याज भुगतान दो तिमाहियों से अधिक समय तक लंबित रहा और उन्हें 31 मार्च 2019 तक नियमित नहीं किया गया। बैंक ने इन खातों को एनपीए घोषित नहीं किया जब तक कि आरबीआई ने ऑडिट कर घोटाले का पर्दाफाश नहीं किया। दर्जनों ऐसे खाते सामने आए जो वर्षों तक अनियमित रहे और बैंक प्रबंधन ने इन्हें जानबूझकर छुपाए रखा। ग्रांट थॉर्नटन रिपोर्ट से बड़े खुलासे में बैंक द्वारा एचडीआईएल और उससे जुड़ी संस्थाओं को दिए गए 41 ऋण खाते 90 दिनों से अधिक समय तक बकाया रहे, पर उन्हें एनपीए घोषित नहीं किया गया। रिपोर्ट में 2002 से भी एनपीए था लेकिन बैंक प्रबंधन उन्हें छिपाए रखा। ऐसी कंपनियों की के खातों पर 3271.84 करोड़ का ब्याज बकाया होते हुए भी मार्च 2019 तक बही खातों में दिखाया गया।

# राजेंद्र पवार महावितरण के निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार संभाला

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महावितरण कंपनी के निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में राजेंद्र पवार ने शुक्रवार को कार्यभार संभाला। उन्हें इस पद के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है। इससे पहले वह पुणे सर्कल के मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत थे। महावितरण में 36 वर्षों का अनुभव रखने वाले नवनियुक्त निदेशक (मानव संसाधन) राजेंद्र पवार मूल रूप से भौर (तेल. देओला, जिला. नाशिक) के निवासी हैं,उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे (सीओईपी) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री विशिष्टता के साथ पूरी की है। फिर 1989 में तत्कालीन एम.रेजीडेंट. वाशी (पेण तालुका) में विद्युत बोर्ड में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हुए। इसके बाद उन्हें सहायक अभियंता और उप कार्यकारी अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया। 2011 में सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उन्हें कार्यकारी अभियंता के रूप में चुना गया था। इस दौरान उन्होंने पेण, कलवन, नाशिक, पनवेल और कल्याण में काम किया है। उन्होंने नागपुर और पुणे में अधीक्षण अभियंता के रूप में भी काम किया है। पिछले ढाई साल से पवार पुणे सर्कल के मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत थे। निदेशक (मानव संसाधन) राजेंद्र पवार ने अपनी पिछली सेवा में जनोन्मुख प्रशासन, ग्राहक सेवा और मानव संसाधन प्रबंधन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।



# एसुस और विद्या संस्था ने शुरू की अनोखी पहल

**मुंबई।** टेक्नोलॉजी दिग्गज एसुस ने विद्या संस्था के साथ मिलकर एक महत्वाकांक्षी डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत पश्चिम भारत के पिछड़े इलाकों के 6000 से अधिक वंचित बच्चों और युवाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाया जाएगा,जिससे उनके भविष्य को नई दिशा मिल सकेगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 10 तक के 6,130 बच्चों और युवाओं को इंटरैक्टिव और प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण विधियों के माध्यम से आवश्यक डिजिटल ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। यूनाइटेड नेशंस के डिजिटल लिटरेसी फ्रेमवर्क पर आधारित इस पाठ्यक्रम को बच्चों की उम्र के अनुसार विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इस पहल का पहला चरण मुंबई में शुरू होगा, जिसके बाद इसे गोवा और गुजरात में भी लागू किया जाएगा। अपनी स्थापना के बाद से ही एसुस भारत में नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।



# देश में चमड़ा श्रमिक समुदाय की एकता जरूरीः बाबूराव माने

**मुंबई।** चमड़ा कारीगर समुदाय देश भर में कई जातियों और उपजातियों जैसे चर्मकार,होलार,ढोर,माडिगा,मोची में बिखरा हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि इन सभी जातियों और उपजातियों का चमड़े से रिश्ता है। तो फिर जातियां अलग-अलग क्यों हैं? हम सब एक हैं। हम एकता बनाए रखेंगे तभी सरकार पर दबाव डाल पाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय चर्मकार संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराव माने ने चर्मकार समुदाय की एकता के लिए देश में आंदोलन खड़ा करने की अपील की। यह भव्य सभा शनिवार शाम को धारावी के मनोहर जोशी कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय चर्मकार संघ के मुंबई राज्य अध्यक्ष विलास गोरेगांवकर के नेतृत्व में उनके साथी पदाधिकारियों द्वारा आयोजित की गई थी। उस समय माने बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं में फुले, साहू, अंबेडकर आंदोलन कार्यकर्ता और लेखिका आशालता कांबले,राष्ट्रीय चर्मकार संघ के महासचिव गणेश खिलारे, महिला प्रदेश अध्यक्ष शारदाताई नवले, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रामभाऊ कदम, रावण गायकवाड़, अंकुश करांडे, सुधीर बामने, अमर शिंदे, सचिन जाधव, दीपक भोसले, पूर्व मंत्री सूर्यकांत गवली, मीराताई शिंदे,परशुराम इंगोले, ज्ञानोबा माने, जियालाल जयसवाल शामिल थे।



# झोपड़ावासियों को मिलेगी बड़ी राहत

## 15 दिन में मिल जाएगा उत्तराधिकार पत्र ■ एसआरए की चार सेवाएं ऑनलाइन

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र लोक सेवा अधिकार दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण मुंबई की चार ऑनलाइन सेवाओं से युक्त स्वचालित प्रणाली का उद्घाटन किया। सह्याद्रि अतिथि गृह में आयोजित कार्यक्रम में गृह निर्माण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वलसा नायर सिंह, प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. महेंद्र कल्याणकर सहित अन्य उपस्थित थे। जिन चार सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है,इनमें सबसे महत्वपूर्ण उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र स्वचालन प्रणाली है। उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र स्वचालन प्रणाली (ऑनलाइन कानूनी उत्तराधिकारी आवेदन) परिशिष्ट-2 झोपड़पट्टी धारकों की पात्रता सूची है। अब पात्र व्यक्तियों की मौत हो जाने पर उत्तराधिकारियों को 15 दिन के भीतर ऑनलाइन उत्तराधिकार पत्र प्राप्त हो जाएगा। परिशिष्ट 2 में झोपड़पट्टी धारकों की पात्रता सूची है। पात्र व्यक्ति की मौत हो जाने पर उत्तराधिकारी के नाम शामिल किए



जाते हैं। इसके लिए झोपड़ी मालिक को स्वयं प्राधिकरण में आकर आवेदन करना होता था, रोजाना लगभग 200 झुग्गीवासी प्राधिकरण के पास आते थे। ऑनलाइन सेवा में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग कंप्यूटर या मोबाइल फोन के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे और उन्हें प्राधिकरण के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा, उत्तराधिकारियों को 15 दिनों के भीतर उत्तराधिकार पत्र ऑनलाइन प्राप्त हो जाएगा। दूसरी ऑनलाइन भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया आवेदन की शुरुआत की गई है। इसमें स्वचालित प्रणाली के माध्यम से भूमि अधिग्रहण के लिए आवेदन दाखिल करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे सहकारी समितियों को सभी प्रक्रियाओं के संबंध में मामले की स्थिति की जानकारी समय पर उनके मोबाइल फोन पर मिल सकेगी। यह प्रणाली उद्योग-अनुकूल वातावरण के लिए उपयोगी होगी। इसके अलावा सरकार ने ऑनलाइन आस्थगित भूमि प्रीमियम आवेदन और पत्र ट्रैकिंग और पत्र व्यवहार पंजीयन प्रणाली भी शुरू की है। भूमि प्रीमियम प्रणाली में पहले डेवलपर्स को समय-समय पर प्राधिकरण को प्रीमियम का भुगतान करना पड़ता है। प्राधिकरण ने इस अधिभार के संबंध में विस्तार योजना लागू की है। इसके लिए प्राधिकरण ने एक स्वचालित प्रणाली शुरू की है। चौथी पत्र ट्रैकिंग और पत्र व्यवहार पंजीयन प्रणाली में प्राधिकरण में आने वाले झुग्गीवासियों के पत्रों और शिकायत आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा और उनकी वर्तमान स्थिति उनके मोबाइल फोन पर उपलब्ध होगी।

### 15 अगस्त तक सभी सरकारी सेवाएं ऑनलाइन करें: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र लोक सेवा अधिनियम को लोकाभिमुख बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि 15 अगस्त 2025 तक शासन की सभी सेवाओं को ऑनलाइन लाना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने वाले विभागों पर प्रत्येक सेवा के लिए प्रतिदिन एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के दौरान ही सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी जाए, इसके लिए इस अधिनियम को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि इस अधिनियम के तहत 1000 से अधिक सेवाएं अधिसूचित की गई हैं, जिनमें से 583 सेवाएं पहले ही ऑनलाइन हैं। अभी भी 306 सेवाओं को ऑनलाइन लाना बाकी है और 125 सेवाएं, जो ऑनलाइन हैं, उन्हें साझा पोर्टल पर उपलब्ध कराना शेष है, इसलिए सभी विभागों को 15 अगस्त 2025 तक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। फडणवीस ने बताया कि बीते दस वर्षों में तकनीक ने तेज़ी से प्रगति की है। मंत्रालय में चेहरा सत्यापन एप से भीड़ में भारी कमी आई है। यदि सभी सेवाएं व्हॉट्सऐप और वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध होंगी, तो शिकायतें कम होंगी और नागरिकों का जीवन आसान बनेगा।

# हम 2028 तक बुलेट ट्रेन में यात्रा कर सकेंगे: फडणवीस

महानगर संवाददाता
मुंबई

**महाविकास आघाड़ी सरकार के कारण योजना लटकी**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में नई सरकार आने पर मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के काम को गति मिली है और वर्ष 2028 तक बुलेट ट्रेन का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में महाविकास आघाड़ी की सरकार के दौरान ढाई साल तक बुलेट ट्रेन परियोजना का काम लटक गया, जिससे महाराष्ट्र में काम प्रभावित हुआ। बता दें कि जापान के सहयोग से 15 अरब डॉलर की लागत वाली मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अपने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषकों से 50 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाने पर विचार कर रहा है। इसके लिए चार महीने में घोषणा की जाएगी। शिवसेना के उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना फडणवीस ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना को 2022 तक के ढाई वर्ष के शासन के दौरान नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब काम पूरी तेजी से जारी है। फडणवीस ने कहा कि 2028 तक हम बुलेट ट्रेन में यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने स्वीकार किया कि पड़ोसी राज्य गुजरात इस परियोजना के विकास में महाराष्ट्र से आगे है। फडणवीस ने कहा कि 1000 अरब अमेरिकी डॉलर के राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण बहुत महत्वपूर्ण है। 2014-19 के बीच मुख्यमंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल के दौरान बुनियादी ढांचे के निर्माण में 30 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया गया था और अब महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अधिक धन लगाया जा रहा है। वीआरएफ द्वारा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना पर यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वाढवण बंदरगाह अगले तीन से चार वर्ष में चालू हो जाएगा।

# किराया बढ़ोत्तरी का राजनीतिक पार्टियों ने किया विरोध

**मुंबई के बाहर से आने वाली बेस्ट यात्रियों से वसूला जाएगा दो रुपए अतिरिक्त शुल्क**

महानगर संवाददाता
मुंबई

बेस्ट उपक्रम ने छोटे बच्चो का 2019 से बंद किया छूट का किराया अब दोबारा शुरू होगा। बेस्ट प्रशासन ने नया किराया दर लागू जिसकी मंजूरी के लिए परिवहन आयुक्त के पास प्रस्ताव भेजा है। परिवहन आयुक्त से मंजूरी मिलते ही नया किराया दर लागू हो जायेगा। इस किराया दर में 12 साल से कम उम्र के बच्चों को छूट मिलेगी वहीं मुंबई के बाहर मीरा रोड, थाणे और नवी मुंबई से आने वाले यात्रियों से दो रुपए अतिरिक्त शुल्क वसूला जाएगा। यह अतिरिक्त शुल्क पथकर के रूप में वसूली जाएगी। बता दें कि बेस्ट प्रशासन ने वर्ष 2019 में पहली बार बस किराए में कटौती करते हुए 8 रुपए का किराया 5 रुपए किया। बेस्ट ने यहां किराया यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए



किया गया था। बेस्ट प्रशासन ने छह साल बाद बेस्ट बस किराए में बढ़ोत्तरी करने का निणर्य लिया है। मुंबई के बाहर बेस्ट बसों को पथकर में छूट नहीं मिलती है, जिससे बेस्ट को राज्य सरकार को यह कर चुकाना पड़ता है। इस अतिरिक्त भार को देखते हुए यह शुल्क प्रस्तावित किया गया है। बेस्ट प्रशासन ने वर्ष 2019 में नॉन-एसी बसों का भाड़ा पांच रुपये और एसी बसों का भाड़ा छह रुपये किया था। इस दौरान 12 साल से कम उम्र के बच्चों को दी जाने वाली छूट भी बंद कर दी थी। बेस्ट प्रशासन ने अब नया किराया दर लागू करने का निर्णय लिया है।

### बढ़ोत्तरी का विरोध शुरू

मुंबई की जीवन रेखा कही जाने वाली बेस्ट किराए में वृद्धि करने का विरोध शुरु हो गया है। शिवसेना उद्धव गुट के नेता व वर्ली से विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि बेस्ट बस सेवा को सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा पिछले 2-3 वर्षों से जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। अब बेस्ट बसों के किराए में दोगुनी बढ़ोतरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ पार्टी आम मुंबईकरों का दैनिक जीवन कठिन बनाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने कहा कि बेस्ट मुंबईकरों को किफायती सेवा उपलब्ध कराती है। मनपा प्रशासन इस किफायती सेवा को नष्ट करने की साजिश कर रही है। समाजवादी पार्टी इस किराया वृद्धि का कड़ा विरोध करती है।

# श्री विश्वकर्मा मार्ग फलक का अनावरण

**भायंदर।** मीरा - भायंदर शहर के सुथार समाज की मांग को देखते हुए मनपा ने मिरारोड के डाचकूलपाडा में मार्ग का नाम भगवान श्री विश्वकर्मा मार्ग किया है। सुथार समाज के हरीश जांगिड़ इस रोड़ का नाम भगवान विश्वकर्मा के नाम पर करने की मांग कर रहे थे। भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता के सहयोग एवं मार्गदर्शन के बाद इस रोड़ का नामकरण अब श्री विश्वकर्मा मार्ग किया गया है। इस रोड़ के नामकरण फलक का भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने अनावरण किया। इस मौके पर हरिश जांगिड़ के अलावा सुथार समाज के अध्यक्ष जीवाराम सुथार, प्रहलाद सुथार, राणा राम सुथार, सुरेंद्र जांगिड़, अशोक सुथार, हरिश भद्रेचा, ओम विश्वकर्मा आदि मौजूद थे। इस नामकरण के बाद सुथार समाज ने खुशी व्यक्त की और विधायक नरेंद्र मेहता का स्वागत किया। इस नामकरण के लिए समाज के लोगों ने हरिश जांगिड़ का आभार व्यक्त किया है।

# 14 हिंदू पाकिस्तानियों को छोड़ना होगा देश

## दीर्घकालिक वीजा वालों को मिलेगी छूट



महानगर संवाददाता
मुंबई

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। ऐसे में महाराष्ट्र आए 14 हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ना होगा। गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस संबंध में यह महत्वपूर्ण जानकारी दी। महाराष्ट्र में शॉर्ट टर्म वीजा पर 55 पाकिस्तानी नागरिक आए हैं, इनमें से 2 मुस्लिम और 2 हिंदू नागरिक पहले की देश छोड़ चुके हैं।

कई हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों ने केंद्र सरकार से दीर्घकालिक वीजा के लिए आवेदन किया है। ऐसे पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए दी गई समय सीमा के बाद भी महाराष्ट्र में रह सकेंगे। हालांकि गृह विभाग के सूत्रों ने ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या की जानकारी देने से इंकार कर दिया। अल्पावधि वीजा पर महाराष्ट्र आए 55 पाकिस्तानी नागरिकों में से 19 ठाणे में, 18 नागपुर में, 12 जलगांव में, 3 पुणे शहर में, जबकि एक-एक नवी मुंबई, मुंबई और रायगड में रह रहे थे। महाराष्ट्र में रहने वाले कुछ पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं या पुलिस उन्हें ढूंढ नहीं पा रही है। इस सवाल में वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने महाराष्ट्र में रहने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ लिया है। महाराष्ट्र में अभी भी 3-4 हजार पाकिस्तानी नागरिक दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों में से ज्यादातर संख्या सिंधी हिंदुओं की है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि जो लोग वीजा लेकर पाकिस्तान से यहां आए हैं, उनकी पूरी जानकारी सरकार के पास उपलब्ध है। उनकी पहचान भी चुकी है और उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी अवैध रूप से यहां आता हैं तो उसे तलाशने की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। आम तौर पर जितने अवैध बांग्लादेशी पकड़े जाते हैं, उतने अवैध पाकिस्तानी नहीं पकड़े जाते। जो लोग वीजा लेकर आए हैं, उन्हें वापस भेजना है। पुलिस अपना काम अच्छी तरह से कर रही है।

# साकीनाका पुलिस ने किया एमडी ड्रग्स का भंडाफोड़

**सीमेंट फेक्ट्री की आड़ में चल रहा था धंधा**



**मुंबई।** साकीनाका पुलिस की अंमली पदार्थ विरोधी पथक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 घंटे के भीतर मिरा-भायंदर क्षेत्र के नायगांव पुलिस स्टेशन की सीमा में स्थित एम.के. ग्रीन सिमेंट फैक्ट्री में चल रहे मेफेड्रॉन (एम.डी.) निर्माण कारखाना का पर्दाफाश किया। इस ऑपरेशन में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 8.15 करोड़ रुपये मूल्य के 4 किलो 53 ग्राम एम.डी. ड्रग्स तथा निर्माण में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामग्री जप्त की गई है। 24 अप्रैल को साकीनाका पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा ८(सी), २२(सी), २९ के तहत एफआईआर दर्ज किया था। उसी दिन, पुलिस ने रेतीवाला कंपाउंड, साकीनाका इलाके से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे सादिक सलीम शेख (28) को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 53 ग्राम एम.डी. ड्रग्स बरामद हुआ। पूछताछ में सादिक ने सिराज सुल्तान पंजवानी (57) का नाम उजागर किया, जो उसे एम.डी. ड्रग्स की आपूर्ति करता था।

# भायखला की एक बेकरी में लगी आग, 4 लोग झुलसे

**मुंबई।** भायखला पूर्व स्थित शेठ मोती शहा लेन पर सुपर बेकरी नामक बेकरी में सोमवार को आग लग गई। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए हैं,जिन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। अग्निशमन दल के जवानों ने समय पर मौके पर पहुंचकर एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम लगभग 5:20 बजे सुपर बेकरी में रोजाना की तरह काम चल रहा था, तभी अचानक आग भड़क उठी। आग की वजह से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस आग में जयेश परब (46 वर्ष), जुबेर सिद्दिकी (25 वर्ष), जावेद मोहम्मद (23 वर्ष) और शहरयार (36 वर्ष) घायल हो गए। घायलों को तुरंत पास के मसीना अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# गुरुनाथ चिचकर आत्महत्या मामले में बड़ा खुलासा

**पुलिसकर्मी समेत तीन लोग हिरासत में**

महानगर संवाददाता
नवी मुंबई

बेलापुर क्षेत्र के बिल्डर गुरुनाथ चिचकर की आत्महत्या के मामले में नवी मुंबई अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई की है। खारघर पुलिस थाने में तैनात पुलिसकर्मी सचिन भालेराव समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे द्वारा गठित विशेष जांच दल (SIT) ने यह कार्रवाई की है।

दो दिन पहले गुरुनाथ चिचकर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उनकी सुसाइड नोट में नवी मुंबई के एंटी-नारकोटिक्स सेल के अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया गया था। शुरुआती जांच में सामने आया कि पुलिसकर्मी सचिन भालेराव का चिचकर से लगातार संपर्क था। जांच की भनक लगते ही भालेराव अपने गांव भाग गया था,



लेकिन नवी मुंबई अपराध शाखा ने उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया। इसी बीच,जांच में यह भी सामने आया है कि गुरुनाथ चिचकर का बेटा नवीन चिचकर एक बड़े ड्रग्स रैकेट का मुख्य सूत्रधार है। नेरुल सेक्टर-15 में हाल ही में हुई कार्रवाई में एंटी-नारकोटिक्स विभाग ने लाखों रुपए मूल्य के ड्रग्स के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार अन्य फरार हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी नेरुल इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क को मजबूत करने में पुलिसकर्मी सचिन भालेराव ने बड़ी भूमिका निभाई थी। भालेराव, जो वर्तमान में खारघर पुलिस थाने में पुलिस नाईक के पद पर कार्यरत है, का ड्रग्स सिंडिकेट से गहरा संबंध बताया जा रहा है। साथ ही, अंमली पदार्थ विरोधी पथक (एंटी-नारकोटिक्स सेल) के कुछ अधिकारियों से भी उसके करीबी संबंध होने की चर्चा है। गुरुनाथ चिचकर पर लगातार मानसिक दबाव बनाया गया, जिसकी वजह से उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया, ऐसा उनकी सुसाइड नोट में उल्लेख है। फिलहाल SIT इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और इस रैकेट में कुछ और पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**बोली क्र. 2025_एमसीजीएम_1174704_1 हेतु ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका, मनपा आयुक्त द्वारा मास्टर दीनानाथ मंगेशकर नाट्यगृह, विलेपार्ले, मुंबई – 400 057 में लीव एंड लाइसेंस आधार पर 11 माह की अवधि हेतु दो रिफ्रेशमेंट काउंटर्स के संचालन हेतु 05 मई 2025 तक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं.

अधिक जानकारी https://mahatenders.gov.in/nicgep/app पर उपलब्ध है.

हस्ता./-
भरत पवार
प्रशासनिक अधिकारी (प.उप. – I)

पीआरओ/251/विज्ञा./2025-26

खिडकियों के लिये जालियां और मच्छरदानी का करें इस्तेमाल



## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

टेली. नं. – 022-66405484 ई-मेल : eecityslum@gmail.com

संदर्भ क्र. ईई/शहर/एमएसआईबी/ई-निविदा/16/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 16**

कार्यकारी अभियंता (शहर) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), **कमरा नं. 539, 4थी मंजिल,** गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405484 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदारों की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में **25** कार्यों के लिये खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक **तिथि 30.04.2025 को दोप. 1.00 बजे** है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम **तिथि 07.05.2025 को सायं. 5.35 बजे** तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम एस आई बी बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/346

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था



## कार्ट समन नोटिस

**जुडीसियल मजिस्ट्रेट (I) 68th कोर्ट बोरीवली (मुंबई)**

**लास्ट पेपर नोटिस/प्रोक्लोमेशन/समन**

वादी - **अनुजा प्रदीप साळवी**

प्रतिवादी- **(i) मुकेश जैन/परमार, (ii) टीना जैन/परमार**

ऊपर लिखे दोनों प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि बोरीवली 68th कोर्ट में केस नं. **CC No. 336/SW/2018** जो की अनुजा साळवी ने किया था। आप दोनों प्रतिवादी अदालत में हाजिर नहीं हुए जो कि आप दोनों के नाम से समन नोटिस पेस्टिंग आर्डर व प्रोक्लेमाशन कोर्ट के आदेश अनुसार हुआ था। **03 फरवरी 2025** में प्रोक्लेमाशन के आदेश के बाद भी आप लोग कोर्ट में हाजिर नहीं हुये। ऐसा प्रतीत होता है कि आप लोग कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। व इस केस में आपको कोई भी जवाब नहीं देना है। अगर आप लोग कोर्ट में हाजिर नहीं होंगे तो कोर्ट आपके खिलाफ आदेश दे देगा वह आप लोगों को मान्य करना पड़ेगा। आपको कोर्ट के आदेश अनुसार पेपर नोटिस से सूचित किया जाता है कि **10 जून 2025** को आप दोनों प्रतिवादी कोर्ट में हाजिर रहे। हाजिर न रहने पर कोर्ट अपना फैसला सुना देगा वह आपको मान्य करना पड़ेगा।

कोर्ट सील

**आदेश ता. 01 मार्च 2025**
**तारीख 01/03/2025**

**सही/-**
**जुडीसियल क्लर्क 68th कोर्ट**
**बोरीवली मुंबई**


# पर्यटकों की सुरक्षा के लिए बनेगा पर्यटन सुरक्षा बल

**मुंबई।** पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने और पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र पर्यटन सुरक्षा बल (पर्यटन मित्र) स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस बात की जानकारी पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने दी। देसाई ने बताया कि इस पर्यटन सुरक्षा बल का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को राज्य के पर्यटन स्थलों,सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों के बारे में जानकारी प्रदान करना होगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पर्यटन सुरक्षा बल की शुरुआत 2 से 4 मई के दौरान सातारा जिले के महाबलेश्वर महोत्सव के दौरान की जाएगी। राज्य में आने वाले पर्यटकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाने तथा संस्कृति, इतिहास, पर्यटन स्थल, कानून और नियमों की जानकारी देने के लिए पर्यटन स्थलों पर संविदा आधार पर पर्यटन पुलिस की नियुक्ति की जाएगी। पर्यटन विभाग ने राज्य सुरक्षा मंडल और मेस्को को शीघ्र ही उपलब्ध कर्मियों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा मंडल व वॉर्ड अध्यक्ष पद पर नवनियुक्त भाजयुमो कार्यकर्ताओं का सत्कार



**मुंबई।** भाजपा द्वारा 'संगठन पर्व' अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिन कार्यकताओं को भाजपा में मंडल व वॉर्ड अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी मिली है, उनका सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के दादर कार्यालय में सत्कार किया गया। इस अवसर पर भाजपा मुंबई अध्यक्ष विधायक आशीष शेलार, मुंबई महामंत्री अमित साटम, मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष व सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी एवं भाजपा मुंबई अध्यक्ष तेजिंदर सिंग तिवाना उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त मंडल व वॉर्ड अध्यक्षों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए भाजपा मुंबई अध्यक्ष विधायक आशीष शेलार ने कहा कि नवनियुक्त नए मंडल व वॉर्ड अध्यक्षों के ऊपर स्थानीय संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। आनेवाले समय में अपने कार्यों से ये पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। मुंबई महामंत्री अमित साटम ने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने युवाओं को अवसर दिया है, युवाओं को अपना कार्य करते हुए लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए अधिक से अधिक सक्षम बने ऐसा आवाहन किया।


## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री संजीव सुरेंद्र सग्गी और साक्षी संजीव सग्गी उस फ्लैट को अधिग्रहित करने का इरादा रखते हैं, जिसका विवरण नीचे अनुसूची में दिया गया है.

**श्री राजेश कुमार** उपरोक्त वर्णित संपत्ति में अपने स्वामित्व अधिकारों को मेरे मुवक्किलों को बेचने/हस्तांतरित करने का इरादा रखते हैं.

यदि किसी व्यक्ति का अनुसूची में वर्णित फ्लैट पर किसी भी प्रकार का उत्तराधिकार, हिस्सा, बिक्री, बंधक, पट्टा, ग्रहणाधिकार, भार, न्यास, अनुरक्षण, अनुज्ञप्ति, उपहार, कब्जा, बिक्री, समझौता अथवा ऋणभार, मुकदमे अंतर्गत निर्धारित किसी व्यवस्था अथवा अन्यथा के जरिए कोई भी दावा अथवा अधिकार अथवा अन्य कोई अधिकार अथवा अभिरूचि का दावा है तो उनसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के भीतर समस्त समर्थनीय दस्तावेजी प्रमाणों के साथ लिखित में इसकी जानकारी दें अन्यथा ऐसे किसी भी व्यक्ति के ऐसे किसी भी दावे अथवा दावों, यदि कोई हैं, को संदर्भित किए बिना ही सौदे की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और ऐसे किसी भी व्यक्ति का ऐसा कोई भी दावा, यदि है तो उसे छोड़ा हुआ मान लिया जाएगा और मेरे मुवक्किल पर बंधनकारक नहीं होगा. यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई भी दावा पेश नहीं किया जाता है तो मेरे मुवक्किल ऐसे किसी भी कथित दावे, अधिकार अथवा अभिरूचि को संदर्भित किए बगैर ही उक्त संपत्ति के संबंध में सौदे की कार्यवाही पूरी करने हेतु स्वतंत्र होंगे और ऐसे किसी भी कथित दावे, अधिकार अथवा अभिरूचि को समस्त उद्देश्यों और प्रयोजनों हेतु छोड़ा हुआ अथवा त्यागा हुआ मान लिया जाएगा और मेरे मुवक्किल पर बिलकुल बंधनकारक नहीं होगा.

**उपरोक्त संदर्भित अनुसूची :**

5 सितंबर 2002 को विधिवत हस्तांतरित शेयर प्रमाणपत्र क्र. 48 धारक विशिष्ट क्र. 236 से 240 (दोनों समाविष्ट) धारक सोसायटी के शेयर्स की सदस्यता के साथ एकत्रित तौर पर तथा एक कार पार्किंग के साथ-साथ प्लॉट क्र. 41 (पार्ट), सीटीएस क्र.1/271, ओशिवरा, जोगेश्वरी, मुंबई – 400 053 स्थित मीरा को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. नामक बिल्डिंग में 1655 वर्गफीट एरिया का फ्लैट क्र. बी-1301.

दिनांक 29 अप्रैल 2025

**तुषार प्रकाशकर** (अधिवक्ता)
बी/106, बोरीवली शॉपिंग सेंटर, चंदावरकर रोड, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई – 400 092



## सार्वजनिक सूचना

यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री धुनजीशा दोराबजी बिलिमोरिया, जो कि मेसर्स बिल्बा पेपर इंडस्ट्रीज के साझेदारों में से एक थे, के निधन के पश्चात, दिनांक 31-03-2025 के साझेदारी अनुबंध के अनुसार उक्त मेसर्स बिल्बा पेपर इंडस्ट्रीज में साझेदारों का पुनर्गठन हुआ है.

उपरोक्त कारणों के चलते, मेरे मुवक्किल श्री सुरेन्द्र चंपकलाल सोलंकी एवं श्री जितेन्द्र मोहनलाल जैन, जो कि मेसर्स श्रद्धा जूलर्स के साझेदार हैं, की ओर से, पूर्व में दिनांक 18-10-2024 को समाचारपत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के संदर्भ में, पुनः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है.

मैं, अपने उपर्युक्त मुवक्किलों की ओर से, पुनः मेसर्स बिल्बा पेपर इंडस्ट्रीज के स्वामित्व में स्थित औद्योगिक यूनिट क्रमांक 411, जो कि लगभग 1338 वर्ग फुट कारपेट क्षेत्र वाली है, एवं जो भारत इंडस्ट्रियल एस्टेट, प्रकाश इंडस्ट्रियल प्रिमाइसेस को-ऑप. सोसायटी लिमिटेड, टोकरसी जीवराज रोड, शिवड़ी, मुंबई – 400015 में स्थित है, के स्वामित्व की नवीनतम स्थिति की जांच कर रहा हूं. यह संपत्ति सी.एस. नं. 207, परेल-शिवडी डिवीजन की भूमि पर स्थित है, जिसमें प्रकाश इंडस्ट्रियल प्रिमाइसेस को-ऑप. सोसायटी लिमिटेड द्वारा जारी शेयर प्रमाणपत्र क्रमांक 16 के अंतर्गत रु. 50/- मूल्य के पूर्णतः चुकता 5 (पांच) शेयर, जो विशिष्ट क्रमांक 76 से 80 तक (दोनों सम्मिलित) हैं, शामिल हैं.

मेसर्स बिल्बा पेपर इंडस्ट्रीज के वर्तमान साझेदार श्री नेविल होमजी बिलिमोरिया एवं श्रीमती आशा होमजी बिलिमोरिया (जो कि 31-03-2025 के साझेदारी अनुबंध में नवीन रूप से शामिल हुई हैं), ने मेरे मुवक्किलों को सूचित किया है कि वे ही एकमात्र दोनों साझेदार हैं और प्रकाश इंडस्ट्रियल प्रीमाइसेस को-ऑप. सोसा. लि. टोकरसी जीवराज रोड, शिवड़ी, मुंबई – 400 015 में, भारत इंडस्ट्रियल इस्टेट की 4थी मंजिल पर स्थित 1338 वर्गफीट कारपेट एरिया के इंडस्ट्रियल यूनिट क्र. 411 के कब्जाधारक और स्वामित्वधारक मेसर्स बिल्बा पेपर इंडस्ट्रीज और शेयर प्रमाणपत्र क्र. 16 अंतर्गत प्रकाश इंडस्ट्रियल प्रीमाइसेस को-ऑप. सोसा. द्वारा जारी 76 से 80 विशिष्ट क्र. युक्त संबंधित 5 (पांच) पूर्णतः अदा किए गए शेयर्स के स्वामित्व, सदस्यता की बिक्री/हस्तांतर हेतु बिक्री अनुबंध/हस्तांतर विलेख इत्यादि के क्रियान्वयन करने और सौदे की कार्यवाही करने हेतु पूर्णतः अधिकृत हैं और उन्हें किसी के भी द्वारा किसी भी स्वरूप में किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित नहीं किया गया है. मेसर्स बिल्बा पेपर इंडस्ट्रीज के वर्तमान साझेदार ने मेरे मुवक्किलों को यह भी सूचित किया है कि उपरोक्त इंडस्ट्रियल यूनिट क्र. 411 के मूल शीर्षक दस्तावेज की श्रृंखला दस्तावेज गुम हो गये हैं /खो गए हैं और मुंबई शहर में गुमशुदा वस्तूओं के संबंध में कालाचौकी पुलिस स्टेशन, मुंबई में 23.09.2024 को एक गुमशुदगी रिपोर्ट क्र. 113114-2024 भी पहले ही दर्ज कराई गई है. उपरोक्त निर्दिष्ट औद्योगिक यूनिट क्र. 411 के मूल शीर्षक दस्तावेजों की निम्नलिखित श्रृंखला की सूची निम्नानुसार है :

1. मेसर्स भारत बिल्डिंग और मेसर्स कापरी इंजीनियरिंग तथा श्री बालचंद बिलाराज सरोगी के बीच क्रियान्वित बिल्डर एग्रीमेंट दिनांक 27.03.1967.
2. श्री बालचंद बिलाराज सरोगी और मेसर्स लक्ष्मी टेक्सटाइल्स के बीच क्रियान्वित एग्रीमेंट दिनांक 09.10.1989.
3. वर्ष 1990 से 2023 तक मेसर्स बिल्बा पेपर इंडस्ट्रीज के साझेदारी और विघटन अनुबंधों की श्रृंखला.

साथ ही, श्री धुनजीशा दोराबजी बिलिमोरिया के निधन के संदर्भ में, जो उक्त फर्म के साझेदार थे, मैं अपने उपर्युक्त मुवक्किलों की ओर से पुनः समस्त आम जनता को सूचित करता हूं कि यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को उपरोक्त औद्योगिक यूनिट क्रमांक 411 पर किसी भी प्रकार का कोई विक्रय, विनिमय, बंधक, भार, उपहार, न्यास, दस्तावेज, उत्तराधिकार, कब्जा, पट्टा, ग्रहणाधिकार या अन्य किसी भी प्रकार का कोई अधिकार या दावा हो, तो वे कृपया इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर, अपने दावे के समस्त समर्थनीय प्रमाणों के साथ इसकी लिखित जानकारी अधोहस्ताक्षरी को अजय त्रिपाठी, एडवोकेट, उच्च न्यायालय, 21, तरवोट्टी भवन, सेंट जॉर्ज अस्पताल के सामने, पी. डीमेलो रोड, सीएसटी, मुंबई – 400 001 के कार्यालय पते पर सूचित करें.

निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर ऐसे किसी भी अथवा सभी व्यक्तियों के समस्त कथित दावों और आपत्तियों को छोड़ा हुआ तथा /अथवा त्यागा हुआ मान लिया जाएगा और मेरे मुवक्किल 15 दिनों की निर्धारित अवधि के पश्चात सौदा पूरा करने की कार्यवाही करेंगे और तत्पश्चात किसी भी दावे पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.

**दिनांक 29 अप्रैल 2025**

**अजय त्रिपाठी**
**एडवोकेट, उच्च न्यायालय**



सिडको
शहर बनाए, शहर बसाए.

## बोली आमंत्रण सूचना

**3 वर्षों की अवधि हेतु निर्मल बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट मुंबई में 2री मंजिल कार्यालय में एचवीएसी अधिष्ठापनों का व्यापक अनुरक्षण तथा विद्युत अधिष्ठापनों की मरम्मत, संचालन और अनुरक्षण**

सिडको ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड की ओर से निम्ननिर्दिष्ट कार्य हेतु सिडको लि. के साथ श्रेणी ए में अथवा केंद्र सरकार के साथ अथवा महाराष्ट्र राज्य सरकार तथा उसके उपक्रमों के साथ विद्युत पंजीकरण की समुचित श्रेणी में पंजीकृत तथा अनिवार्य योग्यता मापदंडों की पूर्ति में सक्षम एवं निम्ननिर्दिष्ट कार्यों के समान प्रकार के कार्यों के सफल निष्पादन के अनुभवी लाइसेंसधारक विद्युत ठेकेदारों से ई-निविदा प्रक्रिया की प्रणाली के जरिए ऑनलाइन आइटम दर प्रतिशत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :

**1. कार्य का नाम : 3 वर्षों की अवधि हेतु निर्मल बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट मुंबई में 2री मंजिल कार्यालय में एचवीएसी अधिष्ठापनों का व्यापक अनुरक्षण तथा विद्युत अधिष्ठापनों की मरम्मत, संचालन और अनुरक्षण. 2. सी. ए. क्र.** : 13/सिडको/ईई (इलेक्ट-नोडल)/2025-26. **3. अनुमानित लागत :** ₹ 33,70,348.10 (जीएसटी छोडकर). **4. ई.एम.डी. :** ₹ 34,000.00. **5. पंजीकरण श्रेणी :** ए. **6. समापन अवधि :** 1095 (एक हजार पंचानबे) दिन (मानसून सहित). **7. निविदा प्रक्रिया शुल्क :** ₹ 1,180.00 (रुपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) (18% जीएसटी (अप्रतिदेय) सहित )

बोली कार्यक्रम के साथ बोली दस्तावेज वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर दि. 30.04.2025 को 17.01 बजे से उपलब्ध होंगे.

**कार्यकारी अभियंता**
**(इलेक्ट-नोडल)**

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in

सिडको/जनसंपर्क/०४२/२०२५-२६

# एनजेएसी के खात्मे का दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था। सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बनें तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि आप राष्ट्रपति को निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार किसने दिया है और वो किस आधार पर ऐसा कर सकता है। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि वो पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फ़ैसला दे सकता है चाहे वो किसी भी मामले में क्यों न हो। लेकिन उप राष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान की व्याख्या कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि हमारे पास ऐसे जज हैं जो अब कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और एक सुपर संसद की तरह भी काम करेंगे और कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे, क्योंकि इस देश का क़ानून उन पर लागू तो होता नहीं। उप राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली आवास से कथित तौर पर जले नोट मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये घटना किसी आम आदमी के घर में होती तो बिजली की गति से कार्रवाई होती। लेकिन यहां तो बैलगाड़ी की रफ़्तार से भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का हर सांसद, विधायक और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है लेकिन वे (जज) ऐसा कुछ नहीं करते। इस पर पलटवार करते हुए डीएमके राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संविधान की रक्षा करने का अधिकारी होने से किसी व्यक्ति को ये अधिकार नहीं मिल जाता कि वो संसद में पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक कर रख सकता है। सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने लिए चेक एंड बैलेंस जरूरी है। संविधान का अनुच्छेद 74(1) यह साफ कहता है कि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे हैं। राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए, ऐसे मामलों में स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की टिप्पणी आरएसएस-भाजपा की ओर से विपक्ष के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को कमज़ोर करने के लिए राज्यपाल की शक्तियों के दुरुपयोग को सही ठहराती है। हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति ख़तरनाक ढंग से बढ़ी है। सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति के बयानों को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी राज्यसभा सभापति को ऐसे बयान देते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति केवल नाममात्र की प्रमुख हैं। वे कैबिनेट की सलाह और स्वीकृति पर कार्य करते हैं। उनके पास कोई व्यक्तिगत निर्णय लेने की शक्ति नहीं होती। सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना चाहिए। ऐसा करना उनका अधिकार है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि न्यूक्लियर मिसाइल तो नोटबंदी थी, तब किसी को तकलीफ नहीं हुई?

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*कुछ लोगों के पेट में, आज हो रहा दर्द*
*गर्मी सीमा पर बढ़ी, इनका दिल है सर्द*
*इनका दिल है सर्द, शरम बिलकुल ना आए*
*पाकिस्तानी प्रेम निकलकर बाहर आए*
*कह सुरेश हम साथ-साथ बतलाइ रहे हैं*
*अंदर-अंदर दुश्मन के गुण गाइ रहे हैं*

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन'

संघ ने व्यक्ति, समाज एवं संगठन में व्यापक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से "पंच परिवर्तन" की महत्वपूर्ण योजना प्रस्तुत की है। वर्तमान में भारत विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) का मानना है कि एक सशक्त, सुसंकृत, और प्रत्येक क्षेत्र में प्रगतिशील राष्ट्र के लिए "सामाजिक समरसता" अनिवार्य प्रत्यय हैं।




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की यह पहल, संघ के चतुर्दिक् दृष्टिकोण, व्यक्ति निर्माण, सांगठनिक उद्देश्य, समाज निर्माण और राष्ट्र- राज्य निर्माण के प्रति अटूट विश्वास, श्रद्धा एवं अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिफल एवं समाज में इसकी सकारात्मक उपादेयता का प्रतीक है। संघ इस वर्ष, 2025 में 'शताब्दी वर्ष' मनाने जा रहा हैं। इस महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक पड़ाव के पहले, संघ ने व्यक्ति, समाज एवं संगठन में व्यापक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से "पंच परिवर्तन" की महत्वपूर्ण योजना प्रस्तुत की है। इन पंच प्रत्ययों का उद्देश्य संघ के आंतरिक सांगठनिक चरित्र और कार्यशैली को मजबूत करना है, साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन धर्म और राष्ट्रीय सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाना हैं। इसका उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता और अधिक सहभागितापूर्ण और राष्ट्र केंद्रित वातावरण बनाना है। यह पहल समसामयिक परिप्रेक्ष्य में अत्यधिक उपयोगी, प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान में भारत विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक चुनौतियों का सामना कर रहा हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना हैं कि उपर्युक्त "पंच परिवर्तन "इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में केंद्रीय भूमिका निभा सकता है। इन प्रत्ययों के सहयोग से राष्ट्र की एकता एवं अखंडता का उन्नयन किया जा सकता है। इनके सहयोग से नागरिक समाज में नागरिक चारित्रिक सौहार्द्र एवं नागरिक समरसता को विकसित किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(संघ) का मानना है कि एक सशक्त, सुसंकृत, और प्रत्येक क्षेत्र में प्रगतिशील राष्ट्र के लिए "सामाजिक समरसता" अनिवार्य प्रत्यय हैं। जाति, धर्म, वंश और लिंग के आधार पर विभेदित कोई भी राष्ट्र राष्ट्रीय एकता, अक्षुण्णता, और आंतरिक सुरक्षा के स्तर पर विकास के मापांक को प्राप्त नहीं सकता है। राष्ट्र का विकास "सामाजिक समरसता" पर निर्भर करता हैं। "सामाजिक समरसता" से संघ का उद्देश्य सभी वर्गों में सामाजिक सदभाव, स्नेह और सहयोग की भावना का उन्नयन करना है। इन प्रत्ययों की उपलब्धि के लिए विभिन्न समुदायों के मध्य संवाद और संपर्क को प्रोत्साहित करना होगा, संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करना होगा और सामाजिक भेदभाव के उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाना होगा। स्वयंसेवकों को समाज के सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार करने और उन वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करने पर केंद्रित किया जाएगा। इस प्रयोजन का मौलिक उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर मिले और कोई भी व्यक्ति भेदभाव का शिकार न हों। "सामाजिक समरसता" भारतीय संस्कृति का मूल तत्व हैं और इसको पुनर्स्थापित करके भारत को वैश्विक गुरु की श्रेणी में स्थापित किया जा सकता हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामजी के द्वारा केवट को गले लगाना सामाजिक समरसता का सर्वोच्च उदाहरण हैं। सामाजिक समरसता के लिए आवश्यक है कि आचरण और व्यवहार में जीवन के आध्यात्मिक मूल्य प्रकट हो, जब समानता का भाव स्थापित होगा तभी समानता का भावना स्थापित होगा। समाज एक गत्यात्मक संस्था हैं, जो शाश्वत प्रगति एवं बंधुत्व के पथ पर अग्रसर होकर अपने समस्त घटकों की खुशहाली सुनिश्चित करती हैं। समतापरक सुसंकृत समाज का निर्माण, संचालन एवं अस्तित्व किसी व्यक्ति, जाति, वर्ण या समुदाय विशेष के योगदान से नहीं होता है। समाज की संपूर्णता एवं सजीवता के निमित्त प्रत्येक व्यक्ति की खुशहाली, सहभागिता एवं समर्पण अतिआवश्यक है चाहे वह किसी भी वर्ण, जाति एवं समुदाय का हो। समाज में समरसता के बिना बंधुत्व, सौहार्द्र और राष्ट्रीय एकता की कल्पना असंभव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'परिवार' को भारतीय संस्कृति, मूल्यों, आदर्शों, और संस्कारों की आधारशिला मानता है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और आधुनिक जीवनशैली के दबाव के कारण पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। "कुटुंब प्रबोधन" के अंतर्गत संघ का उद्देश्य परिवारों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति सजग करना है। इसके लिए पारिवारिक मिलन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक वर्गों का आयोजन और नैतिक शिक्षा वर्गों का आयोजन किया जाएगा। अभिभावकों को अपने बच्चों में भारतीय मूल्य जैसे कि बड़ों का सम्मान, कर्तव्यनिष्ठ आदत, चरित्र, सहयोग, स्नेहपूर्ण वातावरण और त्याग की भावना को विकसित करने के लिए प्रशिक्षित एवं प्रोत्साहित करना है। संघ के चिंतकों और विचारकों का मानना है कि एक मजबूत और संस्कारित परिवार ही एक स्वस्थ, राष्ट्रीय भावना और स्वस्थसमाज और राष्ट्र - राज्य का निर्माण कर सकता है। कुटुंब प्रबोधन का लक्ष्य भारतीय परिवारों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना हैं और उनको एक ऐसी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना हैं जो भारतीय जीवन मूल्यों एवं आदर्शों पर आधारित हो। भारतीय जीवनशैली परंपरागत मूल्यों, सामाजिक समरसता, परस्पर स्नेह एवं आत्मीयता पर आधारित है ।मानवीय मूल्यों के विकास एवं आदर्श के उन्नयन में भारतीय जीवन शैली की महत्वपूर्ण उपादेयता है। "पर्यावरण संरक्षण" समकालीन परिदृश्य में एक बड़ी वैश्विक चुनौती है और भारत को भी पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषणों ने पर्यावरण को बहुत अधिक मात्रा में नुकसान पहुंचाया है जिसका मानव जीवन और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। "पर्यावरण" बहुत ही वृहद शब्द है जिसका विवेचन अति आवश्यक हैं। संघ का उद्देश्य अपने स्वयंसेवकों और संगठित समाज को पर्यावरण के प्रति सचेत करना है। संचेतना के स्तर पर वृक्षारोपण अभियान, जल संरक्षण परियोजनाएं, प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने का प्रयास और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना एवं पर्यावरण हितैषी कार्यक्रमों का आयोजन परमावश्यक है।

**- डॉ.बालमुकुंद पांडेय**

# सिंधु संधि पर भारत का नया रुख

23 अप्रैल को पहलगांव में आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक के बाद 65 वर्ष पुराना सिंधु जल समझौता निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही अटारी चेक पोस्ट बंद करने, पाक नागरिकों के लिए सार्क वीजा छूट योजना रद्द करने, वीजाधारकों को भारत छोड़ने के निर्देश देने और पाकिस्तानी उच्चायोग के सैन्य सलाहकारों को निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। इस्लामाबाद उच्चायोग के स्टाफ में कटौती की गई। भारत द्वारा सिंधु नदी समझौते को स्थगित करने की घोषणा के बाद से ही पाकिस्तान में मातम का माहौल है और पाकिस्तान लगातार इसको अन्तर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बता रहा है। अब प्रश्न यह उठता है कि भारत इस पानी को कैसे रोकेगा। भारत द्वारा उठाए गए इस कदम का पाकिस्तान पर क्या प्रभाव पड़ेगा। क्या इस कदम से भारत को कानूनी तौर पर कोई परेशानी होगी। इन सारे सवालों की पड़ताल करने के पहले यह जानना जरूरी है कि सिंधु नदी समझौता क्या है। सिंधु नदी समझौते पर विश्व बैंक की मध्यस्थता से 19 सितम्बर 1960 को कराची में भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के द्वारा हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता नदियों के साझा प्रबंधन हेतु था। इस समझौते के अनुसार सिंधु और उसकी सहायक नदियों को दो हिस्से में बांटा गया। पूर्वी नदियों सतलज, व्यास एवं रावी पर भारत का पूरा नियंत्रण होगा जबकि पश्चिमी नदियों क्रमशः सिंधु, झेलम एवं चिनाब नदियों पर भारत का कुछ ही नियंत्रण होगा। इस पर भारत अपनी कृषि एवं ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से छोटे प्रोजेक्ट बनाने का अधिकारी है। शेष पानी उसे पाकिस्तान के लिए छोड़ना होगा। पूर्वी नदियों का वार्षिक प्रवाह 33 बिलियन एकड़ फुट है जबकि पश्चिमी नदियों का वार्षिक प्रवाह इससे लगभग चार गुना 135 बिलियन एकड़ फुट है। मोटे तौर पर देखें तो इस जल प्रवाह का 80 प्रतिशत पाकिस्तान को और 20 फीसदी भारत को मिलता



है। इस समझौते में यह भी निश्चित हुआ कि दोनों देश एक दूसरे को नदी के प्रवाह और बांधों की जानकारी देंगे। इस हेतु एक स्थायी सिंधु आयोग बनाया गया जिसमें दोनों देशों के एक- एक सदस्य हैं। तकरीबन 65 साल बाद भारत ने कूटनीतिक तौर पर इस संधि को स्थगित करने का फैसला किया है। वह इसे कुछ समय के लिए स्थगित कर रहा है। 24 अप्रैल को भारत ने औपचारिक तौर पर इस संधि से एकतरफा हटने की सूचना पाकिस्तान को अधिकृत तौर पर दे दी। पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव को लिखे पत्र में इसके कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा गया कि कोई भी संधि तभी जारी रह सकती है जबकि उसके प्रति अच्छी नीयत रखी जाए। चूंकि पाकिस्तान की तरफ से अनवरत आतंकवादी गतिविधियां जारी हैं। अतः भारत यह कदम उठा रहा है। साथ ही इसकी जानकारी विश्व बैंक को भी दी गई है। भारत के जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ जलशक्ति मंत्रालय की हुई बैठक के बाद सिंधु नदी के पानी के रोकने के मास्टर प्लान के विषय में बताया। इस संदर्भ में बताया गया कि यह योजना त्रिस्तरीय होगी- पहला शार्ट टर्म जो पूरी तरह से 2-3 वर्षों में काम करने लगेगा. इसके जरिए 5 से 10 प्रतिशत पानी रोका जा सकता है। दूसरा मीडियम टर्म यह 5-6 वर्षों में काम कारने लगेगा। इसके माध्यम से 15-20 प्रतिशत पानी को रोक जा सकता है. तीसरा और अंतिम प्लान है लॉंग टर्म इसके तहत 30-40 फीसदी पानी रोका जाएगा। इन तीनों प्लानों में क्रमशः 1. पहले से बने परियोजनाओं की क्षमता बढ़ाना होगा 2. नवीनतम परियोजनाओं को संरचित करना होगा जैसे नहरों का संजाल बिछाना और 3. दो नदियों को जोड़ना जैसे सिंधु को गंगा नदी से जोड़ना। दूसरी और तीसरी परियोजना अत्यंत खर्चीली हैं और अभी से काम करने पर लगभग 10 वर्ष लग जाएगा। अब सवाल यह है कि अभी भारत क्या कर सकता है, तो इसका उत्तर है फिलहाल वह आंशिक तौर पर प्रभाव डाल सकता है। चूंकि अब जब भारत इस संधि से दीर्घ काल के लिए पीछे हट गया है तो अब भारत को डेटा शेयर नही करना होगा। अतः वह इसका इस्तेमाल करके प्रतिकूल मौसम में फायदा उठा सकता है। साथ ही अब भारत बड़ी परियोजनाओं को बना सकता है। वह पहले से स्थापित परियोजनाओं की क्षमता भी बढा सकता है। इससे पाकिस्तान की कृषि, पनबिजली एवं दैनिक उपयोग के पानी की किल्लत होगी और इसका असर उसकी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। अब यह भी प्रश्न उठता है कि क्या इस संधि को स्थगित करने का भारत पर कोई कानूनी प्रभाव पड़ेगा तो इसका उत्तर है इसका आंशिक असर पड़ सकता है। वस्तुतः इस संधि के अनुच्छेद 12 में कहा गया है कि यह संधि तब तक खत्म नही होगी जब तक दोनों देश खत्म ना कर दें परंतु वियना कन्वेन्शन ऑन ट्रीटीज की धारा 66 यह कहती है कि कोई भी संप्रभु राष्ट्र किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संधि से हट सकता है. निकलने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में जाना होगा परन्तु अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में यह भी उपबंध है कि जो समस्या राष्ट्रमण्डल देशों की है, उसमें वे स्वतंत्र है कि वे चाहें तो अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में जाएं अथवा ना जाएं। धारा 66 यह भी कहती है कि एक वर्ष पूर्व सूचना देनी होगी। भारत एक वर्ष पूर्व ही इस संधि को नए सिरे से करने हेतु पाकिस्तान को सूचित कर चुका है। इस तरह से स्पष्ट है कि इस संधि से पीछे हटकर भारत कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान पर दबाव बनाने में सफल हो गया है। यह सत्य है कि पूरा पानी रोक पाना फिलहाल असंभव दिखलायी पड़ता है लेकिन अगले एक दशक में इस पर काम किया जा सकता है। साथ ही पहले से बनी परियोजनाओं और नहरों की मरम्मत करना होगा, उनकी क्षमता को यथाशीघ्र बढ़ाना होगा।

**- डॉ. ब्रजेश कुमार मिश्र**

# शौर्य एवं पराक्रम के प्रतीक भगवान परशुराम

'परशु' प्रतीक है पराक्रम का। 'राम' पर्याय है सत्य सनातन का। इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। आज भगवान परशुराम की जयंती है। भगवान परशुरामजी की जयंती वैशाख मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। इस पावन दिन को अक्षय तृतीया कहा जाता है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का जन्म हुआ था। भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। इतना ही नहीं इनकी गिनती तो महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है। उनके पिता का नाम जमदग्नि और माता का नाम रेणुका था। पौराणिक ग्रंथों में वर्णित है कि भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधी स्वभाव के थे। इनके क्रोध से देवी-देवता भी थर-थर कांपते थे। धार्मिक मान्यता के अनुसार, एक बार परशुराम ने क्रोध में आकर भगवान गणेश का दांत तोड़ दिया था। वहीं पिता के कहने पर उन्होंने अपनी मां को भी मार दिया था। इस दिन भगवान विष्णु के परशुराम अवतार की पूजा करने से शौर्य, कांति एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और शत्रुओं का नाश होता है। श्रीविष्णु अवतार भगवान परशुराम पराक्रम के प्रतीक माने जाते हैं। वह अपने माता-पिता के परम आज्ञाकारी पुत्र थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार परशुराम की माता रेणुका जल लेने नदी पर गईं। वहां उन्होंने गंधर्वराज चित्ररथ को जल में अप्सराओं के साथ देखा और कुछ देर वहीं ठहर गईं। उस समय माता रेणुका के मन में विकार उत्पन्न हो गया था। अचानक उन्हें याद आया कि उनके पति के हवन का समय हो रहा है और वो तुरंत जल लेकर घर पहुंचीं। जमदग्नि ऋषि ने अपने तपोबल से अपनी पत्नी का मानसिक व्यभिचार जान लिया। उन्होंने परशुराम से बड़े अपने तीन पुत्रों को आज्ञा दी कि वो अपनी माता का वध कर दें लेकिन किसी ने भी इसे पाप समझकर अपने पिता की बात नहीं मानी। अंत में ऋषि ने परशुराम को अपनी माता का वध करने की आज्ञा दी। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने भाइयों का भी वध कर दो क्योंकि इन्होंने मेरी आज्ञा का पालन नहीं किया। परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए अपनी माता और भाईयों का वध कर दिया। पुत्र की पितृभक्ति देख जमदग्नि ऋषि प्रसन्न हुए और उन्होंने परशुराम से वर मांगने को कहा। परशुराम अपने पिता का तपोबल जानते थे, उन्होंने अपने पिता से अपनी मां और भाईयों को पुनर्जीवित करने का वरदान मांगा। उन्होंने पिता से मांगा की उनकी मां और भाई ऐसे जीवित हों जैसे कि निद्रा से जागे हों और उन्हें इस बात का स्मरण न रहे कि मैंने उन्हें मारा था। जमदग्नि ऋषि के तपोबल से ऐसा ही हुआ। पुत्र की तीव्र बुद्धि को देख ऋषि ने उन्हें ख्याति और अस्त्र-शस्त्र में निपुणता का भी वरदान दिया।

**- राजेश खण्डेलवाल**

आज का कार्टून

साभार




# आतंकियों के 'मजहब' पर वामपंथियों की मुहर

हर आतंकी हमले के बाद रटा रटाया झूठ परोसा जाता रहा है कि 'आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता।' झूठ की इस विषैली खिचड़ी के रसोईये हैं देश के सेक्युलरवादी, जो बड़ी चतुराई से अपने वोट बैंक को बचाने का प्रयास करते हैं परन्तु पहलगांव में हिन्दू धर्म पूछ, पेंट उतरवा खतना चेक करके व कलमा पढ़वा कर हुई आतंकियों की आदमखोर हरकत ने आतंक का भी धर्म होता है, की सच्चाई को दिन के उजाले की तरह इतना साफ कर दिया है कि अब इनके वकील सेक्युलरवादी भी अप्रत्यक्ष रूप से बता रहे हैं कि 'आतंक का धर्म' होता है। सेक्युलरों विशेषकर वामपंथियों से जिस तरीके से इस हमले के पीछे देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ पनपे काल्पनिक वैमनस्य का कारण बताना शुरु किया है ,उससे कुछ और हो न हो परन्तु इन मार्क्सपुत्रों की वैचारिक हार दुनिया के सामने आ गई है। चाहे दिखावे के लिए ही सही, वामपंथी पहलगांव में जिहादी हमले की निन्दा तो कर रहे हैं परन्तु इसके पीछे देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ फैली काल्पनिक वैर की भावना को कारण बताने की कोशिश कर रहे हैं। केवल इतना ही नहीं बल्कि पुलवामा व छत्तीसिंहपुरा में हुए आतंकी हमलों के पीछे सरकार को ही कटघरे में रख पहलगांव के ताजा हमले के पीछे सरकार को ही जिम्मेवार ठहराने की कुचेष्टा कर रहे हैं। वैसे यह कोई पहला अवसर नहीं जब सेक्युलरवादियों विशेषकर वामपंथियों ने हिन्दू समाज का काल्पनिक भय दिखा कर आतंकी हमलों को न्यायोचित ठहराने का प्रयास किया हो। इन्हीं लोगों ने 1993 में हुए मुम्बई बम धमाकों के पीछे बाबरी मस्जिद के विध्वंस, गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस जलाए जाने को दुर्घटना, मुम्बई में हुए आतंकी हमले के पीछे आरएसएस का हाथ होना बताया था परन्तु सभी जानते हैं कि समय बीतने के बाद विदेशी विचारधारा से लैस इन वामपंथियों के नैरेटिव झूठे पाए गए। जहां तक पहलगांव हमले की बात करें तो, 22 अप्रैल 2025 की तारीख पहलगाम की घाटी में गूंजती चीखों और बारूद की गंध के साथ दर्ज हुई। पहलगाम का बैसरन, जहां कई परिवार अपने बच्चों संग छुट्टियां मना रहे थे, कुछ ही पलों में लाशों का मैदान बन गया। हिन्दू हो या नहीं, यह पूछकर हत्याएं की गईं। एक मासूम अपने पिता की लाश से चिपका रोता रहा, एक नवविवाहिता पति को बचाने की गुहार लगाती रही, आतंकियों ने कहा, जाओ, मोदी को बताना। यह हमला एक बार फिर हमारी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त है। आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर, खतना की पहचान कर निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या की। यह दृश्य किसी औरंगजेबकालीन दमन का नहीं, बल्कि 2025 के भारत का है। यह हमला घृणित मजहबी मानसिकता के चलते किया गया। वह मानसिकता जो काफिरों को जीने लायक नहीं समझती। पहलगाम का सत्य यह है कि यह आतंकी हमला होने पर भी एक वैचारिक युद्ध का चेहरा ही है। ऐसे दुस्साहसपूर्ण हमले यह स्पष्ट करते हैं कि आतंकी केवल बंदूक से नहीं लड़ रहे, वे विचारधारा के अस्त्र से एक संगठित वैश्विक संघर्ष चला रहे हैं जिसे हम केवल सीमित घटना समझने की भूल कर रहे हैं। आज हमारे पास यह न मानने का कोई कारण नहीं कि जिहाद केवल आतंक नहीं, बल्कि पूरी मानवता के विरुद्ध एक सभ्यतागत संघर्ष है। पहलगाम का हमला न तो आकस्मिक है, न ही अलग-थलग। यह इस्लामी जिहाद के उस सुनियोजित एजेंडे का हिस्सा है जो हिंदुत्व और भारत की सांस्कृतिक आत्मा को मिटाने के उद्देश्य से वैश्विक समर्थन और स्थानीय सहानुभूति के सहारे कार्य कर रहा है। इस्लाम के कुछ मध्ययुगीन ग्रंथों और व्याख्याओं में 'काफिर' के प्रति जो दृष्टिकोण मिलता है, वह मित्रता नहीं, घृणा, बहिष्कार और अंततः हत्या तक की स्वीकृति प्रदान करता है। यह केवल मजहबी आग्रह नहीं, राजनीतिक इस्लाम का वह संस्करण है जिसने मजहब को एक सैन्य अभियान में बदल दिया है। ऐसे अभियानों का समय बेहद सोच समझकर चुना जाता है। फिर उसके अनुसार ही उन्हें क्रियान्वित किया जाता है। फिर गढ़ा जाता है अलगाववाद का, मुसलमानों पर अत्याचार किए जाने का झूठा विमर्श। अलग-अलग समय पर, अलग-अलग तरीके से इन अभियानों को चलाया जाता है। इसके बाद देश और विदेश में इन कट्टरपंथियों का हमदर्द बनकर बैठी वामपंथी बिग्रेड सक्रिय हो जाती है।

**- राकेश सैन**

# लालू मतलब अपराधी : पहले कानून बना जेल भेज देते फिर...

**ताड़ी पर तेजस्वी से भिड़े सम्राट चौधरी**



महानगर नेटवर्क
पटना

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने ताड़ी का राग छेड़कर बिहार के शराबबंदी कानून पर बहस का आगाज कर दिया है। रविवार को पटना में पासी समाज के सम्मेलन में तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने शराबबंदी कानून लाकर ताड़ी का व्यवसाय करने वाले दलित और पिछड़े समाज के हजारों लोगों को जेल भेज दिया। उनकी सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर कर दिया जाएगा। इस पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भड़क गए हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव के बयान पर राष्ट्रीय जनता दल(राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को भी लपेटे में ले लियाा है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू जी का मतलब ही है अपराधी, उनका परिवार पहले कानून बनाकर जेल भेज देता है और तब कहता है कि छुड़ा देंगे। लेकिन जब कानून बन रहा था तब क्यों चुप थे। उस समय विरोध क्यों नहीं किया। लालू परिवार ने कानून बनाकर पासी समाज के लोगों को शरबबंदी की आड़ में जेल भेजवाने का काम किया। उस समय तो ये लोग ही सरकार में बैठे थे। अब शराबंदी का विरोध कर रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी पूर्ण रूप से शराबबंदी का समर्थन करती है। नशाबंदी का कानून जो नीतीश कुमार ने बनाया है उसे पूर्ण रूपेण लागु किया जाएगा। कहा कि नीरा उद्योग को आगे बढ़ाने क लिए उद्योग की तरह विकसित किया जाएगा।

# संजीव मुखिया की बढ़ी रिमांड अवधि

**EOU के कड़े सवालों से पेपर लीक के मास्टरमाइंड का होगा सामना**



**पटना।** विभिन्न पेपर लीक कांडों के मास्टरमाइंड माने जाने वाले संजीव मुखिया को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। संजीव मुखिया को रिमांड पर लेने की ईओयू की अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। ईओयू को संजीव मुखिया की दो दिनों की रिमांड की अनुमति मिल गई है। संजीव मुखिया बेऊर जेल में है। उसे जेल से रिमांड पर लेने के लिए ईओयू के अधिकारी कोर्ट से रवाना हो चुके हैं। आपको बता दें कि आर्थिक अपराध शाखा यानी ईओयू को इससे पहले शनिवार को संजीव मुखिया की 36 घंटे की रिमांड मिली थी। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईओयू ने कोर्ट में अर्जी लगाकर पेपर लीक के मास्टरमाइंड की रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की थी। ताकि उससे विभिन्न पेपर लीक से जुड़े और भी अहम सवाल पूछे जा सकेंगे। सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि ईओयू ने पूछताछ में संजीव मुखिया ने दावा किया था कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में उसकी धमक थी।

बिहार विधानसभा चुनाव

# एनडीए में दो बार से हार रहे सीटों की अदला-बदली होगी



महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर सत्ताधारी गठबंधन एनडीए में सीट शेयरिंग पर चर्चा शुरू हो गई है। एनडीए सूत्रों के अनुसार, आगामी चुनाव में लगातार दो बार से हारी जाने वाली सीटों की अदला-बदली की जाएगी। ऐसे में कई सीटों पर नए समीकरण देखने को मिल सकते हैं। एनडीए में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी),मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू),केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास), पूर्व सीएम जीतनराम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) शामिल है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एनडीए के दो नेताओं ने बताया कि इस बार उम्मीदवारों की जीत की संभावना के आधार पर सीटों का बंटवारा किया जाएगा। उम्मीदवारों के चयन के पहले यह तय कर लिया जाएगा कि कौन पार्टी कौन-सी सीट लड़ेगी। इस बारे में सभी घटक दलों से विचार-विमर्श किया जाएगा। घटक दलों के बीच कुछ सीटों की अदला-बदली भी की भी पूरी संभावना है। बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार सीटों की संख्या कैसे बढ़ाई जाए, इस पर हमने चर्चा की है। सहयोगी दलों के बीच सीटों की अदला-बदली के विकल्प पर भी विचार किया जाएगा।

# बिहार विधानसभा चुनाव में होगा इस स्पेशल EVM का इस्तेमाल



महानगर नेटवर्क
पटना

कुछ ही महीने बाद बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और चुनाव को लेकर तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई हैं। इस बार के चुनाव में बहुत कुछ खास होगा लेकिन सबसे खास होगा इस बार नई ईवीएम से वोट डाले जाएंगे। इसके लिए जल्द ही बिहार के कई जिलों को EVM मशीन भी मिलने वाली है। अब बिहार में चुनाव कराने को लेकर कर्मियों का सत्यापन किया जा रहा है और जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से सभी विभागों को कर्मियों की सूची भेजी गई है। निर्वाचन कार्यालय को उन सभी का सत्यापन करने के बाद रिपोर्ट देने को कहा गया है। एम-3 ईवीएम की क्या है खासियत एम-3 ईवीएम अत्याधुनिक तकनीक से लैस ईवीएम है और बिहार चुनाव के मद्दे नजर 21 मई तक इसके मिलने की संभावना है। इसके बाद 25 मई से फर्स्ट लेवल चेकिंग शुरू हो जाएगी। करीब एक माह तक 25 इंजीनियर्स मिलकर इसका कार्य को करेंगे। इस ईवीएम की विशेषता जानकर आप भी खुश हो जाएंगे और वो ये है कि अगर इससे छेड़छाड़ किया गया या इसका एक भी स्क्रू खोला तो यह निष्क्रिय हो जाएगा। अब आगामी विधानसभा चुनावों में इसी ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा।

**निर्वाचन कार्यालय ने मांगी है डिटेल्स**

निर्वाचन कार्यालय की ओर से रिपोर्ट मिलने के बाद चुनाव के दौरान ही चुनाव कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा सकेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से यह भी पूछा गया है कि ऐसे कर्मी जो चुनाव कार्य में हिस्सा लेंगे वो अभी कहां पदस्थापित हैं, क्या वे कार्य कर रहे हैं अथवा रिटायर हो चुके हैं। इसके साथ यह भी पूछा गया है कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधित किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं है। इस तरह से कर्मियों के संबंध में कई तरह की रिपोर्ट मांगी गई है। इस तरह से चुनाव के लिए तैयारी अब शुरू हो गई है।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

**आक्रोशित परिजनों ने क्लीनिक में की तोड़फोड़**

महानगर नेटवर्क
बांका

बांका के अमरपुर में एक निजी क्लीनिक में प्रसव के दौरान मां और बच्चे की मौत से तनाव फैल गया। घटना रविवार की है। मृतका की पहचान मृतका पीरपैंती थाना क्षेत्र के दुलदलिया गांव निवासी अनिल शर्मा की पत्नी गुड़िया देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि वह संत आनंद शिशु एवं मेटरनिटी केयर नर्सिंग होम में प्रसव के लिए आई थी, जहां इलाज के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई।

मृतका के भाई बबलू शर्मा ने बताया कि उनकी बहन को पहले अमरपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें डॉक्टर सुरेश कुमार के नर्सिंग होम ले गए। क्लिनिक में मौजूद महिला डॉक्टर नीलम प्रसाद ने डिलीवरी का आश्वासन दिया। वहीं ऑपरेशन के नाम पर पहले 40 हजार रुपए लिए गए। कुछ समय बाद 40 हजार रुपए और मांगे गए। इसी दौरान गुड़िया की मौत हो गई।





**आक्रोशित भीड़ ने डॉक्टर को पीटा**

मौत की खबर मिलते ही परिजन भड़क गए। हंगामा देख डॉक्टर सुरेश कुमार कमरे से नीचे आए। उन्होंने मृतका के परिजनों पर डंडे से हमला कर क्लिनिक से भगाने की कोशिश की। यह देख अन्य परिजन भी आक्रोशित हो गए। इस दौरान परिजन निजी क्लिनिक के डॉक्टर से भी लोग उलझ गए और देखते ही देखते आक्रोशित लोगो ने डॉक्टर के बीच हाथापाई शुरू हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर को भीड़ से बचाया। जिसके के बाद आक्रोशित परिजनों ने क्लिनिक में तोड़फोड़ भी की और डॉक्टर की पिटाई कर दी। लोगों ने अमरपुर-शाहकुंड मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

# विवाहिता की पीटकर हत्या, पति और सास पर आरोप

**भाई बोला- बहन के ससुर ने रचाई थी दूसरी शादी**

महानगर नेटवर्क
समस्तीपुर



समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र के चांधरपुर धमौन गांव में एक विवाहिता की सौतेली सास और पति ने मिलकर पीट-पीट कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान चांधरपुर धमौन गांव के दीनानाथ राय की पत्नी संजू देवी उर्फ करीना के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर मध्य रात्रि पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतका संजू का भाई राकेश कुमार ने बताया कि करीब 10 वर्ष पहले उनकी बहन की शादी दीनानाथ राय के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही संजू की अपनी सास की मौत हो गई । इसके बाद उनके ससुर विरत राय ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद में एक पुत्र ने जन्म लिया। जिसके बाद से ही उसकी सास संजू के ससुर पर जमीन लिख देने का दबाव देने लगी और संजू को तरह-तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। गत 24 अप्रैल को सूचना मिली कि उसकी सास के अलावा ससुर और उसके पति द्वारा उसके साथ मारपीट की गई है। परिवार के लोग मौके पर पहुंचकर उसे समझा बूझकर चले आए।

# पिता का इलाज कराने आई लड़की से हैवानियत

**सासामुसा।** रविवार रात यूपी के कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती के साथ सासामुसा रेलवे स्टेशन के पास तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता अपने पिता को लेकर लकवे का इलाज कराने के लिए कुचायकोट थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव आई थी। इलाज के बाद घर लौटने के दौरान यह घटना घटी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बचे दो आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस बड़ी वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और युवती से मिली जानकारी पर एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

# अवैध संबंध में प्रेग्नेंट हुई तो मांगने लगी रुपए प्रेमी ने कर दी हत्या

**अररिया।** अररिया के अररिया नगर थाना क्षेत्र के बांसबाड़ी स्थित एक मक्का खेत से महिला का शव बरामद किया गया था। उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गयी थी। अररिया पुलिस ने इस कांड का खुलासा कर दिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक यह हत्या बांसबाड़ी गांव निवासी 55 वर्षीय अब्दुल अहद ने की थी। गिरफ्तार अब्दुल अहद ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एसपी अंजनी कुमार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि महिला से इसका अवैध सम्बन्ध था और वह गर्भवती थी। इसके कारण मृतका द्वारा इनसे बार-बार पैसा मांगा जा रहा था। इससे परेशान होकर एवं भेद खुलने के भय से अब्दुल अहद ने गुरूवार की शाम उसे मकई खेत में मिलने के लिए बुलाया और फिर वहीं उसकी हत्या गला घोंटकर हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि पकड़े जाने से बचने के लिए अब्दुल ने महिला का मोबाइल भी खेत में ही छुपा दिया था। गिरफ्तार अब्दुल की निशानदेही पर छुपाया गया मृतका का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि घटना के त्वरित उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया के नेतृत्व में थानाध्यक्ष अररिया एवं डीआईयू के साथ विशेष टीम का गठन किया गया था।

# सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत

**दो जख्मी, पति संग जा रही थी मायके**




**नालंदा।** नालंदा में दो अलग अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 2 जख्मी हो गए है। घटना नूरसराय और दीपनगर थाना क्षेत्र में घटी है । महिला पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर मायके जा रही थी। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। नूरसराय थाना क्षेत्र के मेयार गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई , जबकि एक युवक जख्मी हो गया । मृतक बिहार थाना क्षेत्र के थवई मोहल्ला निवासी मो अरशद है जबकि जख्मी शेरपुर मोहल्ला निवासी मो राजा है । परिवार वालों ने बताया कि दोनों युवक घूम घूम कर एसी और फ्रिज बनाने का काम करता है । इसी सिलसिले में वह रविवार को चंडी गया था । वापस लौटने के दौरान हादसा उस वक्त हुआ जब आंधी बारिश आई हुई थी । इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गया ।

# दरभंगा में ससुराल पहुंचने से पहले दुल्हन किडनैप

**बदमाशों ने रास्ते में कार से खींचकर बाइक पर बैठाया**



महानगर नेटवर्क
दरभंगा

दरभंगा में शादी के बाद ससुराल जा रही दुल्हन का अपहरण हुआ है। गाड़ी में दूल्हा भी मौजूद था। बदमाशों ने पहले गाड़ी रुकवाई फिर हथियार के बल पर दुल्हन को जबरन कार से खींचकर बाइक पर बैठाया और फरार हो गए। लड़की की मां ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दूल्हे का कहना है 'अब उस लड़की को नहीं रखूंगा, मैं दूसरी शादी कर लूंगा।' घटना सकतपुर थाना क्षेत्र की है। दुल्हन मधुबनी जिले के गंगापुर गांव की रहने वाली है।

**धमकी दी- किसी को बताया तो दूल्हे को मार देंगे**

दुल्हन की मां जानकी देवी ने बताया- '25 अप्रैल को बेटी माला कुमारी (20) की शादी घनश्यामपुर निवासी भगलू राम के बेटे संजय राम से की। शादी के बाद 26 अप्रैल को देर शाम बेटी अपने मायके गंगापुर से ससुराल जा रही थी। जिस गाड़ी में दूल्हा-दुल्हन बैठे थे, उसमें दुल्हन का भाई पप्पू राम के साथ-साथ लड़के का पिता बबलू राम और जीजा भी थे।'

**बेटी के साथ कुछ भी हो सकता है**

जानकी देवी ने बताया- 'दुल्हन के पास सोने और चांदी के जेवर थे। दूल्हे के पास भी सोने की अंगूठी थी। बदमाश जेवर और नकदी भी लेकर भाग गए। बदमाश उनकी बेटी के साथ अनहोनी कर सकते हैं। पुलिस कहीं से बेटी को ढूंढकर आए।'

## व्यापार

# ओडिसी इलेक्ट्रिक ने लांच की इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स बाइक



**मुंबई।** भारत की तेजी से बढ़ती प्रमुख प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने भारत की सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स बाइक 'ओडिसी इवोकिस लाइट' लॉन्च की है। ओडिसी इवोकिस लाइट एक आकर्षक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल है, जिसे खासतौर पर उन युवाओं और राइडिंग प्रेमियों के लिए तैयार किया गया है, जो रोमांच के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाना चाहते हैं। इसकी शुरुआती कीमत XX... रुपये रखी गई है। इसमें 60 वोल्ट की बैटरी लगी है, जो 75 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार देती है और एक बार चार्ज करने पर 90 किलोमीटर तक का सफर तय करने में सक्षम है। यह बाइक लंबे खुले रास्तों पर बिना प्रदूषण के शानदार सफर का अनुभव देती है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करें एक लाख और पाएं 16,022 का फिक्स रिटर्न

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

मार्केट कैप के लिहाज से बैंक ऑफ बड़ौदा देश का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी बैंक है। बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) में करोड़ों भारतीयों के खाते हैं। ये सरकारी बैंक अपने ग्राहकों को बचत खातों पर शानदार ब्याज दे रहा है। आज हम आपको बैंक ऑफ बड़ौदा की एक ऐसी बचत स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें आप सिर्फ 1 लाख रुपये जमा कर 16,022 रुपये का फिक्स ब्याज प्राप्त कर सकते हैं। जी हां, हम बैंक ऑफ बड़ौदा की 2 साल वाली एफडी स्कीम के बारे में बात कर रहे हैं।

**2 साल की एफडी पर 7.00 से 7.50 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है BoB**

पब्लिक सेक्टर का बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ग्राहकों को अलग-अलग अवधि की एफडी




स्कीम पर 4.25 प्रतिशत से लेकर 7.65 प्रतिशत तक का ब्याज दे रहा है। ये सरकारी बैंक 444 दिनों की स्पेशल एफडी स्कीम पर सामान्य नागरिकों को 7.15 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.65 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा 2 साल की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 7.00 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.50 प्रतिशत का बंपर ब्याज दे रहा है। बताते चलें कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट घटाए जाने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी अपनी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कटौती कर दी थी।

# टेस्ला ने मुंबई में ऑफिस लीज पर लिया

**ये भारत में कंपनी की जल्द एंट्री का संकेत**

महानगर नेटवर्क
मुंबई

इलॉन मस्क की टेस्ला ने मुंबई में एक ऑफिस लीज पर लिया है। ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला ने फीनिक्स मार्केट सिटी में एक को-वर्किंग फैसिलिटी के भीतर 30 सीटों वाला वर्कस्पेस लिया है। इसके लिए उसे 3 लाख रुपए महीने का पेमेंट करना होगा। इससे पहले टेस्ला ने बीकेसी में अपने नए शोरूम के लिए 3.87 करोड़ रुपए की एनुअल फीस पर 4,003 वर्ग फीट जगह लीज पर ली थी। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि टेस्ला की भारत में एंट्री बहुत नजदीक है।

**ईवी प्लांट के लिए टेस्ला की राज्य सरकारों से बात**




कंपनी पहले से ही तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्य सरकारों के साथ 2 बिलियन डॉलर तक के निवेश के साथ अपना ईवी प्लांट स्थापित करने के लिए बातचीत कर रही है।

**टेस्ला ने की भारतीय ग्राहकों की रिजर्वेशन फीस वापस**

उधर, टेस्ला इंक उन भारतीय ग्राहकों की रिजर्वेशन फीस वापस कर रही है जिन्होंने इसके मॉडल 3 को प्री-बुक किया था। टेस्ला ने मॉडल 3 स्टैंडर्ड रेंज RWD वर्जन को बंद कर दिया है। कंपनी अब मॉडल 3 लॉन्ग रेंज को सबसे किफायती विकल्प के रूप में पेश करती है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2016 में बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को कंपनी ने ईमेल भेजा है: "हम फिलहाल आपकी रिजर्वेशन फीस अभी के लिए वापस करना चाहते हैं। जब हम भारत में अपनी पेशकश को अंतिम रूप देंगे, तब हम फिर से आपसे संपर्क करेंगे। हमें उम्मीद है कि जब हम आपके देश में लॉन्च और डिलीवरी के लिए तैयार होंगे, तब आप हमारे साथ फिर जुड़ेंगे।

# सेंसेक्स 1,005 अंक चढ़कर 80,218 पर बंद

महानगर नेटवर्क
मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी 28 अप्रैल को तेजी रही। सेंसेक्स 1,005 अंक (1.27%) की तेजी के साथ 80,218 के स्तर पर बंद हुआ। ये इसका 4 महीने का हाई लेवल है। निफ्टी में भी 289 अंक (1.20%) की तेजी रही, ये 24,328 पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, मेटल और फार्मा शेयर्स में तेजी रही। वहीं FMCG और IT शेयर्स पर दबाव देखने को मिला। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और 7 में गिरावट रही। वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 शेयर बढ़कर और 11 शेयर गिरकर बंद हुए।

**हर क्लिक में विश्वास**

# ई-कॉमर्स धोखाधड़ी से निपटने के लिए अमेजन की बहु-स्तरीय रणनीति

महानगर नेटवर्क
मुंबई

भारत के व्यस्त बाज़ार में धोखाधड़ी और दुरुपयोग का बढ़ना तेजी से चिंता का कारण बनता जा रहा है। जैसे-जैसे ऑनलाइन शॉपिंग कार्ट्स भरते जा रहे हैं, अमेजन एक सतर्क प्रहरी के रूप में खड़ा है, जो अपने पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक रणनीतियां अपना रहा है। वृद्धि के साथ-साथ चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स,



एंटरप्राइज और फिनटेक प्लेटफार्मों पर धोखाधड़ी की गतिविधियाँ पिछले कुछ वर्षों में देश में काफी बढ़ गई हैं। हाल ही में पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट ने यह चौंकाने वाला तथ्य सामने रखा कि 57% घटनाएँ इन प्लेटफार्मों से जुड़ी धोखाधड़ी से संबंधित हैं। यह धोखाधड़ी विभिन्न रूपों में प्रकट होती है, जिसे सिस्टम में कुछ बुरे तत्वों द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। विक्रेता-संबंधी चुनौतियाँ: कुछ विक्रेता मार्केटप्लेस पर धोखाधड़ीपूर्ण प्रथाओं में शामिल हो सकते हैं। इसमें क्षतिग्रस्त सामान भेजना या नकली माल बेचना शामिल है। ऐसी प्रथाएँ ग्राहक के विश्वास और मार्केटप्लेस की अखंडता पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

# वित्त वर्ष 2024-25 में इंडस्ट्रियल ग्रोथ 4% रही

**सालाना आधार पर 1.9% कम हुई**

**मुंबई।** मार्च में इंडस्ट्रियल ग्रोथ 3% पर आ गई है। फरवरी में ये 2.9% पर थी, जो 6 महीने का निचला स्तर था। मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग सेक्टर के खराब परफॉर्मेंस के कारण इंडस्ट्रियल ग्रोथ कम हुई है। मैन्युफैक्चरिंग का IIP में तीन-चौथाई से ज्यादा का योगदान है।

मार्च में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का आउटपुट 3% रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में ये 5.9% था। वहीं माइनिंग सेक्टर के उत्पादन में मार्च में 0.4% की ग्रोथ देखी गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 1.3% थी। इलेक्ट्रिसिटी



सेक्टर में मार्च में 6.3% की ग्रोथ हुई। पिछले साल इसी महीने में इसमें 8.6% की ग्रोथ दर्ज की गई थी। FY25 में भारत की इंडस्ट्रियल ग्रोथ 4% रही,ये पिछले वित्त वर्ष में 5.9% थी। यानी साला आधार पर इंडस्ट्रियल ग्रोथ करीब 1.9% कम हुई है।

# होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च किया नया Dio 125

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल ने आज नया ओबीडी2बी अनुपालक Dio 125 लॉन्च किया। Dio 125 आकर्षक डिज़ाइन और एडवांस्ड फीचर्स से सुसज्जित है और इस नए स्कूटर की शुरुआती कीमत पुणे में RS. 96,749 रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। कंपनी ने ग्राहकों पर सबसे अधिक ध्यान देते हुए नए-नए प्रोडक्ट्स लाने की अपनी परंपरा को जारी रखा है। ओबीडी2बी Dio 125 के लॉन्च के बारे में कंपनी के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ''पिछले 21 सालों से Dio भारत में एक आइकॉनिक नाम रहा है, जो स्टाइल, परफॉर्मेंस और भरोसे का प्रतीक है। यह हमेशा ट्रेंडी और भरोसेमंद स्कूटर चाहने वालों की पहली पसंद है। नए ओबीडी2बी Dio 125 के लॉन्च के साथ, हम इसकी मशहूर विरासत को और आगे ले जा रहे हैं, जिसमें मोटो-स्कूटर का मूल आकर्षण बरकरार है और ग्राहकों के लिए नए फीचर्स और रोमांच को जोड़ा गया है।'

# एएससीआई ने इंफ्लुएंसर गाइडलाइंस में संशोधन किया

**मुंबई।** एडवर्टाइजिंग स्टैण्डर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने अपने इन्फ्लुएंसर एडवर्टाईजिंग गाइडलाइंस के लिए एक अपडेट जारी किया है,जो विशेष रूप से हेल्थ एवं फाइनेंस इन्फ्लुएंसर्स के लिए ऐडेंडम 2 से संबंधित है। इससे पहले सभी इन्फ्लुएंसर्स जो बीएफएसआई और स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को व्यावसायिक सामान या सेवाओं के बारे में सलाह देते, प्रचार करते या उनके गुण-दोष पर टिप्पणी करते थे, उन्हें ऐसी जानकारी या सलाह देने के लिए आवश्यक योग्यता और प्रमाणपत्र रखने होते थे। अपडेटेड गाइडलाइंस सामान्य प्रचार और किसी उत्पाद या सेवा के तकनीकी पहलुओं के प्रचार के बीच अंतर करते हैं।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# आकाश आनंद के बचाव में मायावती!

## बीजेपी, कांग्रेस को लगाई कड़ी फटकार



**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने सोमवार को सिलसिलेवार 4 पोस्ट्स किए। इस पोस्ट्स के संदर्भ में जानकारों का मानना है कि यह उनके भतीजे आकाश आनंद को लेकर है। फरवरी से मार्च के दौरान आकाश आनंद पार्टी से गए और फिर बाद में माफी-तलाफी के बाद उनकी रीएंट्री हुई। हालांकि अभी तक उन्हें कोई अहम जिम्मेदारी नहीं मिली है।

इस बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य विपक्षी दल के नेता इस रणनीति पर सवाल उठा रहे हैं। इन सब पर अब बसपा चीफ ने चुप्पी तोड़ी है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर मायावती ने लिखा- देश के दलित व अन्य उपेक्षितों के हितैषी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता की मंजिल तक पहुँचाने के मिशन में तत्पर बी.एस.पी. में कार्यरत लोगों के आने-जाने में कुछ भी निजी नहीं बल्कि यह पार्टी व मूवमेन्ट के हित पर पूर्णतः निर्भर है।

**यह सब दोहरा मापदण्ड नहीं है तो और क्या?**

बसपा चीफ ने लिखा- साथ ही, विरोधी पार्टियों के षडयंत्र के तहत पार्टी के कुछ लोग, उनके बहकावे में आकर जब अपनी ख़ुद की पार्टी को कमजोर करने में लग जाते हैं, या फिर पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने व परिपक्वता के साथ कार्य ना करने के कारण तब उन्हें मजबूरी में, पार्टी हित में निकालना पड़ता है। यूपी की पूर्व सीएम ने लिखा- किन्तु जल्दी ही उनके समझ में आने व गलती का अहसास करने के बाद जब उन्हें पार्टी में वापस ले लिया जाता है, तो तब फिर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य विरोधी पार्टियां इसे आया राम व गया राम की संज्ञा देकर, पार्टी की छवि को धूमिल करने की पूरी-पूरी कोशिश करती हैं।

**छवि को खराब करने की कोशिश**

उन्होंने लिखा- और जब यही कार्य विरोधी पार्टियाँ करती हैं तब उसे वे पार्टी हित का मामला कहकर टाल देती हैं, लेकिन बीएसपी के मामले में इसे ये किस्म-किस्म की संज्ञा देकर इस पार्टी की छवि को खराब करने की कोशिश करती हैं। यह सब इनका दोहरा मापदण्ड नहीं है तो और क्या है? पार्टी के लोग सतर्क रहें। वहीं इससे पहले भी मायावती ने कांग्रेस पार्टी को आईना दिखाते हुए कहा था कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए।

# यूपी से बाहर किए गए सभी पाकिस्तानी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश से सभी पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 24 घंटे के अंदर पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढकर देश से बाहर भेज दिया गया। अंतिम बचे एक नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसियां लगातार इन पर नजर रखे हुए हैं। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया है। इसको देखते हुए यूपी सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। सीएम योगी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करने के साथ ही उन्हें देश के बाहर रवाना करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि वह सीधे पाकिस्तान ही जाएं। इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजें। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सीएम के निर्देश पर प्रदेशभर में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्हें ढूंढकर तत्काल वापस भेजा गया। सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश में भेज दिया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों से पाकिस्तानी नागरिकों के साथ स्थानीय पुलिस दल को भी भेजा गया।

# कोखराज में मिट्टी का टीला धसने से पांच लोगों की मौत

## दो की हालत नाजुक

**महानगर संवाददाता**
**कौशाम्बी**

यूपी के कौशांबी जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां मिट्टी का टीला ढहने से बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी में दबकर पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो घायल भी हैं। सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया। शोर गुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीण। ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला। सुबह लगभग 7:30 बजे यह घटना हुई। घर की पुताई के लिए मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पांच मौतों से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है। मौके पर पुलिस एवं फायर ब्रिगेड टीम पहुंची। कोखराज थाना क्षेत्र के टीकरडीह में यह हादसा हुआ। संगीता देवी (35) पत्नी राजेश, ममता (32) पत्नी अवधेश। कछरही (65) पत्नी छोटेलाल। उमा उर्फ सुमन (14) पुत्री मायादीन। खुशी (16) पुत्री मूलचंद की मौत हो गई।



**सीएम योगी ने दिए इलाज के आदेश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कौशांबी में हुए हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इस हादसे ने एक बार फिर मिट्टी खुदाई के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी का गंभीर मुद्दा उठा दिया है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सहायता का आश्वासन दिया है।

# भटगांव मामला: आईएएस अभिषेक से रिकवरी की तैयारी

## नियुक्ति विभाग जल्द देगा नोटिस



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भटगांव में डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण घोटाले में कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी मिलने के बाद नियुक्ति विभाग ने दोषियों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इस मामले के सबसे अहम आरोपी निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश से जल्द ही रिकवरी के लिए नोटिस देने की तैयारी है। इसके साथ ही दोषी पीसीएस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। लखनऊ के सरोजनीनगर में डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में प्रथम दृष्टया अभिषेक प्रकाश समेत 16 अधिकारियों को दोषी ठहराया गया है।

नियुक्ति विभाग सभी आरोपी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के साथ ही भूमि अधिग्रहण में नियमों को ताक पर रखकर दिए गए मुआवजे की रिकवरी करने पर विचार कर रहा है। यह देखा जा रहा है कि सरकारी धन को क्षति पहुंचाने के लिए कौन कितना जिम्मेदार है, उस हिसाब से ही रिकवरी नोटिस दी जाएगी। पीसीएस अधिकारियों के मामले में भी परीक्षण किया जा रहा है, जो नौकरी में हैं, उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होनी है और जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी पेंशन रोकने के साथ ही अन्य कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

# सपा सांसद पर हमला करने वालों को DGP और CM का स्पोर्ट

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को एक मीडिया वार्ता में आरोप लगाया कि सपा सांसद राम जी लाल सुमन पर हमला करने वालों को डीजीपी और मुख्यमंत्री का पूरा समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के लोगों को चुन-चुन कर मारा जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा, "हम लोग हमलों से डरने वाले नहीं हैं। कुछ लोगों को किसी भी तरह की कार्रवाई करने की खुली छूट मिली हुई है। हमला करने वालों को सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त है।" सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर वह बातचीत के लिए तैयार हैं। हम लोग हमले से डरने वाले नहीं। कुछ लोगों को कुछ भी करने की छूट मिली हुई है। हमला करने वालों को सरकार का पूरा सेल्टर मिला हुआ है। वीर सावरकर कर मुद्दे पर अखिलेश ने कहा कि हर महापुरुष से भावनाएं जुड़ी होती हैं। उस पर ठेस नहीं पहुचानी चाहिए। इसका मतलब यह नहीं कि हम राहुल गांधी को कोई सलाह दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब सरकार जाने वाली है तो नए नए एक्सप्रेस की घोषणा जा रही है। वहीं रविवार की घटना के बाद सोमवार को एक बार फिर समाजवादी पार्टी के सांसद राम जी लाल सुमन ने एक बार फिर करणी सेना को एक तरह से जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वो ऐसे किसी के सामने झुकने वाले नहीं हैं और न ही माफी मांगेगे।

**सांसद के काफिले पर फेंके गए थे टायर, बाल-बाल बचे**

इससे पहले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के काफिले पर रविवार को अलीगढ़ और दिल्ली के बीच गभाना टोल बूथ पर कथित रूप से करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने टायर फेंके। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह से कई वाहन आपस में टकरा गये। इस घटना में सुमन बाल-बाल बच गये। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और संबंधित चौकी प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) एम.एस. पाठक ने बताया, ''सपा राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन को इलाके से सुरक्षित निकाल लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कई प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।''

# 33 अफसर और 36 पुलिस अधिकारियों को धमकी

## गोरखपुर मठ के नाम से किए फोन, गैंग में कथावाचक भी शामिल



**संभल।** गोरखपुर के मठ के नाम से कोतवाल को अच्छी पोस्टिंग दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपये मांगने के आरोप में पुलिस ने एक कथावाचक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र के सिहामऊ निवासी कथावाचक नारेंद्र, सुधीर कुमार मिश्रा और रामपुर के पटवाई थाना क्षेत्र के परतापुर निवासी राज शामिल है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के भाई कपिल सिंघल के कहने पर गोरखपुर मठ के नाम से कोटपूर्वी निवासी विपुल गुप्ता को फोन पर धमकाया भी था। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि कपिल सिंघल ने अपने विरोधी विपुल गुप्ता को धमकी दिलाने के लिए 30 हजार रुपये एडवांस दिए थे। बाद में भी रुपये दिए जाने थे। कपिल सिंघल का विपुल गुप्ता के साथ लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोपियों ने कोतवाली प्रभारी रहे अनुज तोमर को अच्छी पोस्टिंग दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग की थी। एसपी ने बताया कि विपुल गुप्ता को धमकाने के मामले में इन आरोपियों के साथ कपिल सिंघल भी आरोपी है। इस मामले में पहले ही एक एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। आरोपियों ने कोतवाली प्रभारी रहे अनुज तोमर के सीयूजी नंबर पर 30 जनवरी को कॉल की थी। कहा था कि वो गोरखपुर के मठ से बात कर रहे हैं। आरोपियों ने इंडियन फ्रोजन फूड कंपनी (मीट फैक्टरी) के मालिक से बात कराने के लिए कहा था। आरोपी लगातार फोन करते रहे लेकिन कोतवाली प्रभारी ने बात नहीं कराई थी। एसपी ने बताया कि आरोपी मीट फैक्टरी मालिक को धमकाने और वसूली करने के इरादे से साजिश कर रहे थे। कोतवाल ने इरादा समझ लिया था इसलिए बात नहीं कराई थी। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि यह गिरोह मुख्यमंत्री कार्यालय की फर्जी मुहर लगाकर अधिकारियों को पत्राचार कर रहा था। इसके अलावा छानबीन में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने एक महीने के अंदर 33 राजस्व अधिकारियों को प्रदेशभर में कॉल की है। इसी तरह 36 पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नंबर पर 135 बार कॉल की गई है। बताया कि इस गिरोह की छानबीन आगे भी की जा रही है। उसके आधार पर कार्रवाई आगे की जाएगी। इस गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जानी है।

## बिलावल भुट्टो पर तबरेज मुनव्वर राणा ने बोला हमला

# जितने बड़े इलाके के ये नेता उतना तो हमारे कुत्तों के पास है

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



पाकिस्तान में पीपल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो ने सिंधु जल समझौता रद्द होने पर खून बहाने की धमकी दी, जिस पर मशहूर शायर रहे मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज मुनव्वर राणा ने बिलावल भुट्टो पर हमला बोलते हुए कहा कि जितने बड़े इलाके में वो सियासत करते हैं उतना बड़ा इलाका तो हमारे यहां कुत्तों के पास होता है। यही नहीं उन्होंने साफ कहा कि सिंधु हिन्दुस्तान है और हमारे देश की पहचान है।

तबरेज राणा ने बिलावल भुट्टो की तुलना चूजे से कर दी और कहा कि उसकी इतनी हैसियत नहीं कि वो सिंधु में हमारा ख़ून बहाए। तबरेज ने कहा- "उस चूजे के अंदर इतना गुरूर इतना घमंड है, जो कहीं स्टैंड नहीं करता, ये उस नदी में हमारा खून बहाएगा इसकी उतनी हैसियत नहीं। जितने बड़े इलाके का ये नेता है... उतना बड़ा इलाका हमारे शहर में कुत्तों के पास होता है। जितने बड़े इलाके में रहकर ये अपनी राजनीति करता है।

इस दौरान उन्होंने अपने पिता मुनव्वर राणा की नज्म का जिक्र करते हुए कहा कि "उनकी पुरानी नज्म है जिसे उन्होंने (मुनव्वर राणा) वहां जाकर पढ़ा था उसका मतलब था, सिंधु की सदियों से हमारे देश की पहचान है। ये नदी गुजरे जहां से समझो हिन्दुस्तान है... इस नदी को हरेक कहानी याद है। इसको बचपन याद है।

# दो दिवसीय दौरे पर आज अमेठी पहुंचेंगे राहुल गांधी

**अमेठी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 29 और 30 अप्रैल को अपने दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली और अमेठी पहुंच रहे हैं। इस दौरान राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली और पड़ोसी जिले अमेठी में कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण करेंगे। उनके दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। राहुल गांधी पहली बार रायबरेली से सांसद बनने के बाद औपचारिक तौर पर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले वह अमेठी के सांसद रहे थे, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें बीजेपी नेता स्मृति ईरानी से हार का सामना करना पड़ा था। इस बार रायबरेली से भारी मतों से जीत हासिल करने के बाद राहुल गांधी पर जनता की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं. सूत्रों के मुताबिक, अपने दौरे में राहुल गांधी विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करेंगे, जनता से सीधा संवाद भी करेंगे और स्थानीय विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति पर चर्चा भी कर सकते हैं।

# लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की: अवधेश प्रसाद

**अयोध्या।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर इन दिनों सियासत भी गरमाई हुई है। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार इसे सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि आतंकियों के पास इतना समय नहीं होता कि धर्म पूछकर मारते। उनके इस बयान पर फैजाबाद सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इस हमले को देश की आजादी पर हमला बताया और कहा कि इसकी जिम्मेदारी सरकार की होती है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि "यह हमला हमारे देश की आजादी पर हमला है।

# अवैध मदरसों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, चलेगा बुलडोजर



**बहराइच।** यूपी के बहराइच में सोमवार को जिला अपलसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने टीम के साथ कई मदरसों में छापेमारी की। इस दौरान कई हैरान करने वाली बातें सामने आईं। यहां कक्षा 10वीं का कोई भी छात्र अंग्रेजी में अपना नाम नहीं लिख सका। इस पर अधिकारियों ने मदरसे को नोटिस जारी की। इसमें अरबी और फारसी के अलावा अन्य विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करने को कहा। इस दौरान दो मदरसों को सीज किया गया है।

नेपाल से होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की वजह से मदरसों के खिलाफ अभियान चलाया गया। तहसीलदार अंबिका चौधरी के निर्देश पर जिले में अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि दो मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आगे अभी जांच करके और कार्रवाई की जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया किया कि निरीक्षण के दौरान कक्षा 10 के छात्रों से अपना और मदरसे का नाम अंग्रेजी में लिखने को कहा गया।

# जनता की समस्याओं को लेकर योगी सरकार सख्त

## अफसरों की नकेल कसने को बनेंगे रजिस्टर

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



योगी सरकार ने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कदम उठाया है। अब सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के भेजे गए पत्रों की अनदेखी करने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर संसदीय कार्य विभाग ने शासनादेश जारी करते हुए सभी प्रमुख सचिवों, डीजीपी, मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

जन समस्याओं के मामले में योगी सरकार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक सरकारी कार्यालय में जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर रखा जाए, जिसमें जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का विवरण दर्ज किया जाए। साथ ही पत्र प्राप्त होते ही उसका जवाब भेजा जाए। साथ ही मामले के निस्तारण की स्थिति भी संबंधित जनप्रतिनिधि को अवगत कराई जाए। ताकि एक ही प्रकरण में बार-बार पत्राचार की आवश्यकता न पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों को गंभीरता से लिया जाए। साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान में कोई लापरवाही न बरती जाए। आम आदमी की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों और कार्यालयों में जनप्रतिनिधियों के पत्रों का रिकॉर्ड रखने के लिए पत्राचार रजिस्टर अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही पत्र की प्राप्ति पर तत्काल पूरी जानकारी उपलब्ध करानी होगी। साथ ही समाधान की सूचना देना भी जरूरी होगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के पत्रों की अनदेखी की गई, तो उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

शासन में बढ़ेगी पारदर्शिता और जवाबदेही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह निर्णय शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देगा।

# दो वर्ष के लिए बंद होगा सिविल लाइंस बस स्टेशन




**प्रयागराज।** शहर की धड़कन कहे जाने वाला सिविल लाइंस बस अड्डा पुनर्निर्माण के लिए दो वर्ष के लिए बंद होगा। माह भर के भीतर बस अड्डा बंद हो जाएगा। इस दौरान शहर में बसें कहां से चलेंगी, उसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ओमेक्स कंपनी नए सिरे से बस स्टेशन का निर्माण करेगी। यह काम तभी शुरू होगा, जब यहां से संचालित बसें किसी और स्थान पर शिफ्ट की जाएं। शासन से भी यूपी रोडवेज प्रयागराज रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक को कहा गया है कि वह सिविल लाइंस बस स्टेशन कहां शिफ्ट हो सकता है, उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन जिला प्रशासन के माध्यम से करवाकर भेजें। सिविल लाइंस बस स्टेशन से वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, लखनऊ, अयोध्या, बरेली, हल्द्वानी, बस्ती, आगरा, मथुरा, कानपुर, झांसी और दिल्ली रूट की बसें संचालित होती हैं। शहर के बीच में होने की वजह से लोग आसानी से यहां पहुंच जाते हैं। अब दो वर्ष के लिए स्टेशन के बंद होने संचालित बसों का नया ठिकाना कहां होगा, उसकी तैयारियों में यूपी रोडवेज प्रशासन जुट गया है।

सिविल लाइंस बस स्टेशन के बंद होने के साथ ही बसों का नया ठौर कहां होगा, उसे लेकर रोडवेज प्रशासन मंथन कर रहा है। महाकुंभ के दौरान नेहरू पार्क मैदान में अस्थायी बस स्टेशन बनाया गया था। वहां जगह भी काफी है, लेकिन वह सेना की जमीन है। दो वर्ष के लिए सेना अपनी जमीन रोडवेज को देगी या नहीं, यह अभी तय नहीं है।

## नरेश टिकैत के पूरे पाकिस्तान को सजा नहीं देने वाले बयान पर भाजपा का पलटवार

# ये देश विरोधी ताकतों को मजूबत करना है

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर पूरे देश में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी बीच भारतीय किसान यूनियन के नेता नरेश टिकैत ने आतंकी हमले के लिए भारत सरकार की गलती और सिंधु जल संधि निरस्त कर पूरे पाकिस्तान को सजा नहीं देने वाला बयान दिया। भारतीय जनता पार्टी के यूपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पलटवार करते हुए उन्हें ऐसे बयानों से बचने की नसीहत दी।

दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों के पनाहगार पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को मानते हुए भारत सरकार ने कई बड़े और कड़े फैसले लिए। इसमें तत्काल प्रभाव से 1960 सिंधु जल समझौता को निरस्त करना भी शामिल है। इसी बीच किसान नेता नरेश टिकैत ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा, 'सभी पाकिस्तानी आतंकी नहीं होते, पानी रोकने से किसी समस्या का हल नहीं होगा। ऐसे आतंकी हमले के लिए सरकार की भी गलती है। सरकार ने सेना में कटौती की है। सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन इस तरह पानी रोककर पूरे पाकिस्तान को सज़ा देना सही नहीं है।"

नरेश टिकैट के इस बयान का भाजपा नेता विरोध कर रहे हैं और उनसे माफी की मांग कर रहे हैं। यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे इस तरह के बयानों से बचने की नसीहत दी। भूपेंद्र चौधरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'मैं उनके बयान की निंदा करता हूं। वे संगठन के एक जिम्मेदार नेता हैं. इस प्रकार का बयानबाजी करना, कहीं न कहीं देश विरोधी ताकतों को मजबूत करना है. मुझे विश्वास है कि नरेश टिकैत जैसे मजबूत नेता ऐसी बयानबाजी से बचेंगे।'

# यमुना पर नए पुल को रेलवे की मंजूरी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 160 साल पुराने पुल के स्थान पर यमुना पर नया रेलवे पुल बनने का रास्ता साफ हो गया है। रेलवे बोर्ड ने प्रयागराज मंडल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और इसके लिए बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही रेलवे की एक टीम ने नए पुल के लिए सर्वे कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। अब जल्द ही कार्यदायी एजेंसी का चयन कर निर्माण की प्रक्रिया को गति दी जाएगी।

रेलवे का यह नया पुल जीवन ज्योति अस्पताल के पास से शुरू होकर ईसीसी के बगल से यमुना के उस पार शुआट्स तक जाएगा। पुल की अनुमानित लंबाई लगभग डेढ़ हजार मीटर होगी, हालांकि इसके लिए सर्वे कराया जा रहा। सर्वे में पुल की लम्बाई, जगह, खर्च, जमीन अधिग्रहण आदि बिंदुओं को ध्यान में रखकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। फाइनल सर्वे के बाद इसमें बदलाव संभव है। नया पुल दो लेन का होगा और इसे अत्याधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा। पुल का निर्माण रेलवे की आधुनिक पुल की तर्ज पर स्फेरिकल बेयरिंग तकनीक पर आधारित होगा, जिससे यह भूकंप, चक्रवात, विस्फोट जैसी आपदाओं का भी सामना कर सकेगा।

नए पुल को 2031 से पहले तक तैयार करने का लक्ष्य है। प्रयागराज में उसी वर्ष कुम्भ मेले का आयोजन भी प्रस्तावित है। रेलवे की योजना है कि कुम्भ से पहले नया पुल बनकर तैयार हो जाए और इस पर ट्रेनों का संचालन भी शुरू कर दिया जाए। प्रयागराज से मुम्बई रूट पर तीसरी लाइन का काम तेजी से चल रहा है। बिना नया पुल बने प्रयागराज से कनेक्टविटी संभव नहीं है।

# काशी के मंदिरों में विधि-विधान से मनेगा परशुराम जन्मोत्सव

**महानगर संवाददाता**
**वाराणसी**



भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया को मनाया जाता है। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर इस बार सर्वार्थ सिद्ध, सौभाग्य योग और त्रिपुष्कर योग का निर्माण हो रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, प्रदोष काल में भगवान परशुराम का अवतार हुआ था। इसलिए वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन प्रदोष काल में भगवान परशुराम की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है।

ज्योतिषाचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने बताया कि काशी के पंचांगों के अनुसार द्वितीया तिथि 29 अप्रैल को रात 8:09 बजे तक है और उसके बाद तृतीया तिथि लग रही है। 30 अप्रैल को शाम 5:57 बजे तक ही तृतीया का मान रहेगा। 29 अप्रैल को समश्रृंग चंद्र दर्शन सामान्य है। सूर्यास्त के बाद छह घटी प्रदोष काल में तृतीया तिथि का भी मान हो जा रहा है। इसके कारण भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 29 अप्रैल को ही मनाया जाएगा। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्ध योग, सौभाग्य योग और त्रिपुष्कर योग में सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में जन्मोत्सव का मुहूर्त मिल रहा है। इस तिथि पर श्री काशी विश्वनाथ धाम समेत शहर के सभी मंदिरों में जन्मोत्सव के अनुष्ठान संपन्न होंगे। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भक्त इस दिन व्रत रखते हैं और भगवान परशुराम की पूजा करते हैं। भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक गंगाजल, दूध, पंचामृत से किया जाता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किए पद्म पुरस्कार-2025

## देश की इन विभूतियों को मिला सम्मान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-I में पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुल 71 लोगों को पद्म अवॉर्ड से सम्मानित किया, जिसमें 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-I में वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

### इन्हें मिला पद्म विभूषण

**एम. टी. वासुदेवन नायर**

इस कड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रसिद्ध मलयालम लेखक एम. टी. वासुदेवन नायर को फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक, संपादक और वक्ता, को मलयालम भाषा, साहित्य और सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

**डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी**

तेलंगाना के प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी को एंडोस्कोपी में उनकी अभूतपूर्व नैदानिक प्रगति और अग्रणी चिकित्सा अनुसंधान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

**डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम**

इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कला और संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया है।

**ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत)**

वहीं जापान के दिवंगत उद्योगपति ओसामु सुजुकी, जो सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख थे, को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित किया गया है।



### इनका पद्म भूषण से हुआ सम्मान

**अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण-** आंध्र प्रदेश के निवासी तेलुगु अभिनेता और राजनीतिज्ञ नंदमुरी बालकृष्ण को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। पांच दशकों के करियर में उन्होंने भारतीय सिनेमा और सार्वजनिक जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है।

**विनोद कुमार धाम-** अमेरिका में रहने वाले एक व्यवसायी और प्रौद्योगिकीविद् हैं, जिन्हें विज्ञान और इंजीनियरिंग में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है।

**सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत)-** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ राजनेता सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) को सार्वजनिक मामलों में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी जेसी जॉर्ज ने राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया है।

**शेखर कपूर-** प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक शेखर कपूर को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है।

**एस. अजित कुमार-** तमिल फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता और रेसिंग ड्राइवर एस. अजित कुमार को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है।

**डॉ. अर्कलगुड अनंतरमैया सूर्य प्रकाश-** वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अर्कलगुड अनंतरमैया सूर्य प्रकाश - जो लोकतंत्र और संसदीय मुद्दों पर लिखने के लिए जाने जाते हैं। उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है।

**पंकज केशुभाई उधास (मरणोपरांत)-** प्रतिष्ठित गजल गायक पंकज केशुभाई उधास, जिन्होंने 4 दशकों में 60 से अधिक एल्बम और 500 से अधिक गजलों का योगदान दिया। कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया है।

**पी.आर. श्रीजेश-** पी.आर. श्रीजेश हॉकी गोलकीपर हैं, वे दो बार ओलंपिक पदक, उत्कृष्ट प्रदर्शन और नेतृत्व के लिए सम्मानित किए जा चुके हैं। खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है।

इनके अलावा इस कड़ी में पंकज आर. पटेल, जो गुजरात के व्यवसायी हैं उन्हें यह सम्मान व्यापार जगत में योगदान के लिए दिया गया। वहीं डॉ. आर जोश चाको को यह सम्मान मेडिकल के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया।

# पाकिस्तान की बात मान लेनी चाहिए

## टेंशन के बीच 3 नेताओं ने कराई कांग्रेस की फजीहत

महानगर नेटवर्क

जम्मू



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जहां भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों में रोज नई गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारी तनाव के बीच जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने सोमवार को भारत-पाक वार्ता की वकालत करके विवाद खड़ा कर दिया है। विधानसभा के बाहर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कर्रा ने कहा, "मैं दोनों पक्षों से शांत रहने का अनुरोध करता हूं और जो कुछ भी करना है, वह बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए।" बड़ी बात यह है कि इन नेताओं के बयान ऐसे वक्त में आया है, जब पार्टी नेतृत्व ने सभी नेताओं से ऐसे बयानों से बचने की सलाह ही है, जो पार्टी लाइन से हटकर है।

कर्रा ने पोनीवालों सहित स्थानीय गाइडों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी त्वरित कार्रवाई ने कई लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा, "स्थानीय पोनीवालों की वजह से मौतों की संख्या बहुत कम रही। अगर उन्होंने समय रहते कार्रवाई नहीं की होती, तो मौतों का आंकड़ा भयावह हो सकता था। हमें उनका शुक्रिया अदा करना चाहिए।"

हालांकि, दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष ने गतिरोध को हल करने के लिए बातचीत का समर्थन किया। उन्होंने कहा, "मैं हाथ जोड़कर दोनों पक्षों (भारत और पाकिस्तान) से शांत रहने का अनुरोध करता हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं सैकड़ों और हजारों लोगों का प्रतिनिधित्व करता हूं, तो उन्हें शांत रहना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा, "कुछ हल किया जाना चाहिए और जो कुछ भी किया जाना है, उसे टेबल पर बैठकर किया जाना चाहिए। उन्हें इसे सुलझाना चाहिए। दोनों देशों को अब और तबाही की ओर नहीं धकेला जाना चाहिए।"

बांदीपुर से कांग्रेस विधायक निजामुद्दीन भट ने भी भारत-पाक वार्ता की वकालत की। उन्होंने कहा, "बातचीत जरूरी है। भाजपा हमारी बात नहीं सुन सकती, लेकिन हम एक ऐसा देश हैं, जिसकी विचारधारा उदार है, हम एक लोकतंत्र हैं, हमारा राष्ट्र गुटनिरपेक्ष है। हम युद्ध और युद्धोन्माद से नफरत करते हैं। हम लोगों की जान ऐसे ही नहीं जाने दे सकते।"

### 'पार्टी का कोई लेना-देना नहीं'

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर कांग्रेस का क्या स्टैंड है, इसे लेकर पार्टी सांसद जयराम रमेश ने सोमवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में क्रूर आतंकी हमला हुआ और उसी रात कांग्रेस पार्टी ने मांग रखी कि सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। कांग्रेस कार्य समिति ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें हमने कांग्रेस पार्टी की राय जनता के सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हमने कहा कि इस संवेदनशील समय में हमें एक होना है। हमें एकजुटता और एक सामूहिक संकल्प की जरूरत है। मैं साफ करना चाहता हूं कि ये नेता अपनी निजी राय दे रहे हैं और कांग्रेस का इन बयानों से कोई लेना-देना नहीं है।'

# पाकिस्तान की गलतफहमी दूर करना जरूरी: फारूक

महानगर नेटवर्क

जम्मू



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश है। देश दुनिया के तमाम बड़े नेताओं ने इस हमले की निंदा की है। इस बीच जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (JKNC) के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि हम पाकिस्तान की इस गलतफहमी को दूर करना चाहते हैं कि इन हरकतों से हम पाकिस्तान चले जाएंगे। हम जब 1947 में उनके साथ नहीं गए तो फिर आज क्यों जाएंगे? अब्दुल्ला ने कहा कि हम दो राष्ट्र सिद्धांत आज भी मानने को तैयार नहीं है। हम इससे कमजोर नहीं बल्कि मजबूत हो रहे हैं। मैं पहले हमेशा चाहता था कि बातचीत हो मगर हम उन पीड़ितों के परिवारों से क्या कहेंगे कि हम बातचीत कर रहे हैं? क्या बातचीत करना इंसाफ है? जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीरियों ने 1947 में द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था और कहा था कि उनका क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नहीं जाएगा। आज हम भी दो राष्ट्र के सिद्धांत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, हम सब एक हैं। हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, "हमें अफसोस है कि हमारा पड़ोसी आज भी यह नहीं समझ पा रहा है कि उसने मानवता की हत्या की है। जनरल मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान भारतीय कब्जे के खिलाफ संघर्ष में कश्मीरी लोगों के साथ खड़ा रहेगा। पहलगाम हमला पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्वारा दो-राष्ट्र सिद्धांत को उठाए जाने के कुछ ही दिनों बाद हुआ था। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान भारतीय कब्जे के खिलाफ संघर्ष में कश्मीरी लोगों के साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा था, "यह हमारी गले की नस थी, यह हमारी गले की नस है, हम इसे नहीं भूलेंगे।"

# मुर्शिदाबाद के दंगों में तोड़े गए मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार

**मुर्शिदाबाद।** वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हिंसक झड़पें और दंगे हुए थे। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिले के कई मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई थी। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में क्षतिग्रस्त मंदिरों का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार अक्षय तृतीया से शुरू होगा। विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने कहा कि ऐसे मंदिरों के 'शुद्धिकरण' के दौरान सभी अनुष्ठान किए जाएंगे। इस साल अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है। इसी दिन जिले के तोड़े गए मंदिरों को फिर से पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार करने का ऐलान अधिकारी द्वारा किया गया है। बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया, 'वर्तमान में इन मंदिरों पर जिहादियों द्वारा किए गए जघन्य, निंदनीय और बर्बर हमलों के निशान हैं।' उन्होंने कहा कि कुल नौ मंदिरों पर हमला किया गया और उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया।'

# स्वीडन ने भारत को भेजा हथियारों का जखीरा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



इंडिया-पाकिस्तान तनाव के बीच स्वीडन से भारत को एंटी-आर्मर हथियारों की डिलीवरी हुई है। साल 2016 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (POK) में आतंकियों के लॉन्च-पैड्स तबाह करने के लिए जिस कार्ल-गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया था, उसी के एडवांस वर्जन एटी-4 की डिलीवरी सेना को शुरू हो गई है। एटी-4 बनाने वाली स्वीडन की साब कंपनी ने खुद आधिकारिक बयान जारी कर ये घोषणा की है.

एटी-4 एक एंटी-आर्मर वेपन है, जिसका इस्तेमाल दुश्मन के बंकर तबाह करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। सेना को सप्लाई करने के बाद साब कंपनी ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि हमें भारतीय सशस्त्र बलों को अपने एटी-4 एंटी-आर्मर हथियार प्रणाली की सफल डिलीवरी की घोषणा करते हुए गर्व है. कंपनी के मुताबिक, टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से चुने जाने के बाद, एटी-4 भारतीय शस्त्रागार में शामिल हो गया है, जो शॉर्ट रेंज कॉम्बैट के लिए एक विश्वसनीय सिंगल-शॉट समाधान के रूप में कार्य करता है।

### सर्जिकल स्ट्राइक में कंधे पर लादकर पीओक गए थे सैनिक

साल 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक के लिए भारतीय सेना के पैरा-एसएफ कमांडो कार्ल गुस्टाफ को अपने कंधे पर लादकर ही पीओके दाखिल हुए थे। कॉल-गुस्टाफ से ही पैरा-एसएफ कमांडो ने आंतकियों के लॉन्च पैड्स और पाकिस्तानी सेना की उन चौकियों को तबाह किया था, जहां से आतंकियों की घुसपैठ कराने में मदद की जाती थी। कंपनी ने अपने बयान में ये भी बताया कि एटी-4 के जिए वेरिएंट का अधिग्रहण (खरीदा है) उसे विशेष रूप से सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है।

# गुजरात में 6500 संदिग्ध बांग्लादेशी पकड़ाए, 450 की पुष्टि

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने छापेमारी कर करीब 6500 अवैध बांग्लादेशी लोगों को हिरासत में लिया है। इनके बारे में शक है कि वे पड़ोसी देश के नागरिक हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक के कागजी सबूतों के आधार पर करीब 450 बांग्लादेशी नागरिकों के यहां अवैध रूप से रहने की बात सामने आई है। बाकी हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है। पुलिस डीजीपी सहाय ने सोमवार को बताया कि अहमदाबाद और सूरत में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान के बाद पूरे राज्य में इसी तरह की कार्रवाई की गई, जिसमें करीब 6,500 संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया गया और उनकी पहचान की पुष्टि की गई। आईपीएस अधिकारी ने बताया कि हमें लगता है कि हम बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशियों की पहचान स्थापित करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि एक बार बांग्लादेशी नागरिक के रूप में उनकी पहचान स्थापित हो जाने के बाद, केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और बीएसएफ के समन्वय से उनके निर्वासन के लिए कदम उठाए जाएंगे। अहमदाबाद और सूरत में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाए जाने के बाद हिरासत में लिए गए 1,000 से अधिक संदिग्ध बांग्लादेशियों से पूछताछ की जा रही है।



## अमित शाह पर खरगे का हमला

# 'इस बार आपको भेजेंगे स्वर्ग'

महानगर नेटवर्क

जयपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जयपुर में सोमवार को पार्टी की संविधान बचाओ रैली के संबोधन के दौरान संसद में गृह मंत्री अमित शाह के आंबेडकर वाले बयान को लेकर अजीबोगरीब टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमित शाह बोलते हैं कि आप आंबेडकर की जगह भगवान का इतना नाम लेते तो स्वर्ग पहुंच जाते। तो हमने भी तय किया है कि आपको इस बार स्वर्ग भेजेंगे। फैसला यमराज करेंगे। अपने पूरे भाषण में खरगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता आए, लेकिन दुख है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं आए। वह बिहार में चुनावी भाषण दे रहे थे। मोदी 56 इंच की छाती की बात करते थे। अब यह सिकुड़ कर कितनी रह गई, किसी टेलर के पास भेजिए, पता चलेगा कि कितनी बची है। उन्होंने पीएम मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते उनके कथित 12 झूठ गिनाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली मंदिर गए। बाद में मंदिर को भाजपा के नेता ने गंगाजल से धुलवाया। हिंदू एकता की बात कहां गई। बाद में कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में सभी से एकजुट होकर भाजपा सरकारों के खिलाफ आंदोलन करने, नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने, दलितों व पिछड़ों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अमित शाह के बाबा साहेब अंबेडकर वाले बयान की याद दिलाते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संविधान बनाने वाली कमेटी के लोग खुद कहते हैं कि अगर अंबेडकर समय न देते तो यह संविधान इस रूप में सबके सामने नहीं आते।

# भारत में बसे पाकिस्तानी नागरिकों को बड़ी राहत

## NORI वीजा होल्डर्स को वापस लौटने की मिली इजाजत



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में एक अहम फैसला लेते हुए पाकिस्तान यात्रा पर गए पाकिस्तानी पासपोर्ट होल्डर्स को भारत लौटने की इजाजत दी है. इससे उन सैकड़ों लोगों को राहत मिलेगी जो पाकिस्तान की यात्रा पर गए थे, और हालिया विवाद के बाद वहीं फंस गए थे।

अस्मा, जो पाकिस्तान से हैं लेकिन भारत में शादी की हैं, इस फैसले से बेहद खुश हैं. उन्होंने आज तक को बताया, "मैं पाकिस्तान अपने परिवार से मिलने के लिए फरवरी में गई थी, लेकिन वहां फंस गई थी। अब भारत सरकार के इस कदम से मैं वापस भारत आकर बहुत खुशी महसूस कर रही हूं." यह राहत उन पाकिस्तानी नागरिकों के लिए अहम है जो भारत में बसे हैं लेकिन वर्तमान में पाकिस्तान में थे। इस फैसले के चलते अब वे अपने परिवारों से मिल सकेंगे. अस्मा ने कहा, "यह वास्तव में एक बड़ी राहत है क्योंकि अनेक पाकिस्तानी पासपोर्ट धारक भारत में रहते हैं और अब वे पाकिस्तान से वापस आ सकते हैं।"

## मोहम्मद यूनुस पर फूटा शेख हसीना का गुस्सा

# अगर आप आग से खेलेंगे तो जलाकर राख कर देगी

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एक बार फिर बांग्लादेशी लोगों को संबोधित करते हुए मोहम्मद यूनुस पर निशाना साधा है। शेख हसीना का कहना है "मोहम्मद यूनुस ने अपनी सत्ता की प्यास बुझाने के लिए देश के पतन की साजिश रची। 8 मिनट के संबोधन में शेख हसीना ने बांग्लादेश प्रदर्शन का चेहरा बने अबू सईद की हत्या पर भी संदेह जताया है।"



बांग्लादेश हिंसा के बाद भारत भागकर आईं शेख हसीना ने अपने देश वापस जाने की कसम खाई है। उनका कहना है कि अल्लाह ने उन्हें इसलिए जिंदा रखा है। शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि "बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सारे निशान मिटा दिए गए। मुक्ति योद्धाओं का अपमान किया जा रहा है। डॉक्टर यूनुस कहां तक इन चीजों को सही ठहराएंगे? अगर आप आग से खेलेंगे तो यह आपको भी जलाकर राख कर देगी।" गौरतलब हो कि अगस्त, 2025 में पूर्व पीएम शेख हसीना की लोकतांत्रिक सरकार को सत्ता से बेदखल करने के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख का पदभार संभाल रहे मोहम्मद यूनुस चौतरफा संकटों में घिरते नजर आ रहे हैं।

### बिगड़ते हालात पर सेना का फूटा गुस्सा

विगत आठ-नौ महीनों में यूनुस की अंतरिम सरकार ना तो बांग्लादेश में आंतरिक अस्थिरता को खत्म करने का रास्ता निकाल पाई है और ना ही बदहाल अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए ठोस कदम उठा सके हैं। समय पर चुनाव कराने को लेकर वह कोई समय सीमा नहीं बता पा रहे। ऐसे में जहां अमेरिका में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों ने प्रोफेसर यूनुस के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र और इंटरपोल में मामला दायर करने का आवेदन दिया है वहीं घरेलू स्तर पर यूनुस को अभी तक समर्थन दे रही है राजनीतिक पार्टी बीएनपी (खालिदा जिया की पार्टी) भी समय पर चुनाव नहीं कराये जाने से नाराज हो गई है। उधर, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की पिछले हफ्ते प्रोफेसर यूनुस के साथ एक बैठक हुई थी जिसमें आगामी चुनाव को लेकर खास तौर पर चर्चा हुई।

# पाकिस्तान के वजीरिस्तान में ब्लास्ट, सात की मौत, कई घायल



**वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के साउथ वजीरिस्तान में ब्लास्ट का खबर सामने आई है। इस ब्लास्ट में सात लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय शांति समिति की बैठक के दौरान यह विस्फोट किया गया। बम विस्फोट में वाना बाजार में स्थित शांति समिति का कार्यालय पूरी तरह नष्ट हो गया है। मलबे में कई लोग फंसे हुए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस विस्फोट में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अब तक 4 घायल व्यक्तियों को मलबे से बाहर निकाला गया है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

डेली टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिणी वजीरिस्तान के वाना इलाके में एक स्थानीय शांति समिति के सदस्य के कार्यालय को निशाना बनाकर घातक विस्फोट किया गया, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई और 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। विस्फोट के कारण कार्यालय ढह गया और वहां मौजूद लोग मलबे के नीचे दब गए। स्थानीय निवासियों के साथ बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों और मृतकों को निकाला। फिर उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने अभी तक हमलावरों या विस्फोट में इस्तेमाल किए गए विस्फोटकों के बारे में बारे में कोई खुलासा नहीं किया है।

## बिलावल भुट्टो के बयान पर जलशक्ति मंत्री की चुनौती

# 'हिम्मत है तो भारत आकर दिखाओ...'

महानगर नेटवर्क

गुजरात



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने पाकिस्तानी नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के भड़काऊ बयान पर पलटवार किया। पाटिल ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा कि ऐसे दहाड़ने का कोई मतलब नहीं है। अगर हिम्मत है तो भारत आकर दिखाएं। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौता निलंबित होने के बाद भुट्टो ने धमकी दी थी कि अगर पानी रोका गया तो नदियों में खून बहेगा।

सूरत में रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाटिल ने कहा, मोदीजी कहते हैं- 'जल है तो बल है' (पानी है तो ताकत है)। मोदी साहब ने कहा था कि (सिंधु जल संधि के तहत) पाकिस्तान को पानी नहीं मिलना चाहिए। इस पर बिलावल गुस्से में आ गए। वह कहते हैं कि अगर नदी का पानी नहीं मिलेगा तो भारत में खून की नदियां बहेंगी। भाजपा सांसद ने आगे कहा, क्या इससे हम डर जाएंगे? मैं उनसे (भुट्टो) कहता हूं- भाई अगर आपके पास थोड़ी सी हिम्मत है तो यहां आओ। यह दहाड़ पर ध्यान न दो, पानी बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

पाटिल रविवार को वर्षा जल संचयन के लिए 2,500 से अधिक ढांचों के निर्माण कार्य के शुभारंभ बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान 'जनभागीदारी से जल संरक्षण' कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पानी बचाने का संकल्प लिया। भुट्टो ने शुक्रवार को कहा था, 'सिंधु हमारा है और हमेशा हमारा रहेगा। या तो हमारा पानी इसके जरिए बहेगा या खून बहेगा।' भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित किया है, जब तक इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन स्थायी रूप से बंद नहीं कर देता। सिंधु जल समझौते में छह नदियां शामिल हैं- सिंधु, रावी, ब्यास, सतलुज, झेलम और चेनाब। दाहिने छोर की सहायक नदी भारत से नहीं बहती। रावी, ब्यास और सतलज को पूर्वी नदियां कहा जाता है।

# कश्मीरी छात्रा के साथ जामिया यूनिवर्सिटी में छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में कल एक ऐसी घटना घटी जिसके बाद वहां पढ़ने वाले छात्र भड़क गए। दरअसल कल जामिया यूनिवर्सटी में पढ़ रही एक कश्मीरी छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई और इस घटना को वहीं के कैंटिन में काम करने वाले एक कुक ने अंजाम दिया। इसके बाद क्या था, दूसरे छात्रों को जब इसके बारे में पता चला तो वो गुस्से से आगे बबुला हो गए और सभी का गुस्सा उस कुक पर फूटा जिसने कश्मीरी छात्रा के साथ छेड़छाड़ किया था। इसके बाद उस कुक की उन स्टूडेंट के साथ मारपीट भी हुई। आइए आपको मामले की पूरी जानकारी देते हैं। कल देर शाम जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में एक कश्मीरी छात्रा मेन गेट की तरफ बाहर आ रही थी। इसी दौरान वहां काम करने वाले एक कुक ने उसके साथ छेड़खानी की। इसके विरोध में वहां कुछ स्टूडेंट से कुक की मारपीट भी हुई।

# भारत-पाक तनाव के बीच तालिबानी सरकार से मिले भारतीय राजनयिक

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) के विशेष प्रतिनिधि और अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान विभाग के महानिदेशक आनंद प्रकाश ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी के साथ मुलाकात की। इस बैठक में उनकी चर्चा द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, व्यापार और पारगमन सहयोगको बढ़ाने और हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों के आदान-प्रदान पर केंद्रित थी। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय जुड़ाव, वीजा प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। यह बैठक भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई है क्योंकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधोंको कम कर दिया है। बता दें कि 22 अप्रैल को भारत में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया। व्यापारियों, मरीजों और छात्रों के लिए वीजा जारी करने के प्रोसेस को सामान्य बनाने का आह्वान भी किया। भारतीय राजदूत आनंद प्रकाश ने भी दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की उम्मीद जताई। विदेश मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आनंद प्रकाश ने अफगानिस्तान को अपनी सहायता जारी रखने के भारत के इरादे को दोहराया।



## नेगेटिव सोच रखने वालों को हो सकती हैं ये 5 बीमारियां

*प्रोफेशनल हो या पर्सनल लाइफ कभी न कभी किसी बात को लेकर हर किसी के मन में नेगेटिव ख्याल जरूर आते हैं। इस तरह के ख्यालों से आत्म-सम्मान डगमगाने लगता है और व्यक्ति को तनाव या डिप्रेशन से जूझना पड़ सकता है। हॉर्मोन विशेषज्ञ के अनुसार 5 बीमारियों के बारे में दी गई जानकारी बताया है जो ज्यादा नकारात्मक विचारों के कारण हो सकती हैं। जानिए*

1) **गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्थिति**– यह तनाव से संबंधित आंत का लक्षण है। एक्सपर्ट बताती हैं कि तनाव पाचन में मदद करने वाले अच्छे आंत बैक्टीरिया को प्रभावित करता है, जिसकी वजह से एंटीबॉडी उत्पादन में कमी आती है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल की समस्या में अपच, दस्त और पेट खराब होना शामिल है।

2) **टैकीकार्डिया (रेपिड हार्ट रेट)**– नकारात्मक विचारों से चिंता होती है और गंभीर मामलों में यह दिल के सामान्य कामकाज में बाधा डालता है, जिससे कार्डियक अरेस्ट का खतरा बढ़ जाता है।

3) **पीठ के निचले हिस्से में दर्द**– एक्सपर्ट का मानना है कि यह मनोवैज्ञानिक परेशानी का असर है जिसे आप तनाव, चिंता और डिप्रेशन के रूप में देख सकते हैं। यह परेशानी हार्मोनल और तंत्रिका प्रक्रियाओं से संबंधित है जो हमारी रक्षा करती है और समय के साथ पीठ दर्द को बदतर बना देती है।

4) **हाई ब्लड प्रेशर**– जब आप तनाव पर अस्वास्थ्यकर तरीके से काम करते हैं, जैसे– ईमोशनल ईटिंग, जंक फूड, कैफीन और शराब में आराम ढूंढना, तो आप हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को बढ़ा देता है। बदले में हाई ब्लड प्रेशर से दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

5) **थायराइड**– बहुत ज्यादा टेंशन के कारण थायराइड हो सकता है, जिससे थायराइड हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि यह मोटापे और पेट की चर्बी का बढ़ने का भी एक मुख्य कारण हो सकता है।

# अक्षय तृतीया पर दान पुण्य से लेकर सोना खरीदने की परम्परा



## बढ़ेगी सुख-समृद्धि

अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त होता है, किसी भी शुभ कार्य को समय की बाध्यता के कारण बिना मुहूर्त देखे कर सकते हैं। इस दिन दान पुण्य से लेकर सोना खरीदने की परम्परा है। दान पुण्य का विशेष महत्व रखने वाला यह त्योहार गजकेसरी राजयोग में मनाया जाएगा। सिर्फ गजकेसरी योग ही नहीं वरन मालव्य, रवि योग, चतुर्ग्रही, सर्वार्थ सिद्धि और लक्ष्मी नारायण राजयोग भी शामिल रहने से इस बार के अक्षय तृतीया का महत्व और भी बढ़ गया है।



**अक्षय तृतीया के दिन दान पुण्य से लेकर सोना खरीदने की परम्परा है। अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त होता है, किसी भी शुभ कार्य को समय की बाध्यता के कारण बिना मुहूर्त देखे कर सकते हैं। सोना-चांदी, वाहन, गृह संपत्ति की खरीदारी के लिए यह पुनीत अवसर होता है। इस बार खास बात यह है कि अक्षय तृतीया के दिन शुभ विवाह के भी मुहूर्त हैं।**

### शुभ मुहूर्त

शुभ मुहूर्त में पूजा और खरीदारी की जाएगी। दृक पंचांग के अनुसार, तृतीया तिथि 29 अप्रैल को शाम 05:32 मिनट पर प्रारंभ होगी और 30 अप्रैल को दोपहर 02:12 बजे पर समाप्त होगी। पूजन के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 05 बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। शुभ मुहूर्त की कुल अवधि 06 घंटे 37 मिनट की है। इस दौरान पूजन के साथ गृह प्रवेश भी किया जा सकता है।

जरूर खरीदें ये चीजें: धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सोना-चांदी न ले सकें तो बर्तन या कौड़ी, तुलसी, पीली सरसों, सेंधा नमक, जौ, रूई व श्री यंत्र खरीदना बेहद शुभ रहेगा।

क्या करें दान: हल्दी की पांच गांठ, सतनाजा (सात तरह का अनाज), कोई भी धार्मिक पुस्तक, जप माला, खासकर हल्दी या कमलगट्टे की माला, भगवान के वस्त्र, मोरपंख, ठाकुरजी की बांसुरी, फल, सब्जी, अनाज का दान करना भी फलदायी होता है। घड़ा, पंखा, वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, छाता, जूता, चप्पल, खड़ाऊं, बेल फल, ऋतु फल आदि का भी दान दिया जा सकता है।



# गर्मियों में सलाद में खाएं ये चीजें

## पानी की नहीं होगी कमी

गर्मियों के दिनों में हीट को बीट करने के लिए बॉडी को हाइड्रेट रखना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। डिहाइड्रेशन की वजह से लू लगने का डर रहता है। इसलिए गर्मियों में खूब पानी पीने की सलाह दी जाती है, लेकिन ज्यादातर ये संभव नहीं होता है कि आप रोजाना अच्छी मात्रा में पानी पी पाएं। इसलिए पानी पीने के साथ ही कुछ ऐसे फूड्स डाइट में शामिल करने चाहिए जो पानी से भरपूर हो। इससे न सिर्फ आपकी पूरी हेल्थ को फायदा मिलता है, बल्कि आपकी त्वचा भी ड्राई नहीं होती है। गर्मियों में अच्छी मात्रा में मौसमी फल जैसे खरबूजा, तरबूज, संतरा आदि खाने के साथ ही तोरई, लौकी जैसी सब्जियां पकाकर तो खानी चाहिए। इसके साथ ही सलाद में भी कुछ कच्ची सब्जियों को रोजाना सलाद की तरह खाना चाहिए।



## चेहरे पर भी आएगी चमक

खीरा और ककड़ी ऐसी चीजें हैं जो पानी से भरपूर होती हैं। गर्मियों के दिनों में रोजाना इन दोनों सब्जियों को सलाद के तौर पर अपनी डाइट में शामिल करें। सर्दियां हो या फिर गर्मी चुकंदर को अपनी डाइट में सलाद के दौर पर शामिल करना एक अच्छा विकल्प है। इसमें फाइबर होता है जो पाचन को मजबूत रखता है। वहीं चुकंदर आयरन समेत कई विटामिन और मिनरलों का भंडार होता है। ब्लड की कमी वालों के लिए भी चुकंदर बेहद फायदेमंद रहता है। गर्मी के दिनों में सलाद में टमाटर को भी शामिल करें, क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में पानी होने के साथ ही कई न्यूट्रिएंट्स होते हैं। स्किन को फायदा पहुंचाने के साथ ही कच्चे टमाटर का सेवन इम्यूनिटी बूस्ट करने, दिल के हेल्दी रखने, कब्ज में सुधार, वेट लॉस आदि में हेल्पफुल रहता है। गर्मियों के दिनों में खाने के साथ कच्चा प्याज ले सकते हैं। ये आपके पेट को ठंडक दिलाने के साथ ही लू से बचाने का भी काम करता है। इसलिए रोजाना सलाद में एक प्याज भी खाएं। गर्मियों के दिनों में लाल मिर्च की बजाय हरी मिर्च के सेवन पर फोकस करना चाहिए। रोजाना 2 से 3 हरी मिर्च खाना काफी फायदेमंद रहता है। इसमें विटामिन सी होने के साथ ही कई न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो लू से बचाव करके गर्मी में आपको सेहतमंद बनाए रखने में मददगार है।



# छोटी-छोटी बातों पर हो जाते हैं परेशान?

## ऐसे बनें इमोशनली स्ट्रांग

जिंदगी में कई समस्याएं व्यक्ति के सामने आती हैं। जिनसे निपटने के लिए साथ ही लाइफ और करियर में आगे बढ़ने के लिए आपको इमोशनली स्ट्रांग होना बेहद जरूरी है। लेकिन कई बार व्यक्ति जिंदगी में आए उतार-चढ़ाव व्यक्ति को इमोशनली कमजोर बना देते हैं। वो छोटी-छोटी बात पर जल्दी परेशान हो जाते हैं। वो अपने आप को ऐसे स्थिति में सही से संभाल नहीं पाते हैं और कमजोर पड़ने लग जाते हैं। लेकिन इसका प्रभाव उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही ग्रोथ पर पड़ता है। इमोशनली कमजोर होने के कारण उन्हें अपनी लाइफ से जुड़े फेसले लेने में भी कई बार परेशानी होती है। इसलिए अपने आप को इमोशनली स्ट्रांग बनाएं रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे तरीका बताने जा रहे हैं, जो आपको इमोशनली स्ट्रांग बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं।



**जल्द रिएक्ट करने से बचें** :- मुश्किल चाहे बड़ी हो या फिर सामान्य, आप उस परिस्थिति पर कैसे रिएक्ट करते हैं, उससे पता चलता है कि आप कितने स्ट्रांग हैं। ऐसे में किसी की कही बात पर जल्द रिएक्ट न करें। क्योंकि बहसबाजी करने से आपका ही मूड खराब होता है। आप सामने वाले की बात को कुछ समय के लिए इग्नोर करें। ज्यादा जरूरी हो तभी जवाब दें।

**इमोशन कंट्रोल करना सीखें** :- अपने इमोशन को कंट्रोल और मैनेज करना सीखें। तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी आप जितना शांत दिमाग और समझदारी अपनाते हैं, उतना सही रहता है। इसलिए ध्यान रखें कि परिस्थिति चाहे जैसी भी हो अपने गुस्से पर काबू रखें और समझदारी से काम लें। ज्यादा उत्साह और गुस्से में किसी भी तरह का फैसला लेने से बचें।

**स्ट्रेस को मैनेज करें** :- अगर आप किस की कहीं बात को लेकर सोचते और चिंता करते रहते हैं और इसकी वजह से आपको स्ट्रेस महसूस होते है तो ऐसे में इसे कम करने के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट तकनीक अपनाएं। आप रोजाना 5 से 10 मिनट के लिए मेडिटेशन कर सकते हैं या फिर आपको जो काम करना पसंद है जैसे कि म्यूजिक सुनना, डांस करना या फिर पेंटिंग करना अपनी हॉबी को अपना सकते हैं।

# पेट के लिए पंचामृत का काम करती हैं ये चीजें

*किचन में ऐसे कई मसाले और हर्ब्स मौजूद हैं जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसमें जीरा, सौंफ, धनिया, मेथी और अजवाइन जैसी पांच चीजें शामिल हैं। इन्हें पेट और पाचन के लिए पंचामृत कहा जाता है। इनके सेवन से डाइजेशन सिस्टम हेल्दी रहता है और गर्मी में होने वाली पेट की समस्याएं दूर रहती है। वजन घटाने से लेकर कई बीमारियों को दूर रखने तक में ये चीजें मदद करती हैं। आप इन चीजों को कैसे इस्तेमाल करें आइये जानते हैं।*

**गर्मी में खराब पाचन को सुधारने के लिए जरूर पिएं**

*स्वामी रामदेव ने खराब पाचन को सुधारने के लिए और पेट को स्वस्थ रखने के लिए इन्हें पंचामृत बताया है। इससे मोटापा कम होता है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। डायबिटीज के मरीज के लिए भी ये पंचामृत फायदेमंद है। इससे ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद मिलती है।*

### कैसे तैयार करें धनिया, मेथी, जीरा, अजवाइन और सौंफ का पानी

इसके लिए आपको 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच अजवाइन, 1 चम्मच मेथी और 1 चम्मच धनिया के सीड्स लेने हैं। सारी चीजों को मिलाकर किसी मिट्टी या कांच के एक गिलास पानी में डाल दें। अब इन्हें रातभर भिगोकर रखें और सुबह खाली पेट पी लें। आपको लगातार इस पानी को 11 दिन तक पीना है।

### पेट के लिए पंचामृत के फायदे

इन सीड्स का पानी पीने से मोटापे को कम करने में मदद मिलती है। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और तेजी से फैट कम होने लगता है। मेथी, सौंफ और अन्य मसाला सीड्स का पानी लिवर को डिटॉक्स करता है इससे शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इन मसालों में भरपूर फाइबर होता है अगर आप पानी के साथ इन्हें चबाकर खाते हैं तो इससे कब्ज और पाचन की समस्याएं दूर होती है। शरीर में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल को निकालने में भी मेथी, सौंफ, जीरा और अजवाइन का पानी मदद करता है।





# क्यों हो जाते हैं पिंपल

**चेहरे, छाती और पीठ पर मुहांसे के निशान होना बहुत आम हैं। शोध के मुताबिक 11 से 30 वर्ष की आयु के लगभग 80% लोगों को मुहांसे हो जाते हैं और उनमें से पांच में से एक व्यक्ति को मुहांसे के निशान रह जाते हैं। किशोरों में जहां हार्मोनल बदलावों के कारण मुहांसे होते हैं, वहीं वयस्कों में तनाव, पर्यावरण, पीरियड, तेल आधारित उत्पाद और गर्भनिरोधक गोलियां भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। वयस्कों में भी हॉर्मोनल बदलाव के कारण मुहांसे होते हैं।**

**क्यों होते हैं मुहांसे?**

त्वचा की तीन मुख्य परतें होती हैं- एपिडर्मिस, डर्मिस और हाइपोडर्मिस। ये परतें शरीर के नाजुक अंदरूनी हिस्सों को बाहरी धूल-कण, यूवी किरणों और बैक्टीरिया से बचाती हैं। वे सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में विटामिन-डी का उत्पादन करने में भी मदद करती हैं। वसा की मौजूदगी वाला कोई भी क्षेत्र मुहांसे से ग्रस्त हो सकता है। दरअसल त्वचा में छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, जिनसे तेल और पसीना सतह पर आते हैं। बैक्टीरिया, तेल और मृत त्वचा छिद्रों को भर देती है और उनमें सूजन पैदा कर मुहांसे बना देती है। हर घंटे त्वचा की लगभग 40,000 कोशिकाएं मृत होती हैं। कभी-कभी ये मृत कोशिकाएं रोमछिद्रों को बंद कर देती हैं। बंद रोमछिद्र आकार में छोटे व्हाइटहेड्स या ब्लैकहेड्स का कारण बनते हैं।



### क्यों पड़ते हैं मुहांसे के निशान?

**सीनियर डर्मेटोलोजिस्ट बताती हैं, 'मुहांसे के दाग सूजन का परिणाम होते हैं। मुहांसे के छिद्र सूज जाते हैं और छिद्र की दीवार में टूट-फूट हो जाती है। इसके कारण निशान पड़ जाते हैं। कुछ मुहांसे के दाग छोटे होते हैं। वहीं, बड़े निशान उथले होते हैं और जल्दी ठीक हो जाते हैं। कभी-कभी मुहांसे की सामग्री आसपास के ऊतकों में फैल जाती है और गहरे निशान पैदा करती है। त्वचा घाव और मुंहासे को ठीक करने में मदद करने के लिए कोलेजन (मरम्मत ऊतक) बनाती है। ऊतक के नुकसान के कारण निशान विकसित होता है। उसके कारण त्वचा की सतह पर एक गड्ढा बन जाता है। सभी मुहांसे के निशान नहीं पड़ते हैं। अगर त्वचा बहुत अधिक कोलेजन बनाती है, तो उभरे हुए निशान बन जाते हैं।'**

# अगर आपको भी है नेल बाइटिंग की आदत तो अभी हो जाएं सावधान, वरना...

**आप सभी ने अपने पास बहुत से लोगों को ऐसे देखा होगा जिन्हें नाख़ून चबाने की आदत है। ये आदत चाहे आपके लिए एक नार्मल चीज हो लेकिन ये काफी हानिकारक साबित हो सकती है। ऐसे में एक्सपर्ट्स की मानें तो उनका कहना है यह शरीर में कैल्शियम की कमी और मानसिक तनाव के चलते होता है। ये आदत बड़ों से लेकर बच्चों तक के हर उम्र के व्यक्ति में देखने को मिल सकती है। यह आदत कई गम्भीर बीमारियों को आपके द्वार पर लाकर खड़ा कर सकती है। ऐसे में अगर आपको भी इस तरह की आदत है तो हम आपको आज बताएंगे की आप किस तरह इससे छुटकारा पा सकते हैं।**



### परमानेंट डिसैबिलिटी

मुंह के अंदर नाखून डालने वालों को के शरीर में पैरोनीशिया जैसी कई बैक्टीरिया प्रवेश कर सकते हैं। इससे आपका शरीर अनियंत्रित हो सकता है। ऐसे में हाथ और पैरों के ज्वाइंट्स प्रभावित हो सकते हैं। इस समस्या को सेप्टिक अर्थराइटिस भी कहा जाता है। इसका इलाज कराना मुश्किल हो सकता है।

### बैक्टीरियल समस्याएँ

नेल को कुतरने वालों को बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा काफी ज्यादा रहता है। ऐसे में आपकी स्किन पर सूजन, रेडनेस, लालिमा जैसी परेशानी हो सकती है। दरसअल, हमारे नाखून के अंदर कई तरह की गंदगी मौजूद होती है, ऐसे में जब आप नाखून को अपने मुंह में डालते हैं, तो यह आपके शरीर में प्रवेश करती है।

### दस्त और पेट दर्द की समस्या

जब आप अपने नाखूनों को दांतों से काटते हैं, तो हानिकारक जीवाणु आपके नाखूनों से आपके मुंह में जाते हैं और फिर आपके पेट में जाते हैं। जिसके कारण इन रोगाणुओं से जठरांत्र संबंधी संक्रमण हो सकते हैं जो दस्त और पेट दर्द जैसी समस्या पैदा करते हैं।

### कमजोर होते हैं दाँत, बिगड़ने लगती है शेप

नाखूनों से निकलने वाली गंदगी दांतों को समय के साथ-साथ कमजोर करने लगती है। बहुत अधिक मात्रा में नाखून चबाने वाले लोगों में मुंह बंद करने पर ऊपरी और निचले दांतों को एक साथ आने पर समस्या होती है। अगर आप अक्सर अपने नाखूनों को चबाते है तो दांतों के अपने मूल स्थान से शिफ्ट होकर बाहर आने और कमजोर होने की भी बहुत अधिक आंशका रहती है। जिन लोगों को बचपन से नाखून चबाने की आदत होती हैं। उनके दांत टेढ़े-मेढ़े हो सकते हैं।

### नाखूनों के टिश्यूज हो सकते हैं खराब

नाखून को चबाने या काटने से नाखून के अंदर के टिशू खराब हो सकते हैं। कुछ लोगों में बार-बार नाखून को चबाने की आदत होती है, जिसकी वजह से आपके नाखून परमानेंट डैमेज हो सकते हैं।

### मसूड़ों में हो सकता है दर्द

बार-बार नाखून चबाने की आदत के कारण मुंह के अंदर नाखून फंस सकते हैं। ऐसे में मसूड़ों से खून आने लगता है। कुछ लोगों में मसूड़ों और दांतों में सड़न की शिकायत हो जाती है, जिसकी वजह से दांतों में संक्रमण और घाव की स्थिति हो सकती है।

### पाचन तंत्र हो सकता है प्रभावित

नाखून चबाने की वदह से पेट में बैक्टीरियल इंफेक्शन हो सकता है, जिसका बुरा असर आपके पाचन तंत्र पर भी पड़ सकता है। इसके कारण गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल संक्रमण की परेशानी हो सकती है।



### कैंसर का भी खतरा

हमेशा नाखून चबाने से आँतों का कैंसर भी हो सकता है। दरअसल नाखून चबाने से नाखून में मौजूद बैक्टीरिया हमारी आँतों तक पहुँच जाते हैं जो कैंसर जैसे रोग भी दे सकते हैं।

### नाखून चबाने को कम करने के उपाय

आप अपने नाखून चबाना रोकने के लिए कुछ आसान घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। हालांकि कुछ मामलों में ये समस्या इतनी बढ़ जाती है कि इससे छुटकारा पाने के लिए आपको डॉक्टरी परामर्श की आवश्यकता भी पड़ सकती है। लेकिन फिर भी आपको पहले घरेलू तरीकों को आजमाने की जरूरत है।



# KKR के खिलाफ दिल्ली के सामने होगी बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 18वें सीजन में 29 अप्रैल यानी मंगलवार को नई दिल्ली में जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेंगे तो टीम की नजरें बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। दिल्ली को अपने पिछले चार मैच में दो हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मिली हार भी शामिल है और टीम लीग चरण के अंतिम मुकाबलों में लड़खड़ाने से बचना चाहेगी। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल ने आक्रामक तेवरों के साथ बल्लेबाजी की है, लेकिन वापसी करने के बाद अनुभवी फाफ डुप्लेसी को अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी प्रकृति की पिच पर जूझना पड़ा और उन्हें जल्द से जल्द इससे सामंजस्य बैठाना होगा। केएल राहुल मौजूदा सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन रविवार को स्पिनरों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे। वह सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। केकेआर के पास स्तरीय स्पिनर हैं, जो मेजबान टीम को कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ वर्षा से प्रभावित मैच में जूझने के बाद नाइट राइडर्स का आत्मविश्वास थोड़ा कम होगा। दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जिससे कि मध्य क्रम में सारा बोझ राहुल पर नहीं आए। गेंदबाजी विभाग में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने पिछले मैच में दो विकेट चटकाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से समर्थन नहीं मिला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ विकेट चटकाने में नाकाम रहे स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपनी पूर्व टीम केकेआर की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, जबकि बीच के ओवरों में कुलदीप यादव ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पोरेल ने क्रुणाल पांड्या का महत्वपूर्ण विकेट गंवाया। केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है।

### दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोको राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिज्वी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जाधव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पावेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

### जहीर खान का मानना है

# सही कसौटियों पर खरे उतर रहे हैं पंत



**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटोर जहीर खान का मानना है कि ऋषभ पंत एक कप्तान के रूप में सभी सही कसौटियों पर खरे उतर रहे हैं लेकिन इस आईपीएल में खराब स्कोर से उबरने के लिए बल्ले से कुछ खास करने की जरूरत है। पंत का इस आईपीएल में बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, उन्होंने 10 मैचों में 110 रन में बनाए हैं जिसमें वह छह बार इकाई अंक पर आउट हुए। उनकी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 63 रन की पारी ही शानदार रही। पंत मुंबई इंडियंस से मिली 54 रन की हार के दौरान कामचलाऊ स्पिनर विल जैक्स की गेंद पर आउट हो गए। जहीर ने वानखेड़े स्टेडियम में LSG की हार के बाद मीडिया से कहा, 'मैं इसे किसी भी चीज से नहीं जोड़ूंगा। वह एक नेतृत्वकर्ता हैं और इस भूमिका में वह शानदार रहे हैं, यह ऐसी चीज है जिसकी मैं गारंटी ले सकता हूं। उस ग्रुप में हर एक व्यक्ति को सहज महसूस कराने, उसकी बात सुनने और आईपीएल में होने वाली हर चीज की योजना बनाने के लिए वह जिस तरह के प्रयास कर रहे हैं, वह शानदार है।' जहीर ने कहा, 'कप्तान के तौर पर वह सभी कसौटियों पर खरे उतर रहे हैं। एक बल्लेबाज के तौर पर मध्यक्रम ऋषभ पर निर्भर है और मुझे पूरा भरोसा है कि हम उनसे जो चाहते हैं, वह होगा। यह सिर्फ शुरू होने की बात है।' भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि वह मोटी कीमत में खरीदे गए पंत पर इससे अतिरिक्त दबाव डालना चाहेंगे।



ऋषभ पंत

### आज का मैच

TATA IPL

दिल्ली VS कोलकाता — शाम 7.30 बजे




# पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों के यूट्यूब चैनल भारत में प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था का हवाला देते हुए भारत सरकार के आदेश पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों शोएब अख्तर और बासित अली के यूट्यूब चैनल भारत में ब्लॉक (प्रसारण रोकना) कर दिए गए हैं। भारत सरकार ने 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद कई पाकिस्तानी चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। यह कदम गृह मंत्रालय की सिफारिशों के बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान के ये यूट्यूब चैनल 'भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे एवं भ्रामक बयान के साथ गलत सूचना प्रसारित कर रहे कई यूट्यूब चैनल्स को ब्लाक किया गया है। आदेश के बाद यूट्यूब ने इन चैनलों पर रोक लगा दी है। शोएब अख्तर और बासित अली के चैनल के पेज पर एक यूट्यूब संदेश में कहा गया, 'राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह सामग्री वर्तमान में इस देश में उपलब्ध नहीं है।' अख्तर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुद्दों पर अपने गहन और अक्सर हास्यपूर्ण विश्लेषण के लिए भारतीय प्रशंसकों के बीच एक लोकप्रिय नाम हैं।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली को हराकर टॉप पर किया कब्जा

## क्रुणाल पांड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच, विराट कोहली ने जड़ा अर्धशतक




**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के 46वें मैच दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराकर प्वाइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ नंबर एक पर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही आरसीबी ने प्लेऑफ में भी अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। वहीं इस हार के साथ दिल्ली 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है। इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली से जीत के लिए मिले 163 रनों के लक्ष्य को 18.3 ओवर में 9 बॉल बाकी रहते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच जीत लिया। आरसीबी की जीत के हीरो क्रुणाल पांड्या रहे। आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने 47 बॉल में 4 चौकों की मदद से 51 रनों की पारी खेली. तो वहीं क्रुणाल पांड्या ने 47 बॉल में 5 चौके और 4 छक्कों के साथ नाबाद 73 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी. उन्होंने बल्ले के अलावा गेंद के साथ भी एक 1 विकेट हासिल किया जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. डीसी के लिए अक्षर पटेल ने 2 और दुष्मंता चमीरा ने 1 विकेट हासिल किया।

# सूर्यकुमार यादव ने रचा इतिहास

## विराट -रोहित से भी तेज किया ये अद्भुत कारनामा




**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। वो आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 4000 आईपीएल रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने महज 2174 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की हैं।
34 वर्षीय इस खिलाड़ी ने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की है। सूर्यकुमार ने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार भारतीय बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया। भारतीय टीम के टी20 कप्तान ने 2714 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की है। विराट और रोहित दोनों ने अपने 4000 आईपीएल रन पूरे करने के लिए सूर्या से ज्यादा गेंद खेली हैं। बता दें कि, क्रिस गेल सबसे तेज 4000 आईपीएल रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 2653 गेंदें खेली, जबकि दक्षिण अफ्रीकी स्टार एबी डिविलियर्स ने सिर्फ 2658 गेंदें खेली। इस तरह सूर्यकुमार आईपीएल में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इन तीनों के बाद डेविड वॉर्नर (2809 गेंदें) और सुरेश रैना (2881 गेंदें) हैं। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज को मैच से पहले अपने 4000 आईपीएल रन पूरे करने के लिए सिर्फ 34 रनों की जरूरत थी और उन्होंने 13वें ओवर में आवेश खान के खिलाफ चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल कर ली। सूर्यकुमार अपना 160वां आईपीएल मैच खेल रहे थे और उनके करियर में दो शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। 4000 रन बनाने वाले शीर्ष क्लब में केवल डिविलियर्स (151.68) और गेल (148.96) का स्ट्राइक रेट उनसे बेहतर है। सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग में 150 छक्के भी पूरे किए। सूर्यकुमार टूर्नामेंट में अब तक शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और रविवार को एलएसजी के खिलाफ भी उन्होंने अपनी फॉर्म जारी रखी. उन्होंने 28 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली और टीम को स्कोरबोर्ड पर 215/7 का स्कोर बनाने में मदद की। लखनऊ के लिए मयंक यादव और आवेश खान ने दो-दो विकेट लिए। लखनऊ की टीम मुंबई से जीत के लिए मिले 216 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 161 रन बना पाई और 54 रनों से मैच हार गई।



# IPL में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने भुवनेश्वर

**दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 46वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में आरसीबी के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने इतिहास रच दिया है. वो आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट ने लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं. इस मैच में भुवनेश्वर कुमार ने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है. भुवी ने इस मैच में 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही भुवी ने यह खास उपलब्धि हासिल कर ली है. उन्होंने भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है जिनके नाम भुवी से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज का खिताब दर्ज था. अब भुवनेश्वर कुमार 185 मैचों में 193 विकेट लेकर आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं. उनसे आगे सिर्फ युजवेंद्र चहल हैं जिन्होंने 169 मैचों में 214 विकेट हासिल किए हैं. अब तीसरे स्थान पर पीयूष चावला मौजूद हैं जिनके नाम 192 मैचों में 192 विकेट मौजूद हैं. इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 39 बॉल में 3 चौकों की मदद से 41 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 34 रनों की पारी खेली. फाफ डु प्लेसिस ने 22 और अभिषेक पोरेल ने 28 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट चटकाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक आरसीबी 7 ओवर में 3 विकेट खोकर 45 रन बना चुकी है।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

युजवेंद्र चहल – 214 विकेट
भुवनेश्वर कुमार – 193 विकेट
पीयूष चावला – 192 विकेट
सुनील नरेन – 187 विकेट
रविचंद्रन अश्विन – 185 विकेट
ड्वेन ब्रावो – 183 विकेट

# LSG के कप्तान पर दंड



**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम की 54 रन की हार के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने कहा, 'चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति उल्लघंन से संबंधित उनकी टीम का सत्र का दूसरा उल्लघंन था तो पंत पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' इसमें कहा गया, 'इम्पैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम एकादश के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा।' मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अगुआई में शानदार गेंदबाजी से रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

# विराट कोहली नहीं, पीयूष चावला ने इस खिलाड़ी को दिया RCB की जीत का श्रेय

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स द्वारा उनके शीर्ष क्रम को झकझोरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ऐसी स्थिति में एंकर की भूमिका निभाने के लिए किसी की जरूरत थी जिसे बल्लेबाजी के उस्ताद विराट कोहली ने जिस तरह से अर्धशतक लगाकर निभाया। हालांकि उन्होंने कोहली के साथ ही जीत का श्रेय क्रुणाल पांड्या को भी दिया जिन्होंने स्पिन को अच्छे से खेला जबकि कोहली को मुश्किल हो रही थी। आरसीबी के 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान दिल्ली ने वापसी की और मेहमान टीम को 26/3 पर रोक दिया। आरसीबी की बल्लेबाजी की गहराई की परीक्षा होनी थी, और क्रुणाल पांड्या और विराट ने सुनिश्चित किया कि उनकी टीम शानदार प्रदर्शन करे। विराट और क्रुणाल ने 119 रनों की शानदार



साझेदारी करके बेंगलुरु को तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया और रॉयल चैलेंजर्स को मुश्किल दौर से सुरक्षित निकाला। साझेदारी के दौरान विराट ने स्ट्रोक रोटेशन पर बहुत अधिक भरोसा किया और अपनी नजरें बाउंड्री रोप पर टिकाए रखीं। कोहली 51(47) रन बनाकर डगआउट लौटे, उन्होंने गेंद को इनसाइड-आउट शॉट से भेजने की कोशिश की, लेकिन बाउंड्री रोप को पार नहीं कर सके। दुष्मंथा चमीरा की लेंथ डिलीवरी, जो ऑफ के बाहर थी, ने काम कर दिया, मिशेल स्टार्क ने शांतचित्त होकर कैच पूरा किया और विराट को आउट किया।

### सुपरबेट रैपिड शतरंज

# शानदार वापसी से दूसरे स्थान पर पहुंचे अरविंद

**पोलैंड।** ग्रांड चैस टूर 2025 के पहले पड़ाव सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज में दूसरे दिन रैपिड के मुकाबलों में जहां लगातार हार से आर प्रज्ञानन्दा दूसरे से सरक कर आठवें स्थान पर पहुँच गए तो भारत के अरविंद चितांबरम नें लगातार जीत के साथ खुद को दूसरे दिन की समाप्ती पर 3.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है और साथ ही वह ख़िताबी दौड़ में भी बने हुए हैं। अरविंद नें कल दूसरे राउंड में प्रज्ञानन्दा से हार के बाद तीसरे राउंड में दिग्गज अमेरिकन खिलाड़ी लेवान अरोनियन को पराजित करते हुए अच्छी वापसी की थी और आज उन्होने उसी लय को बनाए रखते हुए पहले बुल्गारिया के पूर्व विश्व चैम्पियन वेसेलीन टोपालोव को पराजित किया जबकि उसके बाद सबसे आगे चल रहे फेडोसीव व्लादिमीर और डेविड से ड्रॉ खेला।




# मुंबई में होगा अखिल भारतीय कुश्ती का आयोजन

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस और श्रमिक दिवस के अवसर पर आगामी 1 मई को अंधेरी इलाके में एक अखिल भारतीय कुश्ती का आयोजन किया गया है, जिसमें महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि देश के कई राज्य के पहलवान भाग लेंगे। आयोजक कुशल धुरी व सहआयोजक सुरेन्द्र पाल ने बताया कि आगामी 1 मई को अंधेरी पश्चिम स्थित रामदास क्रीडागढ़, दाऊद बाग लेन में इस अखिल भारतीय कुश्ती का आयोजन किया गया है। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण महाराष्ट्र सोलापुर के मराठा केसरी पहलवान बालाजी मेटकरी और यूपी के उत्तर प्रदेश केसरी पहलवान प्रदीप तोमर के बीच होने वाली कुश्ती होगी। दूसरा मुकाबला महाराष्ट्र के उभरते पहलवान शाहू केसरी गौरव हजारे और राजस्थान के राजस्थान केसरी पहलवान वीरेंद्र रावत के बीच कुश्ती होगी।



# केएल राहुल टी-20आई में वापसी करेंगे : पीटरसन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के महान खिलाड़ी केविन पीटरसन का मानना है कि भारतीय अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने पिछले कुछ वर्षों में सफेद गेंद से अपने खेल में काफी सुधार किया है और उन्हें भारत की टी20आई टीम में वापसी के लिए विचार किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से राहुल एक रहे हैं, दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में अपनी टीम की मदद करने और इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीटरसन ने कहा कि लेकिन 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2022 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में एडिलेड में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद से अपने देश के लिए टी20आई स्तर पर हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में कुछ बेहतरीन घरेलू फॉर्म के बावजूद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। राहुल पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग के संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 520 रन बनाकर सातवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे और इस साल वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुछ बेहतरीन पारियों के बाद रन चार्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं।





# ‘केजीएफ’ में फ्लावरपॉट कहे जाने पर श्रीनिधि ने दी प्रतिक्रिया

‘हिट 3’ की रिलीज का इंतजार कर रहीं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने हालिया बातचीत में अपनी पहली फिल्म ‘केजीएफ’ में उन्हें फ्लावरपॉट कहकर ट्रोल किए जाने पर बात करते हुए कहा, “मुझे ‘केजीएफ’ में फ्लावरपॉट बनने में कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि जब यह आई तो यह मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह था। न कि यह कैसे होगा, ये मेरे लिए मायने रखता था। जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे पता था कि मेरी भूमिका केवल इतनी ही है, लेकिन मैं इसे करना चाहती थी। मैं चाहती थी कि मेरी पहली फिल्म यही हो। फिर यह एक व्यक्तिगत पसंद है। कुछ लोग फ्लावरपॉट बनना पसंद करेंगे, कुछ लोग नहीं।”
अभिनेत्री ने आगे बात करते हुए कहा, “अब अगर आप मुझसे पूछें, तो क्या आप अगली कुछ फिल्मों में फ्लावरपॉट बनेंगी? तो अब मैं अपना समय लूंगी और सोचूंगी कि मैं चाहती हूं या नहीं। मैं देखूंगी कि कौन कर रहा है, फ्लावरपॉट की कीमत कितनी है। पहली वाली मेरी सचेत पसंद थी। लेकिन इसमें कुछ भी बुरा या सही गलत नहीं है। यह ठीक है, इसमें कोई हिसाब-किताब नहीं है।”
श्रीनिधि ने अपनी लोकप्रियता का श्रेय भी ‘केजीएफ’ के ही दोनों पाट्‌र्स को दिया। उन्होंने कहा, “मुझे जितनी प्रसिद्धि या प्यार मिला है, वह ‘केजीएफ’ की वजह से है, इसमें कोई दो राय नहीं है। शायद यह उस काम में तब्दील नहीं हुआ, जिसके बारे में मैंने सोचा था।”

**‘केजीएफ’ में अभिनेता यश के साथ नजर आईं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘हिट 3’ के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पहली फिल्म ‘केजीएफ’ को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने उनको ‘केजीएफ’ में फ्लावरपॉट कहे जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्हें आलोचनाओं व ट्रोलिंग से फर्क पड़ता है या नहीं।**

## शाहरुख और सलमान नहीं माधुरी ने इस एक्टर्स के साथ दी सबसे ज्यादा हिट फिल्में



**माधुरी दीक्षित 90 के दशक की हिट एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में कई हीरो के साथ काम किया है जिसमें से कुछ के साथ उनकी कई सुपरहिट फिल्में हैं। बताते हैं आखिर किस हीरो के साथ उन्होंने सबसे ज्यादा हिट मूवीज दी है।**

**सलमान खान**
माधुरी दीक्षित ने सलमान खान के साथ 4 फिल्मों में काम किया है जिसमें से 3 हिट हैं।

**संजय दत्त**
संजय दत्त और माधुरी दीक्षित ने साथ में 11 फिल्मों में काम किया है जिसमें से 5 हिट, 1 एव्रेज और बाकी फ्लॉप थीं।

**अनिल कपूर**
अनिल कपूर के साथ माधुरी ने 15 फिल्मों में काम किया है जिसमें से 5 हिट थीं।

**शाहरुख खान**
शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित की साथ में 6 फिल्में हैं जिसमें से 2 हिट थीं।

**मिथुन चक्रवर्ती**
मिथुन चक्रवर्ती और शाहरुख खान ने साथ में 5 फिल्में की हैं जिसमें से 4 हिट थीं।

**आमिर खान**
आमिर खान के साथ माधुरी ने 2 फिल्में की हैं जिसमें से 1 हिट थी।

**जैकी श्रॉफ**
जैकी श्रॉफ और माधुरी ने 13 फिल्में की हैं जिसमें से 8 हिट थीं।

## मलाइका के इस व्यवहार ने जीता सबका दिल



मलाइका अरोड़ा और कोरियोग्राफर व निर्देशक फराह खान एक-दूसरे की अच्छी दोस्त हैं। अक्सर दोनों को साथ में पार्टी करते भी देखा जाता है। अब हाल ही में फराह खान ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वो मलाइका अरोड़ा के घर पहुंची हैं। इस वीडियो में दोनों ने खाने, डांस, मां के रूप में अपने जीवन और कई अन्य मुद्दों पर एक-दूसरे से बातें कीं। हमेशा की तरह फराह खान के रसोइये दिलीप भी मलाइका के साथ उनके घर गए। इस दौरान दोनों ने खाना भी बनाया और दिलीप के साथ मजेदार बातें भी की। दिलीप को लेकर मलाइका के दयालू व्यवहार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

**दिलीप ने पहनी खास टी-शर्ट**

वीडियो में मलाइका और उनकी मां फराह के लिए फिश करी बनाती हैं। इस दौरान दिलीप भी उनकी मदद करते हैं। फराह ने मलाइका को दिलीप द्वारा पहनी गई एक खास टी-शर्ट दिखाकर चौंका दिया। इस टी-शर्ट में मलाइका के छैया छैया गाने का एक सीन था, जिसमें शाहरुख के शरीर पर दिलीप का चेहरा छपा हुआ था। इस बीच मलाइका के बेटे अरहान ने भी दिलीप को बधाई दी, जो यह देखकर हैरान थे कि दिलीप इतने लंबे हो गए हैं।

**मलाइका ने रसोइये को भी बैठाया साथ**

जब खाना तैयार हो गया, तो मलाइका ने दिलीप से कहा कि वो भी डाइनिंग रूम में सबके साथ ही बैठें। हालांकि, दिलीप इस पर उतना सहज नहीं दिखे। वो शर्माते हुए दूर जाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन मलाइका ने उन्हें बैठाया और कहा कि वे सबके साथ खाना खाएं। मलाइका का ये व्यवहार लोगों को काफी पसंद आया और लोगों ने इसके लिए मलाइका की तारीफ भी की।

## बाबुलनाथ मंदिर पहुंची ‘ज्वेल थीफ’ अभिनेत्री

### निकिता दत्ता ने नंदी के कानों में मांगी मन्नत



**अभिनेत्री निकिता दत्ता को हाल ही में ‘ज्वेल थीफ’ में देखा गया। उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ प्रमुख भूमिका निभाई। सोमवार को अभिनेत्री मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर पहुंची। फिल्म रिलीज होने के तीन दिन बाद सोमवार को अभिनेत्री को मंदिर में देखा गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेत्री ने शिव जी के मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया।**


**शिव मंदिर पहुंची निकिता**

एक वीडियो में देखा जा सकता है कि निकिता मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना कर रही हैं। वह शिव मंदिरों में मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बाद नंदी के कान में फुसफुसाती भी नजर आ रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने लाल फूलों के प्रिंट वाली सफेद भारतीय पोशाक पहनी थी।

**‘ज्वेल थीफ’ को लेकर क्या बोलीं निकिता?**

‘ज्वेल थीफ’ में निकिता ने प्रमुख भूमिका निभाई है। मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिनेत्री ने कहा था, ‘मैं सिद्धार्थ आनंद की दुनिया का हिस्सा रही हूं। मुझे लगता है कि यह एक बड़ी बात है, क्योंकि एक अभिनेता के रूप में महसूस करती हूं। मुझे नहीं लगता कि मैंने क्लासिक बॉलीवुड हीरोइन का टैग जिया है, जो कि आपकी और ममता (सिद्धार्थ की पत्नी) की बदौलत मुझे क्लासिक बॉलीवुड हीरोइन की भूमिका निभाने का मौका मिला है।’

## संजीदा के पूर्व पति ने अंकिता कुकरेती के बारे में कही बड़ी बात



**अभिनेत्री संजीदा शेख के पूर्व पति आमिर अली ने उस वक्त लोगों का ध्यान खींचा जब उन्होंने कहा कि वह एक बार फिर प्यार की तलाश कर रहे हैं। आमिर अली के रिश्ते में होने की अफवाहें उस वक्त उड़ने लगीं जब होली पार्टी में वह अभिनेत्री अंकिता कुकरेती के साथ नजर आए। इसके बाद से बातें बनने लगीं। हाल ही में एक इंटरव्यू में आमिर अली ने अंकिता के साथ रिश्ते में होने पर अपनी राय रखी है।**

आमिर अली ने अंकिता कुकरेती की तरीफ की
आमिर अली ने अंकिता कुकरेती के बारे में कहा 'वह कुछ समय के लिए रहस्यमयी लड़की थी। यह मेरे लिए मजेदार था। और सबसे अच्छी बात यह थी कि जिस तरह से उन्होंने साथ में हमारी फोटो ली वह वायरल हो गई। लोगों का काम है, वह हमेशा अटकलें लगाएंगे।'
आमिर को प्यार में पड़ने से कोई नहीं रोक सकता
अंकिता कुकरेती को डेट करने के बारे में अभिनेता ने कहा कि वह न तो इस बात से इंकार कर रहे हैं और न ही वह इस बात को कुबूल कर रहे हैं। उन्होंने कहा 'अभी मैं किसी भी चीज के लिए मना नहीं कर रहा हूं, लेकिन वह मेरे बहुत करीब है। असल में वह मेरे सबसे करीब है। वह खूबसूरत लड़की है और उसने इंडस्ट्री में अपना करियर शुरु किया है। हम एक दूसरे के बहुत करीब हैं।' आमिर ने कहा कि वह दोबारा प्यार की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा 'मैं प्यार ढूढने के खिलाफ नहीं हूं। जिंदगी में कोई मुझे प्यार ढूंढने या प्यार में पड़ने से नहीं रोक सकता है।'

## बॉलीवुड अभिनेत्रियों का ओटीटी पर धमाल क्राइम-थ्रिलर-रोमांस से जीता दिल

**बॉलीवुड की कई मशहूर अभिनेत्रियों ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। क्राइम, थ्रिलर और रोमांस जैसी कहानियों के साथ इन एक्ट्रेस ने डिजिटल दुनिया में भी अपनी खास जगह बनाई है। आइए, इन अभिनेत्रियों और उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में जानते हैं।**



**भूमि पेडनेकर**
सबसे पहले बात करते हैं भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की आगामी वेब सीरीज 'द रॉयल्स', जो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज में नोरा फतेही, साक्षी तंवर, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, डिनो मोरिया जैसे सितारे भी होंगे। प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस के बैनर तले बनी इस सीरीज की कहानी नेहा वीना शर्मा ने लिखी है।

**कृति सेनन**
कृति ने थ्रिलर फिल्म दो पत्ती से ओटीटी पर डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने सौम्या का किरदार निभाया, जिसमें काजोल इंस्पेक्टर विद्या ज्योति के रोल में थीं। देवीपुर गांव की रहस्यमयी कहानी में हत्या की गुत्थी सुलझाने की कहानी ने दर्शकों को बांधे रखा। कृति के अभिनय को खूब सराहना मिली। इस फिल्म से टीवी स्टार शहीर शेख ने भी बॉलीवुड में कदम रखा।






**सुष्मिता सेन**
सुष्मिता की सीरीज आर्या ने क्राइम और ड्रामा का शानदार मिश्रण पेश किया। इसमें उन्होंने आर्या सरीन का किरदार निभाया, जो एक साधारण गृहिणी से शक्तिशाली महिला बन जाती है। यह सीरीज फैंस के बीच सुपरहिट रही।

**वाणी कपूर**
वाणी ने क्राइम थ्रिलर मंडला मर्डर्स से ओटीटी पर डेब्यू किया। इस सस्पेंस भरी सीरीज का निर्देशन गोपी पुथरन ने किया और इसे यशराज फिल्म्स ने बनाया। वाणी ने कहा कि इस किरदार ने उन्हें कुछ नया और चुनौतीपूर्ण करने का मौका दिया।



**परिणीति चोपड़ा**
परिणीति जल्द ही नेटफ्लिक्स की एक थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी। इस सीरीज की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। इसमें परिणीति के साथ सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी और ताहिर राज भसीन भी होंगे। रेंसिल डिसिल्वा के निर्देशन में बनी इस सीरीज में कई ट्विस्ट और टर्न होंगे।

**विद्या बालन**
विद्या की फिल्म शेरनी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने वन अधिकारी विद्या विन्सेंट का किरदार निभाया, जो एक शेरनी को बचाने की कोशिश करती है। उनकी एक्टिंग ने सामाजिक मुद्दों को उजागर किया और दर्शकों से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।



## 23 में एक्ट्रेस, 30 में सुपरस्टार खानदान की बहू, 34 में हुई तलाकशुदा..



**ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि साउथ इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु हैं, जो 28 अप्रैल को 38वां जन्मदिन मना रही हैं। करोड़ों दिलों की धड़कन सामंथा का जन्म 28 अप्रैल 1987 को चेन्नई में हुआ था, उनके पिता जोसेफ प्रभु तेलुगू और मां निनेति प्रभु मलयाली हैं। सामंथा अपने परिवार में सबसे छोटी हैं और उनके दो बड़े भाई हैं जोनाथन और डेविड। अपने करियर के साथ-साथ सामंथा हमेशा ही अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से भी चर्चा में रही हैं। साल 2013 में सामंथा का नाम एक्टर सिद्धार्थ से जुड़ा। दोनों के अफेयर की खूब चर्चा हुई, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा वक्त तक टिक नहीं पाया और 2015 में दोनों का ब्रेकअप हो गया. मालूम हो, अब सिद्धार्थ ने रॉयल फैमिली से आने वाली अदिति रॉय हैदरी संग शादी कर ली है। दोनों की हैप्पी लाइफ सोशल मीडिया पर भी देखने को मिलती है।**

इसके बाद सामंथा की जिंदगी में एक्टर नागा चैतन्य आए. दोनों की मुलाकात फिल्म 'ये माया चेसावे' के सेट पर हुई थी। साल 2016 में नागा ने रोमांटिक अंदाज में सामंथा को प्रपोज किया और 2017 में दोनों ने शादी कर ली। शादी के वक्त सामंथा की उम्र करीब 30 साल की थी। मगर नागा और सामंथा का रिश्ता ज्यादा टिक न सका और साल 2021 में आपसी सहमति से दोनों ने तलाक ले लिया। करीब 34 साल की उम्र में वह जिंदगी में एक बार फिर तन्हा हो गईं. अब खबरें हैं कि नागा ने एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला से शादी कर ली है. इन दिनों सामंथा का नाम डायरेक्टर राज निदिमोरु से भी जुड़ रहा है, दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है। सामंथा ने 2010 में तेलुगु फिल्म 'ये माया चेसावे' से एक्टिंग डेब्यू किया था. डेब्यू के वक्त सामंथा की उम्र करीब 23 साल की थी। आगे चलकर 'ईगा', 'थेरी', 'रंगस्थलम', 'ओ! बेबी', 'यशोदा', 'शाकुंतलम', 'खुशी', 'महानटी', 'सन ऑफ सत्यमूर्ति' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं. फिल्मों के साथ साथ उनका आइटम नंबर भी खूब हिट रहा। 'पुष्पा' के गाने 'ओ अंटावा' में उनका डांस आज भी लोग भूले नहीं हैं।

## 'बजरंगी भाईजान 2' को सलमान खान ने दिखाई हरी झंडी?

मशहूर पटकथा लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने खुलासा किया है कि उन्होंने हाल ही में सलमान खान के साथ 2015 की हिट फिल्म 'बजरंगी भाईजान' के संभावित सीक्वल पर चर्चा की और अभिनेता के साथ एक नई कहानी की स्क्रिप्ट साझा की। विजयेंद्र प्रसाद निर्माता एसएस राजामौली के पिता भी हैं और वह 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी प्रमुख ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पटकथा लिखने के लिए जाने जाते हैं।

**सलमान को पसंद आया कांसेप्ट**

पीटीआई से बात करते हुए विजयेंद्र प्रसाद ने कहा, 'मैं पिछली ईद पर सलमान से मिला था। मैंने उन्हें एक लाइन सुनाई, उन्हें वह पसंद आई, लेकिन देखते हैं क्या होता है, इसलिए प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द ही सीक्वल की घोषणा हो सकती है।' फिल्म के सीक्वल, बजरंगी भाईजान 2 के बारे में अटकलें जारी हैं और हालिया अपडेट से पता चलता है कि फिल्म पर काम शुरू होने की कगार पर है।



## औरतों संग संबंध पर विनोद खन्ना ने दी थी सफाई



विनोद खन्ना अपने दौर के सबसे लोकप्रिय एक्टर्स में शुमार थे। उन्होंने उस दशक में एक से बढ़कर एक हिट और ब्लॉबस्टर फिल्में दी थीं, लेकिन करियर के पीक पर एक्टर ने फिल्मों से ब्रेक लेकर आध्यात्म की राह पर चलने का फैसला कर लिया था। वो करीबन 5 साल तक आध्यात्मिक गुरु ओशो के आश्रम में रहे थे। 1975 से 1982 के बीच में ओशो के शरण में रहने वाले विनोद खन्ना एक समय पर इंडस्ट्री में अपने रिश्तों के लिए जाने जाते थे। एक्टर ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में महिलाओं संग अपने शारीरिक रिश्ते के बारे में खुलकर बात की थी। इन दिनों सोशल मीडिया रेडिट पर एक्टर का एक वीडियो क्लिप काफी वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने रिलेशनशिप के बारे में खुलकर बात करते नजर आ रहे हैं। विनोद खन्ना क्लिप में कहते दिख रहे हैं कि वो कोई संत नहीं हैं और उनकी बॉडी की भी बाकी लोगों की तरह जरूरते हैं। कई महिलाओं संग रिश्ते पर रिएक्ट करते हुए विनोद खन्ना ने सफाई दी थी।

**विनोद खन्ना ने सेक्स पर खुलकर की थी बात**

एक्टर कहते हैं, ‘खैर, उस वक्त मैं बैचलर था और महिलाओं के मामले में मैं कोई संत नहीं हूं। मुझे भी सेक्स की उतनी ही जरूरत है जितनी किसी और को है। बिना महिलाओं के हम यहां नहीं होते, बिना सेक्स के हम यहां नहीं होते, तो फिर मेरे महिलाओं के साथ होने पर किसी को आपत्ति क्यों होनी चाहिए।